अंकुर

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज, नई दिल्ली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्

YEARS 1922-2022

200वीं महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती 1824-2024

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065

खड़ी पंक्ति (बाएं से दाएं):

डॉ. चैनसिंह मीणा (सह–संपादक– हिंदी), **डॉ. प्रमिता मिश्रा** (सह–संपादक– संस्कृत),
डॉ. रेशमा तबस्सुम (सह–संपादक– अंग्रेजी), **डॉ. अनुभूति मिश्रा** (सह–संपादक– अंग्रेजी),
डॉ. संदीप कुमार रंजन (संपादक– हिंदी)

बैठी पंक्ति (बाएं से दाएं):

प्रो. गिरिधर गोपाल शर्मा (संपादक– संस्कृत), **डॉ. गरिमा गौड़ श्रीवास्तव** (पुस्तकालयाध्यक्ष),
प्रो. कृष्णा शर्मा (प्राचार्य), **डॉ. सुषमा चौधरी** (मुख्य संपादक), **रेणु कपूर** (संपादक– अंग्रेजी)

अंकुर

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)
नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065

www.pgdavcollege.edu.in
email:pgdavcollege.edu@gmail.com

वर्ष : 2022-23 | अंक : 71

विषय सूची (Contents)

Editorial Board		6
प्राचार्य की कलम से...	प्रो. (डॉ.) कृष्णा शर्मा	7
महाविद्यालय के नाम संदेश	श्रीयुत् पूनम सूरी	8
संपादकीय	डॉ. सुषमा चौधरी	10

संस्कृत खण्ड

सम्पादकीयम्	डॉ. गिरिधर गोपाल शर्मा डॉ. प्रमिता मिश्रा	14
धर्मस्य प्रथमः स्कन्धः	डॉ. प्रमिता मिश्रा	15
स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में 'राजयोग'	डॉ. वंदना रानी	19
वसन्तपञ्चमी	डॉ. रोहित कुमार	23
पञ्चकोशः होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ पर्सनैलिटी	डॉ. राजेश कुमार	25
पञ्चमहायज्ञाः	शिवानी साहू	29
गुरुमहिमा	वर्षा कुमारी	30
भगवदवतारस्य प्रयोजनम्	गौरव कुमार	32
मम मनसः केचन भावाः	बोधानन्द झा	34
''यज्ञस्यार्थः''	कुमारी स्नेहा	35
कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते	कुमारी पूजा	36
भारतीयदर्शनम्	शुभम सिंह	38
प्राचीन काल में ऋषियों का संस्कृत में अतुलनीय योगदान एवं आधुनिक युग में संस्कृत का महत्व	गोलू कुमार	39

हिंदी खण्ड

गद्य खण्ड

सम्पादकीय	डॉ. चैनसिंह मीणा डॉ. संदीप कुमार रंजन	44
वर्तमान सामाजिक परिदृश्य : संस्कृति के सरोकार	डॉ. इन्दु दत्ता	46
मणिपुर यात्रा : अनुभवों से अनुभूति का सफर	डॉ. प्रकाश	50
भक्त-कवियों की सांस्कृतिक चेतना	गौरव वर्मा	54
स्वातंत्र्योत्तर भारत के विघटित राजनीतिक मूल्यों का दस्तावेज: 'घासीराम कोतवाल'	नरेन्द्र गुर्जर	62

अमृत नारीवाद से आज़ादी	साक्षी शर्मा	68
दासनी	शिव कुमार यादव	73
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम	शबनम बानो	76
युवा यदि यत्न करें, तो क्या नहीं कर सकते हैं...	गुफरान	79
इतिहास, इतिहासकार और धारणाएँ	आयुष कुमार पाल	81
टैक्सी ड्राइवर	मनीष कुमार	89

पद्य खण्ड

मेरे-तुम्हारे बारे में	अमन कमार झा	94
एस्पायरेंट ऑफ अखण्ड भारत	मृदुल सक्सेना	94
मार्ग दर्शन	मृदुल सक्सेना	95
बिंदी	निशा कुमारी	95
फर्ज	निशा	96
नेता जी (सुभाष चंद्र बोस)	ऋतिक रैना	96
पिता जी की डायरी	रहीसुद्दीन अंसारी	97
गुलाम	रहीसुद्दीन अंसारी	97
पिता	रितिका पांडेय	98
ये वो भारत है	रितिका पांडेय	98
वो पुराना समय	रितिका पांडेय	99
कल को खूबसूरत बनाना है	शिवांश द्विवेदी	100
माँ	अंजलि कुमारी	102
एक शर्म का पर्दा	अंजलि कुमारी	102
कदम बढ़ाती बेटियाँ	अंजलि कुमारी	103
काश तुम चेत जाते	आयुष कुमार पाल	104
ये कैसा न्याय है?	सुमन सिंह	105
एम्स की हवा	शबनम बानो	106
मेरे सपनों का भारत	मनीष कुमार	107

English Section

Editorial	Renu Kapoor	110
The World is Heating Up: Are You Feeling the Burn	Shivangi Rawat	111
Life	Isha	111
Vellichor: The Strange Wistfulness of Used Bookstores	Vani Khera	112

Haiku	Khushi	113
You	Anvi Mehrotra	113
Dive	Shivang Joshi	113
Parallel Universe	Anamika Pandey	114
One for My Paw Baby	Priyambada Soibam	115
Memories	Niharika Kumari	115
How life changes!	Anushka Sharma	116
Obedience of Satan	Nipush Tanwar	117
Don't Be a Fossil Fool	Nipush Tanwar	117
That's That, That's It!	Prachi Madaan	118
Forgive Me!	Hardik Sharma	120
The Outside World	Vartika	121
Not Just Gory	Vartika	122
Maimed	Abhishek Riyal	123
Taboo	Ananya Shrivastava	124
Body of Clay	Sanskriti	125
Memories	Ishika Saxena	127
My Experience at the Placement Cell as a President	Gouri Nagpal	128
How to Build a Chair 101	Vani Khera	130
Traverse	Sanskriti	132
From the Eyes of a Tree	Vartika Singh	134
Film Review: Gangubai Kathiawadi	Priyanshi Gautam	136
Parasite: A Critical Analysis	Isha Smriti	137
Can Gossip Be Therapeutic?	A Survey by Students' Editorial Team	139
Zora 'the Joyful'	Dr. Anubhuti Mishra	144
In the Memory of Those Brave Men	Dr. Anish Kumar. K	146
Travel Photo Feature	Nancy Khera	148
Musings on Masks	Renu Kapoor	149
Forget Me (Not)	Dr. Om Prakash Gupta	150

Department and Society Reports

IQAC Report	156
Library Report	157

National Cadet Corps (NCC)	159
Azadi Ka Amrit Mahotsav	163
National Service Scheme (NSS)	164
Diligentia - The Entrepreneurship Cell	168
Hyperion - The Cultural Society	172
Enactus	189
Satark	191
Kaizen - Career Counselling Club	194
Placement Cell	196
Bharat Ratna Dr. B.R. Ambedkar Memorial Lecture Series, 2023	198
संस्कृत विभाग	199
हिंदी विभाग	201
भारतीय संस्कृति सभा	203
Eclectica - Department of English	206
Commercium - Department of Commerce	208
Ecolibrium - Department of Economics	212
Sankhyiki - Department of Statistics	216
Dharohar - Department of History	218
Anant - Department of Mathematics	220
Samvaad - Department of Political Science	222
Geo-Crusaders - Department of Environmental Studies	225
Parikalan - Department of Computer Science	230
Department of Physical Education & Sports Science	232
Alumni Association	236
North-East Cell	238

आवरण पृष्ठ:

प्राकशाईन पामकोव दास

बी.ए. (आनर्स) तृतीय वर्ष

Patron
Prof. (Dr.) Krishna Sharma

Chief Editor
Dr. Sushma Choudhary

Editors
Prof. Giridhar Gopal Sharma (Sanskrit)
Dr. Sandeep Kumar Ranjan (Hindi)
Renu Kapoor (English)

Co - Editors
Dr. Pramita Mishra (Sanskrit)
Dr. Chain Singh Meena (Hindi)
Dr. Reshma Tabassum (English)
Dr. Anubhuti Mishra (English)

Student Editors
Versha Kumari (Sanskrit)
Sneha Kumari (Sanskrit)
Ayush Kumar Pal (Hindi)
Nidhi Shukla (Hindi)
Swastika and Vartika Singh (English)
Vaidehi Nautiyal and Vani Khera (English)

Publisher
Ms. Garima Gaur Srivastava

Printer
Ess Pee Printers

प्राचार्य की कलम से...

मेरे प्रिय विद्यार्थियों, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय की रचनात्मक दुनिया में आपका स्वागत है।

हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मकता को पल्लवित करने वाली 'अंकुर' पत्रिका का नया अंक अब आपके हाथों में है। यह पत्रिका कालांतर से नई प्रतिभाओं को निखारने और आरम्भिक मंच देने का महत्वपूर्ण पड़ाव रही है। हिंदी की रचनात्मक दुनिया से जुड़े कई लेखकों की आरंभिक रचनाएं 'अंकुर' में ही छपी हैं। आज वह रचनाकार देश-विदेश में साहित्य लेखन के लिए जाने जाते हैं। मुझे उम्मीद है कि आपकी रचनात्मक यात्रा में 'अंकुर' एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

21वीं सदी में युवा ही नए भारत की शक्ति हैं। उस शक्ति का केंद्र दिल्ली विश्वविद्यालय है। आप सभी राष्ट्र निर्माण के कर्णधार हैं। आपकी प्रतिभा, ऊर्जा और शक्ति को आकार देने का कार्य यह महाविद्यालय करेगा। उसी कड़ी में यह पत्रिका भी है।

महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनेक अकादमिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता रहता है, जिसके अंतर्गत वर्कशॉप, व्याख्यान, सेमिनार, प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साक्षात्कार आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय विद्यार्थियों को अपने भावों को अभिव्यक्त करने के लिए अनेक मंच प्रदान करता है। वह अपनी रचनात्मक प्रतिभा को उन मंचों के माध्यम से निखार और संवार सकते हैं।

इसलिए समय-समय पर काव्य प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे अनेक कार्यक्रम महाविद्यालय के स्तर पर आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रचनात्मक प्रतिभा का लोहा अपनी अर्जित उपलब्धियों से मनवा सकते हैं।

'अंकुर' पत्रिका भी युवा पीढ़ी के लिए एक ऐसा मंच है, जहाँ वे अपनी रचनात्मक अनुभूति को अभिव्यक्त कर सकते हैं। इस पत्रिका में आप हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत तीनों भाषाओं में अपनी रचनात्मक कौशल का परिचय दे सकते हैं।

आशा है आप सभी को 'अंकुर' पत्रिका के ये शब्द चित्र बेहद पसंद आएंगे और निश्चित तौर पर आपकी रचनात्मकता को उड़ान देने में 'अंकुर' निर्णायक मंच साबित होगी।

कृष्णा शर्मा

प्रो. कृष्णा शर्मा
प्राचार्य

पद्मश्री श्रीयुत् पूनम सूरी का महाविद्यालय के नाम संदेश



''विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव''
(हे परमेश्वर! हम सभी के दुर्गुणों को दूर कर सद्गुण प्रदान करें।)

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय की नई शक्ल और सूरत देखकर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। महाविद्यालय को देखकर हृदय के भाव सहज ही प्रस्फुटित हो रहे हैं-

'होगी ये ईमारत ईंट-पत्थरों की औरों के लिए,
मैंने तो इसके गलीचों से खुदा का नूर टपकते देखा है।'

इसके लिए मैं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा जी को हृदय से बधाई देता हूँ। यह वर्ष स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जन्म का द्विशताब्दी वर्ष है। इस द्विशताब्दी वर्ष के उत्सव को मनाने की जिम्मेदारी भारत सरकार ने हमारे साथ मिलकर अपने हाथों में ली है। हमें पूरा विश्वास है कि 'आर्य समाज' और भारत सरकार के सहयोग से स्वामी दयानंद जी का स्थान पूरे विश्वपटल पर वहाँ तक पहुंचेगा, जहाँ उन्हें अब तक होना चाहिए था।

नैतिक शिक्षा सभी मनुष्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि व्यक्तित्व और राष्ट्र-निर्माण में इसकी अपरिहार्य भूमिका है। आज विज्ञान किसी भी तरह की मशीन बनाने में सक्षम है, परंतु क्या वह ऐसी मशीन बनाने में सक्षम है, जिससे गलत राह पर चलता हुआ मनुष्य बटन दबाते ही सही राह पर चलने लगे? इसका जवाब नहीं है। क्योंकि इस कार्य के लिए 'मनुष्यता' आवश्यक है। इसके लिए विद्या पर धर्म का अंकुश भी आवश्यक है, नहीं तो विद्या, अविद्या भी हो सकती है। परंतु यह ध्यान रहे यहाँ धर्म का अर्थ कर्त्तव्य है। जैसे सूर्य का धर्म है, सुबह उगना और शाम को अस्त होना। अतः यह भी आवश्यक है कि डी.ए.वी. का हर शिक्षक एक धर्म शिक्षक हो। डी.ए.वी. की स्थापना ही स्वामी दयानंद जी के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हुई है। वर्तमान में डी.ए.वी. में 34 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत और एक लाख कर्मचारी कार्यरत हैं।

आज भारत में दो चीजों की बहुत कमी है, पहला देशभक्ति और दूसरा प्रभुभक्ति। ये दोनों ही मनुष्य के पतन के मुख्य कारक हैं। अथर्ववेद में देशभक्ति का पहला गुण 'सत्य' है। मुण्डक उपनिषद् में प्रभुभक्ति का पहला गुण भी 'सत्य' ही है। यहां 'सत्य' का तात्पर्य सिर्फ 'सच बोलना' नहीं है। 'सत्य' है- सत्य आहार, सत्य विचार, सत्य आचार, सत्य व्यवहार और सत्य आधार। सत्य आधार का अर्थ है, वह खाओ जो आपके लिए

हितैषी और मर्यादा में हो। सत्य विचार से तात्पर्य है, विचार को हमेशा सत्य रखें और नकारात्मक विचार को तुरंत दूर करें। सत्य आचार का व्यापक अर्थ है, जैसा व्यवहार आप दूसरे के साथ करेंगे, वैसा ही व्यवहार समाज से आपको भी मिलेगा। सत्य व्यवहार का तात्पर्य है- सत्यम्, शिवम्, सुंदरम्। अर्थात् सत्य व्यवहार का अर्थ सिर्फ सच बोलना नहीं है। यदि आपके झूठ से किसी का कल्याण हो रहा है, तो वह भी सत्य व्यवहार है। सत्य आधार अर्थ है, जो कभी न खत्म हो। जो कभी साथ न छोड़े। जैसे जल का आधार समुद्र है। हमारे डी.ए.वी. के शिक्षकों का कार्य इसी आधार की तरह होना चहिए। धन्यवाद!

-श्रीयुत् पूनम सूरी
(डी.ए.वी. प्रबंध समिति के अध्यक्ष)

संपादकीय

डॉ. सुषमा चौधरी
हिंदी विभाग

'अंकुर' पत्रिका हमारे महाविद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों से कहीं प्रत्यक्ष और कहीं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। कॉलेज में व्याप्त सांस्कृतिक, साहित्यिक, शारीरिक शिक्षा, पर्यावरण से संबंधित, एनसीसी या एनएसएस से किसी न किसी रूप में जुड़ी हुई है या यों कहिए महाविद्यालय के स्तर पर हमारा और हमारे छात्रों का वर्ष भर के मूल्यांकन का प्रतिबिंब **'अंकुर'** पत्रिका में समाहित होता है। सब कुछ तो इसमें दिखाया नहीं जा सकता इसलिए कुछेक झांकी मात्र प्रस्तुत किया जाता है।

सामाजिक, राजनीतिक और अकादमिक पटल पर भी विश्वविद्यालय की गतिविधियों से हम अछूते नहीं रह पाते, वहाँ भी हम अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह का भव्य समापन कार्यक्रम हो, जहाँ पहली बार माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपना वक्तव्य दिया हो। ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर भी हमारे छात्रों और हमारे सहकर्मियों ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। G-20 से संबंधित कार्यक्रम का सबसे पहले आयोजन भी हमारे महाविद्यालय में किया गया, जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा अनेक समाचार पत्रों में की गई। इसके अतिरिक्त आर्यसमाज के संस्थापक युग प्रवर्तक स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती समारोह का आयोजन भी किया गया। असंख्य कष्ट और संघर्ष के उपरांत हमें आजादी प्राप्त हुई। इस आजादी के महत्व को समझाने लिये आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़े विभिन्न व्याख्यान मालाओं का आयोजन किया गया। जब देश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा रहा हो तो उनसे सम्बन्धित सेमिनार, व्याख्यान और भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना निश्चित है। ये तो कुछ ही आकर्षण के बिन्दु हैं, जिन पर बरबस ही हमारा ध्यान केन्द्रित हो गया। इसके अतिरिक्त अनेक भव्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

शिक्षित होने का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम में निर्धारित पुस्तकों तक सीमित होकर रह जाना नहीं है, बल्कि महाविद्यालय में व्याप्त अन्य गतिविधियों से भी छात्रों के व्यक्तित्व का और अधिक विकास होता है। वे अन्य मुद्दों पर भी अपने विचारों को स्पष्टता से रखने में सक्षम होने लगते हैं, उनके आसपास ऐसा वातावरण बनाने का उद्देश्य यही रहता है कि वे नवीनतम विषयों से स्वयं को जुड़ा हुआ अनुभव कर सकें।

'अंकुर' पत्रिका के इस अंक के सम्पादन का कार्य इस वर्ष मुझे सौंपा गया, जिसका मुझे अत्यंत गर्व है क्योंकि हमारा महाविद्यालय परंपरा की नींव पर खड़ा होकर भी आधुनिकता की इमारत बनाए हुए है। यहाँ हम छात्रों का स्वागत आर्य समाज की परम्परा अनुसार हवन करके, उनके मस्तक पर चन्दन तिलक लगाकर करते हैं, वहीं दूसरी ओर सबसे अधिक छात्रों को रोजगार उपलब्ध करवाकर समय के साथ कदम-ताल करने में भी सक्षम हैं। पी.जी.डी.ए.वी. एक ऐसी संस्था है, जहाँ बिना किसी भेद-भाव के छात्रों का मार्गदर्शन किया

जाता है ताकि वे मात्र शिक्षित न हो बल्कि देश के एक कर्तव्यनिष्ठ और सभ्य नागरिक बनकर उभरें, जिन पर हमें सदैव गर्व हो सके।

अपने छात्रों को 'शब्द' की शक्ति से परिचित करवाना ही हमारा उद्देश्य है। वे जान सकें कि शब्द ब्रह्म है, शब्द की शक्ति अपरिमित है। इनका प्रभाव चिरस्थायी है, इसलिए इन का प्रयोग बेहद सतर्कता और सहजता से करना चाहिए ताकि वे सदैव व्याप्त हो सकें, क्योंकि इनका प्रभाव अमिट है। जैसे साहित्य में अनेक लेखक कबीर, सूरदास, तुलसी, मीराबाई आज भी अपना महत्व रखते हैं। केवल अपने शब्दों के माध्यम से।

आज मीडिया के इतने साधन उपलब्ध हैं, जहाँ छात्र आसानी से पहुँच जाते हैं, जो बहुत आसान है, पर हमें देखना यह है कि वे बहाव में मात्र बह रहे हैं या युग का निर्माण करने में सहायक हो रहे हैं। क्योंकि आज एक ट्वीट मात्र से क्रान्ति को लाया जा सकता है। सोच की दिशा और दशा को बदला जा सकता है इसीलिए आधुनिक युग में शब्दों की महत्ता सबसे अधिक है, ऐसा नहीं है कि शब्द अब प्रभावी हुए है, पहले भी शब्द ही थे जो मंत्र बनकर अमर हो गए और साहित्य में तो अनेक रचनाकार हैं जो समय की सीमा से परे अपनी प्रतिष्ठा रखते हैं। इसीलिए छात्रों के आस-पास जब इतनी सारी गतिविधियाँ चल रही होती हैं, तो उनके मनः स्थल पर अनेक प्रश्न उभरते हैं, उन प्रश्नों का निराकरण वे अपने शब्दों में ढूंढने का प्रयास करते हैं। **'अंकुर'** पत्रिका उन्हें वह मंच प्रदान करती है, जहाँ वे अपने हृदय के भावों को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त कर सकते हैं। क्योंकि आज का युग सोशल मीडिया का है, जहाँ छात्रों का ध्यान मात्र देखने और सुनने पर केंद्रित न हो जाये बल्कि उन्हें ऐसे समय में रचना धर्मिता के महत्व को समझाने का कार्य यह पत्रिका कर रही है। अपने लेख के प्रभाव और विस्तार को देखकर वे सृजन के महत्व को समझने लगते हैं।

इस वर्ष भी गत वर्ष की तरह कई सहयोगियों ने, जो कि अध्येता भी हैं, उन्होंने भी अपने शोध-परक लेख को **'अंकुर'** पत्रिका के लिए भेजकर इसकी गरिमा को बढ़ाया है। उन सभी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

इसके साथ ही पत्रिका के विभिन्न खंडों के संपादन करने में मेरे कई सहयोगियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सबसे पहले संस्कृत खण्ड के सम्पादन में प्रो. गिरिधर गोपाल शर्मा और डॉ. प्रमिता मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके लिए उनका साधुवाद। अंग्रेजी खंड के लिए डॉ. रेणु कपूर जी, डॉ. अनुभूति और डॉ. रेशमा का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करती हूँ। हिंदी खंड के लिए डॉ. संदीप कुमार रंजन और डॉ चैनसिंह मीणा के सहयोग के लिए अत्यंत आभारी हूँ। लेख संकलन के लिए सुश्री गरिमा गौड़ श्रीवास्तव जी का हृदय तल से आभार व्यक्त करती हूँ। छात्र-संपादकों ने भी अपनी भूमिका को बेहद निष्ठा और ईमानदारी से निभाया है। सभी का यह प्रयास सराहनीय रहा है।

इन सब के अतिरिक्त मुख्यतः प्राचार्य प्रो. कृष्णा शर्मा जी के दिशा-निर्देश के कारण ही यह कार्य अत्यंत सरलता से पूर्ण हो सका। उनका भी अनंत धन्यवाद। आप सभी सुधीजन की शुभकामनाओं का प्रतिफल है यह **'अंकुर'** पत्रिका।

आशा है इस वर्ष की **'अंकुर'** पत्रिका का यह अंक आप सभी के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। तभी तो सबका प्रयास सार्थक होगा।

अज्ञस्य दु:खौघमयं ज्ञस्यानन्दमयं जगत् ।
अन्धं भुवनमन्धस्यप्रकाशंतु सुचक्षुषाम्॥

(वराहोपनिषद् २२)

जैसे अन्धे के लिये जगत् अन्धकारमय है और अच्छी आँखों वाले के लिये प्रकाशमय है, वैसे ही अज्ञानी (जगत् को भगवान् से रहित विषयमय देखने वाले) के लिये जगत् दु:खों का समूहमय है और ज्ञानी (समस्त जगत् में भगवान् से पूर्ण देखने वाले)- के लिये आनन्दमय है।

निद्राया लोकवार्त्तायाः शब्दादेरात्मविस्मृतेः।
क्वचिन्नावसरं दत्त्वा चिन्तयात्मानमात्मनि॥

(अध्यात्मोपनिषद् ५)

नींद, लोकचर्चा, इन्द्रियों के शब्दादि विषय और आत्मविस्मृति (परमात्मा का स्मरण न करना) - इन (चारों) को कहीं तनिक-सा भी अवसर न देकर मनसे निरन्तर आत्मा (परमात्मा) - का चिन्तन करो।

यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा।
अन्तर्बहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः॥

(नारायणोपनिषद्)

जो कुछ जगत् देखने या सुनने में आता है, उस सबको भीतर और बाहर से व्याप्त करके नारायण स्थित हैं।

संस्कृत खण्ड:

सम्पादकीयम्

डॉ. गिरिधर गोपाल शर्मा
संस्कृत-विभाग

डॉ. प्रमिता मिश्रा
संस्कृत-विभाग

नूतनशिक्षानीतेः प्रथमसत्रं समाप्तौ अस्ति। अपि च, CUET मार्गेण प्रवेशस्य प्रथमं वर्षम् आसीत्। अस्मिन् सत्रे एतेषां परिवर्तनानां सकारात्मकं प्रभावं द्रष्टुं प्राप्तवन्तः।

भारतीयभाषाणां भारतीयज्ञानपरम्परायाः च पुनरुत्थानाय नूतनशिक्षानीत्या निर्मितनीतिषु संस्कृतभाषायां तस्याः अध्ययने च सर्वाधिकः प्रभावः अभवत्। अस्माकं प्राचीनं महत्त्वपूर्णं च ज्ञानं अधुना पुस्तकेभ्यः बहिः आगत्य सामान्यजनपर्यन्तं प्रविशति। अस्मिन् विषये छात्रेषु रुचिः अपि वर्धिता अस्ति यतोहि ते एतत् ज्ञानं स्वमातृभाषायाः माध्यमेन प्रथमपर्यन्तं प्राप्नुवन्ति अनन्तं च तेषां रुचिः स्वयमेव तस्मिन् जागरति।

बहवः छात्राः ये पूर्वं केवलं शिक्षणमाध्यमस्य भाषायाः कारणात् पूर्वमेव त्यजन्ति स्म अथवा केवलं उच्चशिक्षामाध्यमस्य भाषा तेषां कृते अवगन्तुं कठिना इति कारणेन उच्चशिक्षणात् भीताः आसन्। भारतीयभाषायाः अपेक्षया विदेशीयभाषाभ्यः अधिकं महत्त्वं दत्त्वा वयं स्वस्य समृद्धज्ञानात् दूरं गच्छन्तः आसन्। आङ्ग्लभाषां प्रत्येकस्य शिक्षाव्यवस्थायाः महत्त्वपूर्णं भागं कृत्वा अनेकेषां छात्राणां अभिभावकानां च उच्चशिक्षाव्यवस्थायाः भागः भवितुं कठिनं जातम्।

एतानि सर्वाणि विषयाणि नूतनशिक्षानीतौ मनसि कृत्वा तानि सर्वाणि महत्त्वपूर्णानि परिवर्तनानि कृताः ये अस्माकं राष्ट्रस्य गौरवपूर्णं इतिहासं कार्यरूपेण स्थापयितुं समये समये आवश्यकाः आसन्। यूजीसी इत्यस्य अध्यक्षः श्रीमान् एम. जगदीशकुमारः अपि घोषितवान् यत् अधुना छात्राः भारतीयज्ञानपरम्परायाः विविधपरिमाणानां ज्ञानेन वेदपुराणादिविशेषज्ञानद्वारा च अतिरिक्त 'क्रेडिट्' इति अर्जयितुं शक्नुवन्ति।

अस्याः नीतेः अन्तर्गतं अष्टादश प्रमुखाः विद्याः अथवा सैद्धान्तिकविषयाः तथा चतुःषष्टिः कलाः, अनुप्रयुक्तविज्ञानानि अथवा व्यावसायिकविषयाः शिल्पाः च सूचीबद्धाः सन्ति। तेषु चत्वारः सहायकवेदाः, आयुर्वेदः, धनुर्वेदः, गन्धर्ववेदः तथा शिल्पपुराणः, न्यायः, मीमांसा, धर्मशास्त्रम्, वेदाङ्गः, षड् सहायकविज्ञानानि ध्वनिविज्ञानम्, व्याकरणम्, छन्दशास्त्रम्, खगोलशास्त्रम्, संस्कारः, दर्शनं च अन्तर्भवन्ति।

एते प्राचीनभारते अष्टादशविज्ञानानाम् आधारः भवन्ति। भारतीयज्ञानपरम्परायाः विकल्पः अधुना विद्यालयस्तरस्य शिक्षायां अपि उपलभ्यते। एतादृशेन परियोजनायाः माध्यमेन अस्माकं वर्तमानसर्वकारः छात्रान् अधिकाधिकं भारतीयज्ञानपरम्परां प्रति प्रेरयति तथा च अस्माकं राष्ट्रं पुनः विश्वगुरुत्वं प्रति गच्छति।

धर्मस्य प्रथमः स्कन्धः

डॉ. प्रमिता मिश्रा
संस्कृत-विभाग

यो धर्मस्कन्धा यज्ञोऽध्ययनं दानमिति प्रथमस्तप एव द्वितीयो ब्रह्मचर्याचार्यकुलवासी तृतीयः। अत्यन्तमात्मान-माचार्यकुलेऽवसादयन्। सर्व एते पुण्यलोका भवन्ति, ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति। (छान्दोग्य० २।२३। १)

धर्म के तीन भाग हैं। यज्ञ, स्वाध्याय और दान मिलकर प्रथम स्कन्ध या भाग होता है। तपस्या ही दूसरा भाग है। आचार्यकुल में रहता हुआ अपने को जो तपस्वी बनाता है, यह तीसरा भाग है। वे सभी पुण्यलोक वाले होते हैं; परंतु इनमें से ब्रह्मनिष्ठ मुक्ति को पाता है।

यज्ञ

यज्ञ के सम्बन्ध में मुण्डकोपनिषद् में उपदेश है-

यदा लेलायते ह्यर्चिः समिद्धे हव्यवाहने।
तदाज्यभागावन्तरेणाहुतीः प्रतिपादयेत्।।

'जब अग्नि भलीभाँति जलायी जा चुके और उसमें लौ उठने लगे तब उसमें घी, सामग्री आदि की आहुतियाँ श्रद्धापूर्वक देनी चाहिये।'' क्योंकि हवन को जलानेवाली अग्नि 'हव्यवाहन' है अर्थात् हवि को सूक्ष्म करके वायुमण्डल में फैला देती है। इससे वायु शुद्ध होकर रोग के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं और स्वास्थ्य को लाभ पहुँचता है। यज्ञ के रसायनशास्त्र (Chemistry) के अनुसारlidehydes नामक वायु (Gas) पैदा होती है, जो रोगों को दूर करने वाली तथा स्वास्थ्यवर्द्धक होती है।

आश्वलायन गृह्यसूत्र में यज्ञ के ये लाभ बतलाये हैं-

ॐ अयंत इध्म आत्मा जातवेदस्तेन इध्यस्व वर्धस्व च इद्धय वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन अन्नाद्येन समेधय स्वाहा। (१। १०। १२)

'हे अग्नि ! तू प्रज्वलित होकर हमको प्रज्वलित कर। तू बढ़ और हमको भी बढ़ा, प्रजया अर्थात् संतान से, पशुओं से, आत्मज्ञान से तथा अन्न से। यज्ञ से इन चारों पदार्थों की प्राप्ति हो जाती है।'

यज्ञ से हव्य पदार्थ सूक्ष्म होकर रोगों को नाश करते हुए, पुष्टिदायक पदार्थों से शरीर को पुष्ट करते हैं। पहले हलवाई कभी भी दुबले नहीं देखे जाते थे। क्योंकि वे कढ़ाई के पास बैठकर असली घी की वाष्प को बराबर

ग्रहण करते रहने से पुष्ट हो जाते थे। यह है घी के वाष्प का प्रभाव। जब यह वाष्प अन्य ओषधियों तथा सौम्य पदार्थों के वाष्प से युक्त होकर शरीर में प्रवेश करेगी तो उसके लाभ से शरीर तथा मस्तिष्क पुष्ट होगा और मन शान्त होगा। इसके शान्त होने पर उपर्युक्त लाभ अर्थात् सन्तान, पशु आदि ऐश्वर्यशाली पदार्थों की प्राप्ति होती ही है।

मुण्डकोपनिषद् में कहते हैं-

यस्याग्निहोत्रमदर्शमपौर्णमासमचातुर्मास्यमनाग्रयणमतिथिवर्जितं च।
अहुतमवैश्वदेवमविधिना हुतमासप्तमांस्तस्य लोकान् हिनस्ति॥
काली कराली च मनोजवा च सुलोहिता या च सुधूम्रवर्णा।
स्फुलिङ्गिनी विश्वरुची च देवी लेलायमाना इति सप्त जिह्वाः॥
एतेषु यश्चरते भ्राजमानेषु यथाकालं चाहुतयो ह्याददायन्।
तं नयन्त्येताः सूर्यस्य रश्मयो यत्र देवानां पतिरेकोऽधिवासः॥
एह्येहीति तमाहुतयः सुवर्चसः सूर्यस्य रश्मिभिर्यजमानं वहन्ति।
प्रियां वाचमभिवदन्त्योऽर्चयन्त्यएष वः पुण्यः सुकृतो ब्रह्मलोकः॥ (१।२।३-६)

'यज्ञ कई प्रकार के हैं। अग्निहोत्र जिसका नित्य सायं और प्रातः करने का विधान है। दूसरी दर्श- इष्टि, जो अमावस्या को की जाती है और पौर्णमास- इष्टि, जो पूर्णिमा को की जाती है। तीसरी चातुर्मास्य इष्टि, जो वर्षा ऋतु में की जाती है। चौथी आग्रयण-इष्टि, पाँचवाँ अतिथि-यज्ञ, छठा वैश्वदेव यज्ञ है। जो गृहस्थ इन यज्ञों को नहीं करता, उसके सात लोक नष्ट हो जाते हैं। काली, कराली, मनोजवा, सुलोहिता, सुधूम्रवर्णा, स्फुलिङ्गिनी, विश्वरुची-ये अग्नि की सात जिह्वाएँ हैं। जो लोग इस प्रकार प्रदीप्त अग्नि में आहुतियाँ देते हैं, उनकी आहुतियों को सूर्य की किरणें उस स्थान पर पहुँचा देती हैं, जहाँ देवों के पति अर्थात् ब्रह्म का निवास है। ये आहुतियाँ सूर्य की किरणों के साथ चलती हुई मानो यजमान को बड़ी मीठी बोली में पुण्यलोक की ओर बुलाती हैं। तात्पर्य यह है कि नित्य श्रद्धा के साथ यज्ञ करने से जीवन पवित्र होता है और परलोक बनता है।'

अध्ययन

तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा का विषय मुख्यतया प्रतिपादित किया है। उसमें स्वाध्याय के विषय में लिखा है-

ऋतं च स्वाध्यायप्रवचने च। तपश्च स्वाध्यायप्रवचने च। दमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। शमश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्नयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। अग्निहोत्रं च स्वाध्यायप्रवचने च। अतिथयश्च स्वाध्यायप्रवचने च। मानुषं च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजा च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजनश्च स्वाध्यायप्रवचने च। प्रजातिश्च स्वाध्यायप्रवचने च। सत्यमिति सत्यवचा राथीतरः। तप इति तपोनित्यः शिष्टिः। स्वाध्यायप्रवचने एवेति नाको मौद्गल्यः। तद्धि तपस्तद्धि तपः॥ (१/९/१)

'ऋत अर्थात् सृष्टि के नियमों को यानी विज्ञान (Science) को पढ़ो-पढ़ाओ। स्वाध्याय कहते हैं स्वयं पढ़ने को

एवं प्रवचन कहते हैं दूसरों के पढ़ाने को। तप के साथ पढ़ो पढ़ाओ। तप कहते हैं सात्त्विक श्रम को। इन्द्रियों को वश में रखते हुए पढ़ो पढ़ाओ। शान्तिपूर्वक पढ़ो - पढ़ाओ। अग्नि (शक्ति 'Power' अर्थात् भौतिक विज्ञान एवं इंजिनियरिंग) - को पढ़ो - पढ़ाओ। अग्निहोत्र को करते हुए पढ़ो - पढ़ाओ। अतिथि की सेवा करते हुए पढ़ो - पढ़ाओ। मनुष्यमात्र के कल्याण पर विचार करते हुए पढ़ो - पढ़ाओ। प्रजा अर्थात् सर्वसाधारण के हित का ध्यान करते हुए पढ़ो - पढ़ाओ। प्रजन अर्थात् सन्तानवृद्धि की समस्याओं पर विचार करते हुए पढ़ो पढ़ाओ। इसके अन्तर्गत केवल मनुष्य ही नहीं अपितु पशु-पक्षी तथा वृक्षादि की उत्पत्ति और वृद्धि के नियम भी आ जाते हैं। अपनी जाति के हित की कामना से पढ़े। राथीतर आचार्य का मत है कि सत्यभाषण सबसे बड़ी चीज है। सत्यभाषण कभी न छोड़ना चाहिये। पौरुशिष्टि आचार्य का कथन है कि तप मुख्य है, तप पर बल देना चाहिये। मुद्गल आचार्य के शिष्य नाक स्वाध्याय और प्रवचन पर बहुत बल देते हैं।'

स्वाध्याय से मस्तिष्क वृद्धि के साथ-साथ आत्मिक उन्नति भी होती है। जैसा मन सोचता है, वैसा बोलता है। जैसा बोलता है, वैसा करता है। दूसरे, पुराना अनुभव बराबर प्राप्त होता रहता है और हमें क्षेत्र मिलता है कि उन अनुभवों में हम वृद्धि कर सकें। जहाँ पठन-पाठन की क्रिया नहीं है, वहाँ पैतृक अनुभव न प्राप्त होने से क्रमशः ज्ञानवृद्धि रुक जाती है। यही ऋषि ऋण है, जो तीन ऋणों में से एक है; जिसके पालनार्थ हम यज्ञोपवीत धारण करते हैं। गृहस्थियों को प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा स्वाध्याय करते रहना चाहिये। कभी छोड़ना नहीं चाहिये।

दान

धर्म की तीसरी शाखा दान है। उपनिषदों में आया है - **श्रद्धया देयम्। अश्रद्धया देयम्। श्रिया देयम्। हिया देयम्। भिया देयम्। संविदा देयम्।**

'श्रद्धा से देना चाहिये, अश्रद्धा से देना चाहिये। सौन्दर्य से देना चाहिये। लोक-लज्जा से देना चाहिये। भय अर्थात् पाप-पुण्य के विचार से देना चाहिये। संविदा अर्थात् ज्ञानपूर्वक दो।' अर्थात् जैसा ऊपर कहा जा चुका है कि मनुष्यमात्र के कल्याण को समझकर देना चाहिये। दान पापों की वृद्धि करनेवाला न हो।

धर्म का दूसरा स्कन्ध तप है अर्थात् इन्द्रियदमन के साथ-साथ आत्मोन्नति के लिये घोर परिश्रम करना तप है। तीसरा स्कन्ध है कि नियम के साथ आचार्यकुल में नियमित समय के लिये निवास करना। गृहस्थ अपनी सन्तान तथा अन्य बालकों को शिक्षा-दान कराकर इस नियम का पालन कर सकते हैं।

आध्यात्मिक मार्ग में अग्रसर होने के लिये आहार-शुद्धि से चलना चाहिये और अपने अंदर दया, दान एवं इन्द्रियदमन की भावना को बढ़ाना चाहिये। निरन्तर यज्ञ करते हुए अध्ययन को भी बराबर करते रहना चाहिये। आहारशुद्धि, यज्ञ और दान कर्म हैं, जिनको प्रयत्न से कर सकते हैं। दया स्वयं आहारशुद्धि से पैदा होने लगती है। आहार का प्रभाव इन्द्रियदमन पर पड़ता है। दूसरे, अध्ययन मनोविचारों को भी शुद्ध करता है। स्वामी दयानन्द से जब बंगाल प्रसिद्ध नेता अश्विनीकुमार ने ब्रह्मचर्य के साधनों पर प्रश्न करते हुए पूछा कि 'महाराज! आपने यह ऊँची स्थिति किस साधना और किस उपाय से प्राप्त की है।' तो उन्होंने बड़ा ही सुन्दर उत्तर दिया कि

'इसका उपाय बड़ा सरल है। मैं कभी अपने मन को खाली नहीं रहने देता। मैं हर समय किसी-न-किसी काम में लगा रहता हूँ। कभी वेद-भाष्य, कभी वेदाङ्गप्रकाश लिखना, कभी दर्शकों के प्रश्नों का समाधान, कभी शास्त्रार्थ और कभी पत्रोत्तर लिखवाता हूँ। जब कोई और काम नहीं होता तो ओंकार का (भगवन्नाम का) जाप कर रहा होता हूँ। काम आता होगा तो मेरे मनकी ड्योढ़ी को बंद पाकर लौट जाता होगा।' अतः मन को खाली न रखना सबसे उत्तम ब्रह्मचर्य का साधन है।

इन साधनों को अपनाने से मनुष्य का कल्याण होता है और राष्ट्र का भी कल्याण होता है। एक विद्वान् धर्मात्मा योगी राष्ट्र की गतिविधि को बदल देता है। ऐसे पुरुष देवता हो जाते हैं। जिनमें दिव्य गुण हो, वे देवता हैं। धन्य है वह राष्ट्र जहाँ ऐसा देव-समाज प्रमुख हो। जहाँ असुर अर्थात् स्वार्थी, क्रूरकर्मा तथा दुराचारी व्यक्तियों का प्राधान्य है, वहीं कष्ट है, दुःख है और निश्चित पराभव है। हमारे राष्ट्र के नेता, हमारे राज्य के सूत्रधार इसी उपनिषद्-धर्म को पालन करते हुए राष्ट्र को परमोन्नत दशा में पहुँचा सकते हैं। **'ब्रह्मचर्येण तपसा राजा राष्ट्रं विरक्षति।'** वेद कहता है कि 'ब्रह्मचर्य और तप से राजा राष्ट्र की रक्षा करता है।' धर्म के इन नियमों पर चलना ही ब्रह्मचर्य है, तप है। ये ही नियम महाराज जनक की तरह व्यक्ति को विदेह बना सकते हैं।

अन्यच्छ्रेयोऽन्यदुतैव प्रेयस्ते उभे नानार्थे पुरुषः सिनीतः।
तयोः श्रेय आददानस्य साधुर्भवति हीयतेऽर्थाद्य उ प्रेयो वृणीते॥

कठोपनिषद् (१।२।१)

प्रेय और श्रेय दो पृथक्-पृथक् मार्ग हैं, ये दोनों विभिन्न फल देनेवाले साधन मनुष्य को बन्धनमें डालते हैं। प्रेय लोकोन्नति का मार्ग है और श्रेय परलोकोन्नतिका मार्ग है। इनमें से श्रेयके ग्रहण करने वाले का कल्याण होता है; प्रेय को ग्रहण करनेवाला पतित हो जाता है।

स्वामी विवेकानन्द की दृष्टि में 'राजयोग'

डॉ. वंदना रानी
संस्कृत-विभाग

सहस्र वर्षों से मनुष्य के अनेकों प्रयासों द्वारा ऐसी अलौकिक घटनाओं का पर्यवेक्षण किया गया है, उनके सम्बन्ध में विशेषरूप से चिन्तन करते हुए उनमें से कतिपय साधारण तत्त्व भी निकाले गये हैं, यहाँ तक कि मनुष्य की धर्मप्रवृत्ति की आधारभूमि पर भी विशेषरूपेण अत्यन्त सूक्ष्मतया विचार किया गया है। इस प्रकार समस्त चिन्तन और विचारों का परिणाम ही राजयोग-विद्या है।

जिस प्रकार मनुष्य की वासनाएँ और अभाव उसके अन्तर्मन में हैं, उसी प्रकार उसके मन के भीतर ही उन अभावों एवं उनके निवारण की शक्ति भी निहित है। मनुष्य की भावना उसके कार्य की शक्ति को कुछ परिणाम में प्रकट (उद्दीप्त) करती है, किन्तु उससे आध्यात्मिक अवनति भी आती है, जिससे मनुष्य की स्वयं की स्वाधीनता चली जाती है और भय व अन्धविश्वास अन्तर्मन में अधिकार स्थापित कर लेते हैं- मनुष्य स्वभाव से ही दुर्बल प्रकृति है। प्रकृति की दो अभिव्यक्तियां हैं- स्थूल (कार्य) व सूक्ष्म (कारण)। जहाँ स्थूल (अभिव्यक्तियाँ) सहज ही इन्द्रियों द्वारा उपलब्ध की जा सकती हैं, परन्तु सूक्ष्म (अभिव्यक्तियाँ) नहीं। राजयोग के अभ्यास से सूक्ष्मतर अनुभूति अर्जित होती रहती है।

मनुष्य का समस्त ज्ञान स्वानुभूति पर आधारित है, जिसे हम 'आनुमानिक ज्ञान' कहते हैं। इसी के द्वारा मनुष्य सामान्य (ज्ञान) से विशेष (ज्ञान) तक पहुँचने में सक्षम हो पाता है। यह विशेष ज्ञान ही निश्चित प्रामाणिक विज्ञान है, जिसका आधार स्वानुभूति है। इसकी सत्यता मनुष्य सहज ही समझ लेता है। उदाहरणार्थ- धर्म, दर्शनशास्त्र आदि। इनके प्रत्येक के मूल में जाकर प्रत्यक्ष स्वानुभूति स्थापित होती है। जो स्वयं के प्रत्यक्ष स्वानुभव पर आधारित है। ये अनुभव जिस विद्या के द्वारा प्राप्त होते हैं, उसका नाम है- योग। इन धर्मादि विषयों की सत्यता का जब तक अनुभव (स्वयं) नही किया जाए, तब तक इन विषयों पर बात करना पूर्णतः व्यर्थ है।

यदि ईश्वर आदि है, तो उनका साक्षात्कार करना ही होगा, उसकी अनुभूति करनी होगी, परानुभव के आधार पर विश्वास करने से बेहतर यही एकमात्र विकल्प है। जब मनुष्य स्वानुभूति द्वारा सत्य को धारण कर लेता है, तब वह सत्य का साक्षात्कार कर अन्तर्मन में उस शक्ति का अनुभव भी कर लेता है। तदोपरान्त उसके समस्त सन्देह, भ्रान्तियाँ आदि दूर हो जाते हैं, अनुभूति होती है कि वह अज्ञानरूपी अन्धकार से आलोक में जाने का मार्ग को प्राप्त कर चुका है, जो गहन अन्धकार से परे है, उसको भली प्रकार जानने पर ही वहाँ जाया जा सकता है, मुक्ति का अन्य कोई दूसरा विकल्प या उपाय नहीं है।

यह राजयोग-विद्या इस सत्य को प्राप्त करने के लिए मनुष्य के समक्ष यथार्थ, व्यावहारिक और साधनोपयोगी वैज्ञानिक प्रणाली रखने का प्रस्ताव करती है। प्रत्येक विद्या के अनुसन्धान एवं साधन की प्रणाली भिन्न-भिन्न है, यथा- खगोलशास्त्र, दर्शनशास्त्र, रसायनशास्त्र, आदि। इनके विषय में एक निर्दिष्ट प्रणाली का अनुसरण करना होगा। अतः धार्मिक या आध्यात्मिक होने के लिए साधना अपेक्षित है, क्योंकि कोई भी ज्ञान प्राप्त करने के लिए हम उसका साधारणीकरण करते हैं और यह साधारणीकरण घटनाओं का पर्यवेक्षण (observation) जब तक मनुष्य यह प्रत्यक्ष नहीं कर लेता कि उसके मन के भीतर क्या हो रहा है और क्या नहीं? तब तक वह अपने मन के सम्बन्ध में उसके मन आभ्यन्तरिक प्रकृति के सम्बन्ध में, उसके विचार के सम्बन्ध में कुछ भी नहीं जान सकता। बाह्य-जगत् के व्यापारों का पर्यवेक्षण करना सहज है, क्योंकि उसके लिए हजारों यन्त्र निर्मित हो चुके हैं, परन्तु अन्तर्जगत् के व्यापार को समझने के लिए सहयोगी अन्य किसी यन्त्र का निर्माण नहीं हुआ है। फिर भी यह निश्चयपूर्वक हम जानते हैं कि किसी विषय का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने के लिए पर्यवेक्षण (observation) अति आवश्यक है। राजयोग-विद्या मनुष्य को उसकी आभ्यन्तरिक अवस्थाओं के पर्यवेक्षण का उपाय बताती है कि मन ही वह पर्यवेक्षण यन्त्र है।

मनोयोग की शक्ति का सही-सही नियमन कर जब उसे अन्तर्जगत् की ओर परिचालित किया जाता है, तभी वह मन का विश्लेषण कर सकती है और तब उसके प्रकाश से हम यह भली प्रकार से समझ सकते हैं कि अपने मन के भीतर क्या घट रहा है? मन की शक्तियाँ यत्र-तत्र बिखरी हुई प्रकाश की किरणों के समान हैं। जब उन्हें केन्द्रीभूत किया जाता है, तब वे सब कुछ आलोकित कर देती हैं। यही ज्ञान का एकमात्र उपाय है। बाह्य जगत् में हो अथवा अन्तर्जगत् में, लोग इसी को प्रयोग में ला रहे हैं, परन्तु वैज्ञानिक जिस सूक्ष्म पर्यवेक्षण शक्ति का प्रयोग बहिर्जगत् में करता है, मनस्तत्त्वान्वेषी उसी का प्रयोग मन पर करते हैं। इसके लिए अधिक अभ्यास आवश्यक है। बाल्यकाल से ही मनुष्य ने केवल बाहरी वस्तुओं में मनोनिवेश करना सीखा है, अन्तर्जगत् में मनोनिवेश करने की शिक्षा नहीं प्राप्त की। इसी कारणवश मानव-समाज में से अधिकांश आभ्यन्तरिक क्रिया-विधि की निरीक्षण-शक्ति खो बैठे हैं। मन को अन्तर्मुखी करना, उसकी बहिर्मुखी गति को रोकना, उसकी समस्त शक्तियों को केन्द्रीभूत कर, उस मन पर ही उनका प्रयोग करना, जिससे कि वह अपना स्वभाव समझ सके, स्वयं का विश्लेषण करके देख सके, यह एक अत्यन्त कठिन कार्य है, किन्तु इस विषय में वैज्ञानिक प्रथा के अनुसार अग्रसर होने के लिए यही एकमात्र उपाय है।

इस ज्ञान की उपयोगिता क्या है?

प्रथमतः ज्ञान स्वयं ज्ञान का सर्वोच्च पुरस्कार है। द्वितीयतः इसकी उपयोगिता है कि यह मनुष्य के समस्त दुःखों का हरण करेगा। जब मनुष्य अपने मन का विश्लेषण करते हुए ऐसी एक वस्तु का साक्षात् दर्शन कर लेता है, जिसका किसी काल में नाश नहीं, जो स्वरूपतः नित्यपूर्ण और नित्य शुद्ध है, तब उसे कोई दुःख नहीं रह जाता, उस का समस्त विषादन जाने कहाँ विस्मृत हो जाता है। भय और अपूर्ण वासना ही समस्त दुःखों का मूल है। पूर्वोक्त अवस्था के प्राप्त होने पर मनुष्य समझ जाता है कि उसकी मृत्यु किसी काल में नहीं है, तब

उसे फिर मृत्यु भय नहीं रह जाता। अपने ऊपर असार वासनाएँ फिर नहीं रहतीं। पूर्वोक्त कारणद्वय का अभाव हो जाने पर फिर कोई दु:ख नहीं रह जाता। उसकी जगह इसी देह में परमानन्द की प्राप्ति हो जाती है।

इस ज्ञान की प्राप्ति के लिए एक मात्र उपाय है 'एकाग्रता'। रसायन विज्ञ अपनी प्रयोगशाला में जाकर अपने मन की समस्त शक्तियों को केन्द्रीभूत करके जिन वस्तुओं का विश्लेषण करता है, उन पर प्रयोग करता है; तदोपरान्त वह उनके रहस्य जान लेता है। खगोलशास्त्रज्ञ ज्यों ही अपने मन की समस्त शक्तियों को एकत्र करके दूरबीन के भीतर से आकाश में प्रक्षिप्त करता है, त्योंही सूर्य, चन्द्र और तारे अपने-अपने रहस्य उसके समक्ष उद्घाटित कर देते हैं।

स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि जिस विषय पर मैं यहाँ बात कर रहा हूँ, उस सन्दर्भ में मैं जितना मनोनिवेश कर सकूँगा, उतना ही उस विषय का गूढ़तत्त्व मानव-जगत के समक्ष प्रकट कर सकूँगा। अत: मनुष्य जितना इस विषय में मनोनिवेश करने में समर्थ होगा, मेरे कथन को उतना ही स्पष्ट रूप से धारण करने में भी समर्थ हो सकेगा।

मन की शक्तियों को एकाग्र करने के अतिरिक्त अन्य किस प्रकार संसार में ये समस्त ज्ञान उपलब्ध हुए हैं? प्रकृति के द्वार को कैसे खटखटाना चाहिए, उस पर कैसे आघात देना चाहिए, केवल यह ज्ञात हो जाए, तो यह प्रकृति अपना समस्त रहस्य उद्घाटित कर देती है। उस आघात की शक्ति एवं तीव्रता एकाग्रता से ही आती है। मानव-मन की शक्ति की कोई सीमित सीमा नहीं। वह जितना ही एकाग्र होता है, उतनी ही उसकी शक्ति एकलक्ष्य पर केन्द्रित होती है, यही रहस्य है।

मन को बाहरी विषयों में स्थिर करना अपेक्षाकृत सहज है, क्योंकि मन स्वभावत: बहिर्मुखी है, किन्तु धर्म, मनोविज्ञान अथवा दर्शन के विषय में ऐसा नहीं है। यहाँ तो ज्ञाता और ज्ञेय (विषयी और विषय) एक हैं। यहाँ प्रमेय (विषय) एक आन्तरिक वस्तु है- मन ही यहाँ 'प्रमेय' है। मनस्तत्त्व का अन्वेषण करना ही यहाँ 'प्रयोजन' है और मन ही 'मनस्तत्व के अन्वेषण' का कर्ता है। यह सर्वविदित है कि मन ही एक ऐसी शक्ति है, जिससे वह स्वयं के भीतर जो कुछ भी हो रहा है, उसे अनुभव कर सकता है, इसी को 'अन्तर्पर्यवेक्षण-शक्ति' कह सकते हैं। अर्थात मैं तुम से वार्तालाप कर रहा हूँ, फिर साथ ही मैं मानो एक और व्यक्ति होकर बाहर खड़ा हूँ और जो कुछ कह रहा हूँ, वह सभी कुछ जान व सुन रहा हूँ। हम एक ही समय में काम और चिन्तन दोनों कर रहे होते हैं, परन्तु हमारे मन का एक और अंश मानो बाहर खड़े होकर हम जो कुछ भी चिन्तन कर रहे हैं, उसे वह देख रहा है। मन की समस्त शक्तियों को एकत्र कर के मन पर ही उनका प्रयोग करना होगा। यथा सूर्य की तीक्ष्ण किरणों के समक्ष गहन अन्धकारमय स्थान भी अपने गुप्त तथ्य उद्घाटित कर देते हैं, तथैव यह एकाग्रमन अपने सभी अन्तरतम रहस्य प्रकाशित कर देगा। तब हम विश्वास के उस शाश्वत मूलाधार पर पहुंचेंगे। तभी हमें सम्यक्तया धर्म-प्राप्ति होगी। तभी आत्मा है या नहीं, जीवन केवल इस सामान्य जीवित काल तक ही सीमित है अथवा अनन्तकाल व्यापी है और संसार में कोई ईश्वर शक्ति है या नहीं, यह सब हम स्वयं देख सकेंगे। सब कुछ हमारे ज्ञानचक्षुओं के समक्ष उद्भासित हो उठेगा। अत: राजयोग हमें यही शिक्षा

प्रदान करता है। इसमें जितने उपदेश हैं, उन सबका उद्देश्य प्रथमत: मन की एकाग्रता का साधन है; तदोपरान्त उसके गम्भीरतम प्रदेश में कितने प्रकार के भिन्न-भिन्न कार्य हो रहे हैं, उन सभी का ज्ञान प्राप्त करना; और तत्पश्चात् उनसे साधारण सत्यों को निकालकर उनसे अपने एक सिद्धान्त पर उपनीत होना। अतएव राजयोग की शिक्षा किसी धर्म (सम्प्रदाय) विशेष पर आधारित नहीं है। हमारा धर्म अर्थात् सम्प्रदाय चाहे जो हो, हम चाहे आस्तिक हो या नास्तिक, यहूदी या बौद्ध या ईसाई, इससे कुछ भी बनता या बिगड़ता नहीं, हम मनुष्य हैं, केवल यही पर्याप्त एवं सत्य है। प्रत्येक मनुष्य में धर्मतत्त्व का अनुसन्धान करने की शक्ति है, उसे उसका अधिकार है। प्रत्येक व्यक्ति का, चाहे वह किसी भी विषय से सम्बन्धित क्यों न हो, कारण पूछने का अधि कार है और उसमें ऐसी शक्ति भी है कि वह स्वयं अपने भीतर से ही उन प्रश्नों के उत्तर को प्राप्त कर सके। परन्तु हाँ, उसे इसके लिए कुछ कष्टों का सामना करना होगा।

अन्तत: उपर्युक्त समस्त विवेचन से यह स्पष्टरूपेण विदित होता है कि इस राजयोग की साधना में किसी प्रकार के विश्वास की आवश्यकता नहीं। अत: स्पष्टतया 'राजयोग' यही शिक्षा देता है कि जब तक किसी भी बात का स्वयं ही प्रत्यक्षरूपेण साक्षात्कार न किया जाए, तब तक उस पर पूर्णतया विश्वास नहीं करना चाहिए।

ब्रह्म का स्मरण करो और आसक्ति का त्याग करो

अहो नु चित्रं यत्सत्यं ब्रह्म तद् विस्मृतं नृणाम्।
तिष्ठतस्तव कार्येषु मास्तु रागानुरञ्जना॥

अहो! यह बड़े आश्चर्य की बात है कि जो परब्रह्म परमात्मा नितान्त सत्य हैं, उन्हीं को मनुष्यों ने भुला दिया है। भाई! कर्मों में लगे रहने पर भी तुम्हारे मन में रागानुरञ्जना-उन कर्मों में आसक्ति नहीं होनी चाहिये।

वसन्तपञ्चमी

डॉ. रोहित कुमार
संस्कृत-विभाग

वसन्तो ग्रीष्मो वर्षाः शरद् हेमन्तःशिशिरश्चेति षड्ऋतवो भवन्ति। एतेषु षट्सु ऋतुषु वसन्तस्य अन्यतमं स्थानं वर्तते ''वसन्ति सर्वे ऋतवो यस्मिन् स वसन्तः'' इति विग्रहात्। अत एव वसन्तः ''ऋतुराजः'' इति नाम्नाऽपि सम्बोध्यते। अस्मिन्ऋतौ क्षेत्रेषु नवसस्यानि प्रजायन्ते। तैः क्षेत्रसौन्दर्यम् अतीव मनोहरं प्रतिभाति। हृदयावर्जकानि विविधपुष्पाणि विकसन्ति। पुष्पाणि परितः भ्रमरा गुञ्जायमाना भ्रमन्तोवसन्तस्य माहात्म्यं ख्यापयन्ति। आम्रवृक्षेषु नवमञ्जराणि समायान्ति। वृक्षेषु पिकामधुरं कूजन्तः वसन्तमहत्त्वं कीर्तयन्ति। यथोक्तम्- ऋतुसंहारनामके खण्डकाव्ये कविकुल शिरोमणिना कालिदासेन वसन्तर्तुवर्णनप्रसङ्गे-

द्रुमाः सपुष्पाः सलिलं सपद्मं, स्त्रियाः सकामाः पवनः सुगन्धिः।
सुखाः प्रदोषा दिवसाश्च रम्याः, सर्वं प्रियं चारुतरं वसन्ते॥ (ऋतुसंहारः- ६/२)

असौ वसन्तो ''मधुमासः, माधवमासः, ऋतुराजः पिकानन्दश्च'' इत्याख्यैः कीर्त्यते। एतेन वसन्तस्य प्रामुख्यं स्पष्टं भवति। अस्मिन् (वसन्ते) ऋतौ निखिलेऽपि देशे अनेकानि पर्वाणि आयोज्यन्ते। तेषु अन्यतमं भवति ''वसन्तपञ्चमी'' इति। वसन्तस्य पञ्चमी वसन्तपञ्चमीति। इयमेव केषाञ्चन मते ''ऋषिपञ्चमी श्रीपञ्चमी'' इत्याख्याभ्यामपि कीर्त्यते। वसन्तपञ्चमी माघमासस्य शुक्लपक्षस्य पञ्चम्यां तिथौ आयोज्यते। अस्यां तिथौ सोल्लासेन नृत्यगीतस्तोत्रघोषादिपुरस्सरं वाग्देव्याः सरस्वत्या आराधनं क्रियते, यतोहि अस्यामेव तिथौ विद्याप्रदायिन्या वीणापाणेः सरस्वत्याः प्रादुर्भावोऽभवद् इति पौराणिककथामाश्रित्य पौराणिका आमनन्ति। विद्याया वाण्याश्च अधिष्ठातृदेवी सरस्वती वर्तते। इयं विद्या- बुद्धिप्रदात्री वर्तते।

अतो ''वागीश्वरी, वाग्देवी, विद्यादात्री, विद्या-बुद्धिप्रदायिनी, शारदा, भगवती, वीणापाणिः, वीणावादिनी'' इति नामभिः पूज्यते। सङ्गीतम् अस्या एव समुद्भूतम् अतः सङ्गीतदेवी इत्यपि उच्यते। ऋग्वेदेऽपि सरस्वतीस्तुतिः प्राप्यते- **''प्रणो देवी सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती धीनामणित्रवतु** इति। शिक्षाविदः सङ्गीतनृत्यादिकलाविदः शिल्पिनः समेऽपि ''विद्या-बुद्धि-वागधिष्ठातृदेवतायाभगवत्याः श्रीसरस्वत्या आराधनां कुर्वन्ति। यथैव सैनिकाः क्षत्रियाश्च विजयदशम्यां शस्त्रपूजां कुर्वन्ति तथैव शिक्षकाः छात्रा अन्ये अध्येतारश्च शास्त्राणां ग्रन्थानां पुस्तकानाञ्च तदधिष्ठातृदेव्याः सरस्वत्याश्च पूजां कुर्वन्ति। यथोक्तम्-

''माघस्य शुक्लपञ्चम्यां महापूजां समाचरेत्।
नवैः प्रवालैः कुसुमैरनुलेपैर्विशेषतः॥

नीराजनोत्सवं कृत्वा भक्त्या संमान्य वैष्णवान्।
वसन्तरागं जनयन्गीतनृत्यादि कारयेत्॥''

इयं पञ्चमी मानवान् समस्तपापान्मोचयित्वा तेभ्यः सदसद्विवेकबुद्धिं प्रददाति। यथोक्तं मत्स्यसूक्ते–'वसन्तपञ्चमी नाम सर्वपापप्रमोचनी।' अस्यां तिथौ केचन लघुबालकानां विद्यारम्भम् (अक्षरारम्भम्)कारयन्ति। यतोहि विद्यारम्भनिमित्तं वसन्तपञ्चमी तिथिरतीव पवित्रतमा मन्यत इति शम्।

साधु का स्वभाव

नान्तर्विचिन्तयति किञ्चिदपि प्रतीपमाकोपितोऽपि सुजनः पिशुनेन पापम्।
अर्कद्विषोऽपि हि मुखे पतिताग्रभागास्तारापतेरमृतमेव कराः किरन्ति॥

चुगली खाने वाले दुष्ट मनुष्य के द्वारा क्रोध दिलाने पर भी साधु पुरुष उसके विरुद्ध अमङ्गलमय प्रतिशोध की बात अपने मन में नहीं लाते। राहु चन्द्रमा का सहज विद्वेषी है; किंतु चन्द्रमा की सुधामयी किरणें उसके मुख में पड़कर भी अमृत की ही वर्षा करती हैं।

पञ्चकोशः होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ पर्सनैलिटी

डॉ. राजेश कुमार
संस्कृत-विभाग

उपनिषदों में पंचकोश का वर्णन मिलता है। जिसमें यह कहा गया है कि हमारी आत्मा पंचकोश के अंदर ढ़की हुई है। इसका तात्पर्य यह है कि मनुष्य अपने अस्तित्व के पांच आयामों में हर क्षण विचरण करता रहता है, उन पांच आयामों के अंदर ही सम्पूर्ण व्यक्तित्व एवं सम्पूर्ण शरीर रहता है।

व्यक्तित्व अंग्रेजी के ''पर्सनैलिटी'' शब्द का हिंदी अनुवाद है। पर्सनैलिटी शब्द की उत्पत्ति लैटिन के ''परसोना'' से हुई है। परसोना एक प्रकार का नकाब या मुखौटा को कहते हैं। जिसका उपयोग यूनानी नाटकों में भाग लेने वाले पात्र करते थे। मुखौटा को चेहरे पर लगा लेने से स्पष्ट पता चल जाता था कि नाटक में विभिन्न पात्रों के कार्य किस ढंग से होंगे। इस परसोना से ही पर्सनैलिटी बना है जिसका अर्थ बनावटी रूप होता है। इस शाब्दिक अर्थ में बाह्य रूप रेखा, वेशभूषा को ही व्यक्तित्व माना गया है। सामान्य तौर पर व्यक्तित्व का प्रयोग इसी अर्थ में होता है।

एक व्यक्ति जो देखने में सुंदर है उसकी पोशाक आकर्षक है। वह मृदुभाषी और फुर्तीला है। उसको अच्छे व्यक्तित्व वाला कहा जाता है। इसके विपरीत बेडौल नाक -नक्श वाले व्यक्ति को मैले कुचैले कपड़े वाले व्यक्ति को हम अच्छे व्यक्तित्व का नहीं मानते हैं। हमारे गुरुवर प्रो. एम. एम. अग्रवाल हमेशा पंच वकार की बात करते हैं जो इस प्रकार है-

पंच वकार

वाक्, वस्त्र, वपू (चरित्र), विद्या और वैभव हैं।

कहने का तात्पर्य यह है कि अच्छी वाणी, वस्त्र, चरित्र और विद्या एवं धन संपत्ति वाला व्यक्ति ही परिवार, समाज, राष्ट्र और विश्व में सुख शांति एवं आनन्द के वातावरण को सृजित कर सकता है। चरित्र निर्माण का सबसे अच्छा माध्यम शिक्षा है और सबसे अच्छा केन्द्र विद्यालय एवं महाविद्यालय हैं। इसीलिए छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए स्नातक के प्रथम वर्ष के छात्रों को -''पंचकोश'' के माध्यम से प्राचीन ग्रन्थों एवं परम्पराओं में उपलब्ध व्यक्तित्व निर्माण की समग्र दृष्टि को व्यवहार में लाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इस बात को बार- बार दोहराया गया है कि सम्पूर्ण शिक्षा एवं अध्ययन का उद्देश्य व्यक्तित्व को गढ़ना है। तैत्तिरीय उपनिषद में व्यक्तित्व के समग्र विकास हेतु ''पंचकोश'' की जो संकल्पना ऋषियों ने दी है वही पूर्णता की ओर ले जाती है।

तैत्तिरीय उपनिषद् में
नैतिक शिक्षा-शिक्षा वल्ली में
पंचकोश चर्चा-ब्रह्मानन्द वल्ली में
पिता द्वारा ब्रह्म ज्ञान-भृगु वल्ली में है।

मनुष्य के शरीर की उत्पत्ति क्रम को बताते हुए उपनिषद में यह कहा गया है कि- सबसे पहले अंतर्यामी परमात्मा से आकाश तत्त्व उत्पन्न हुआ, आकाश से वायु तत्त्व, वायु तत्त्व से अग्नि, अग्नि तत्त्व से जल, जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई पृथ्वी से नाना प्रकार की औषधियां, अनाज के पौधे हुए, जो मनुष्य का आहार हुए। इस प्रकार विश्व की सबसे जटिल मशीन हमारा शरीर है। जिसमें इतने सारे अंग हैं सबके अपने अपने कार्य हैं। अलग अलग कार्य करने के बाद भी सबमें एक समन्वय स्थापित है। कद-काठी, रूप रंग, सोचने समझने वाली विशेषताएं, और भी बहुत कुछ है। खुली आंखों से नजर आने वाली इस शरीर के अतिरिक्त भी कई शरीर इसमें हैं जो सूक्ष्म स्तर पर काम करती हैं।

इसके तीन रूपों की चर्चा उपनिषदों में की गई है, 1. स्थूल शरीर- हम सबका बाह्य शरीर और उसके अंग जैसे फेफड़े, किडनी, जिसमें समस्त इंद्रियां शामिल है। जिसको हम सब सहजता से महसूस कर सकते हैं, यह शरीर भोजन और जीवन ऊर्जा से जीवित रहता है समय के साथ परिवर्तित होता रहता है, और एक दिन समाप्त हो जाता है और उन्हीं पंच तत्वों में मिल जाता है जिससे यह शरीर बना होता है।

2. सूक्ष्म शरीर- जो भावनात्मक एवं तार्किक चिंतन करता है। यह खुली आंखों से नहीं दिखता है।

3. कारण शरीर-पूर्ण आरोग्य एवं आनन्दमय स्थिति।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि हम सबकी आत्मा पंचकोश के अंदर ढकी हुई है। पंच का अर्थ पांच और कोश का अर्थ होता है खजाना। जहां एक ही प्रकार की बहुत सारी चीजें एकत्रित होती है। वह स्थान कोश कहलाती है। जैसे मुद्रा का कोश - मुद्राकोष शब्दों का कोश- शब्दकोश। मय -का अर्थ है बना हुआ जो अन्न से बना है अन्नमय कोश कहलाता है। आत्मा पंचकोशों के साथ संयुक्त होती है। आत्म साक्षात्कार के लिए एक-एक कोश को भेदते हुए आगे की ओर बढ़ना पड़ता है। साधक अन्नमय कोश की साधना करते हुए आनंदमय कोश तक पहुंच जाता है। अन्त में परमानंद की अवस्था को प्राप्त कर लेता है। प्रत्येक कोश एक दूसरे से प्रभावित रहते हैं इसके साथ ही इन सभी का एक दूसरे से घनिष्ठ संबंध भी होता है। केले के तने की तरह या प्याज के छिलके की तरह ढ़के रहने के कारण आत्मा का प्रकाश हमारे अनुभव से सर्वथा भिन्न रहता है। हम वास्तविक स्वरूप को नहीं पहचान पाते हैं। यह भौतिक शरीर जो दिखाई देता है उसके साथ चार और शरीर हैं जो दिखाई नहीं देते हैं। इसलिए आत्मा के वास्तविक स्वरूप को जानने से ही हम सभी अपने आप को जान पाते हैं।

पांच कोश यह हैं-

1. अन्नमय कोश
2. प्राणमय कोश
3. मनोमय कोश
4. विज्ञानमय कोश
5. आनंदमय कोश

अन्नमय कोश- इस संसार में जो कुछ भी है वह अन्नमय है अन्न का हिस्सा है। जैसे हमारा शरीर भी अन्न. से बना हुआ है। जिसे हम खुली आंखों से देखते हैं वह सभी अन्नमय है। आत्मा शरीर रूपी चोला पहन कर देखती है और हम माया और अज्ञान के कारण शरीर को ही सब कुछ मान लेते हैं। यह शरीर जो जन्म लेता है बढ़ता है वृद्ध होता है। जीर्ण होकर समाप्त हो जाता है। वह पंचतत्व से बना उसी पंचतत्व में मिल भी जाता है। इसकी साधना से हमारा स्वस्थ्य ठीक रहता है। सात्विक आहार, उचित व्यवहार, षडकर्म औषधियों का सेवन करके इसको ठीक किया जाता है। प्राणमय कोश- वायु के रूप में प्राण हमारे शरीर में हमेशा रहता है परंतु यह दिखाई नहीं देता। हमारे शरीर में ऊर्जा बल और शक्ति के रूप में इसका अस्तित्व सदा बना रहता है। इसलिए प्राण सर्वश्रेष्ठ है, सर्वोत्तम है और सबसे बड़ा है। हमारी सारी इंद्रियों का कोई औचित्य नहीं रह जाता जब उसमें प्राण नहीं होता है। प्राणमय कोश को ठीक करने के लिए प्राणायाम किया जाता है। प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान ये पंच वायु हैं।

प्राण- सामने गमन करने वाली और नाक के अग्र भाग पर रहने वाली वायु -प्राण है।

अपान- निम्न गमन वाली गुदादि स्थान में रहने वाली वायु अपान है।

व्यान- सब ओर गमन करने वाली संपूर्ण शरीर में वर्तमान जाने वाली वायु व्यान है।

उदान- ऊपर की ओर चलने वाली कंठ स्थानीय वायु उदान है।

समान- शरीर में खाए पिए हुए अन्नादि का चित्र परिपाक करने वाली वायु समान है।

कुछ लोग नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय नामक पांच अन्य वायु को भी मानते हैं। जिसमें वमनादि करने वाली वायु नाग, पलकों को खोलने तथा बंद करने वाली वायु को कूर्म, बुभुक्षा उत्पन्न करने वाली वायु कृकल, जम्हाई उत्पन्न करने वाली देवदत्त, तथा शरीर को पोषण करने वाली वायु धनंजय है। प्राण की बलिष्ठता के कारण ही एक ही रोग में एक व्यक्ति जल्दी ठीक होता है दूसरे व्यक्ति को ठीक होने में काफी समय लगता है। प्राण के ठीक होने पर शरीर का सारा सिस्टम ठीक से काम करता है। इसको ठीक करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास जरूरी है।

मनोमय कोश- क्या तीसरा कोश है। सूक्ष्म शरीर का पहला कोश है। पहले दो कोश स्थूल शरीर के भाग थे।

इसके अंतर्गत ज्ञान का बोध होता है। यह इच्छा शक्ति से युक्त होता है। आत्मा इन्द्रिय तथा विषय का सानिध्य होने पर भी ज्ञान होना अथवा ना होना मन पर आश्रित होता है कई जगह ऐसी बात कही गई है कि मेरा मन अन्यत्र था इससे मैंने देखा नहीं। वह मन से ही देखता है तथा मन से सुनता है इस कारण मन को ही कारण रूप सिद्ध करता है। मन में ही सारी कल्पनाएं, विचार एवं संकल्प- विकल्प की इच्छा उत्पन्न होती है। इसलिए मन को नियंत्रित करने के लिए लगातार मेडिटेशन (ध्यान)का अभ्यास किया जाना चाहिए।

विज्ञानमय कोश- चौथा कोश है। यह सहज ज्ञान या अंतर्ज्ञान है। मनोमय कोश के बाद उचित और अनुचित का निर्णय इस कोश में हो जाता है। असत्य, मोह इत्यादि का नाश हो जाता है और भूत, वर्तमान और भविष्य को जानने समझने की क्षमता साधक में आ जाती है। विज्ञानमय कोश ऊँची स्थिति है। भाव यह है कि यह विज्ञान अर्थात बुद्धि के साथ तद्रूप हुआ जीवात्मा ही यज्ञों का अर्थात शुभ कर्म रूप पुण्य का विस्तार करता है।इसे भाव-संवेदना का स्तर कह सकते हैं। दयालु, उदार, सज्जन, सहृदय, संयमी, शालीन और परोपकार परायण ज्ञान के कारण ही होता है।

आनन्दमय कोश- आनंदमय कोश आत्मा की उस मूलभूत स्थिति की अनुभूति है जिसे आत्मा का वास्तविक स्वरूप कह सकते हैं। विज्ञानमय जीवात्मा से भिन्न , उसके भीतर एक दूसरा आत्मा है वह आनन्दमय परमात्मा है। सफलता-असफलता अनुभव करते रहते हैं। आनंदमय कोश जागृत होने पर जीव अपने को अविनाशी, ईश्वर सत्य, शिव, सुन्दर, मानता है। यह स्थिति ही आत्मज्ञान कहलाती है। यह उपलब्ध होने पर मनुष्य हर घड़ी सन्तुष्ट एवं उल्लसित पाया जाता है। जीवन मंच पर वह अपना अभिनय करता रहता है। उसकी संवेदनाएँ भक्तियोग, विचारणाएँ, ज्ञान और क्रियाएँ कर्मयोग जैसी उच्च स्तरीय बन जाती हैं।

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्॥

श्रीमद्भगवद्गीता (१६।२१)

'काम, क्रोध और लोभ तीनों आत्मा के नाशक और नरक के द्वार हैं। इसलिये इनको त्यागना ही चाहिये।'

पञ्चमहायज्ञाः

शिवानी साहू
संस्कृत विशेष, तृतीय वर्ष

भारतीयसंस्कृतौ गृहस्थानां सर्वेषां कृते पञ्चमहायज्ञानुष्ठानं परमावश्यकम्। ब्रह्मयज्ञः, देवयज्ञः, पितृयज्ञः, भूतयज्ञः, अतिथियज्ञश्चैते पञ्चमहायज्ञाः सन्ति। तेषां मानवजीवने अतिमहत्त्वं विद्यते। अतः तेषां पञ्चानां यज्ञानां विवेचनं क्रियते।

ब्रह्मयज्ञ :- नित्यं स्वाध्यायः प्रवचनं च ब्रह्मयज्ञविधानम्। ब्रह्मचर्याश्रमे यत् ज्ञानम् अर्जितं तस्य स्मरणम् अन्येभ्यः वितरणं च ब्रह्मयज्ञस्य स्वरूपम्। "भारते सदैव आचार्याः निःशुल्कमेव वेदवेदाङ्गानां शिक्षां ब्रह्मचारिभ्यो दत्तवन्तः।" अनेन प्रकारेण प्राचीनभारते दीनहीनानामपि विद्यार्थिनां शिक्षा समभवत्। शतपथब्राह्मणानुसारेण ब्रह्मयज्ञेन स्वर्गप्राप्तिः भवति।

देवयज्ञ :- अग्निहोत्रं देवयज्ञः। अग्नौ मन्त्रपूर्वकं घृतस्य हवनसामग्रीणां च आहुतिप्रदानेन देवयज्ञः अनुष्ठीयते। देवानां कृपयैव जगति सुखं, शान्तिः, विकासः रक्षा च भवन्तीति च परम्परागता भारतीयमान्यता।

पितृयज्ञ :- भूतानां पूर्वजानां कृतज्ञताज्ञापनाय पितृयज्ञस्य अनुष्ठानं क्रियते। पितृयज्ञानुष्ठानेनैव पितृणां ऋणात् मुक्तिः इति पारम्परिकमतम्। पूर्वजानां कृते कृतज्ञताज्ञापनभावः पितृयज्ञस्य मूलहेतुः। जीवितानां वृद्धपुरुषाणां सेवाशुश्रूषा सन्तानस्य कर्तव्यम्। मतद्वयमिदं शास्त्रानुमतम्।

भूतयज्ञ :- भूतयज्ञः बलिवैश्वदेवयज्ञसञ्ज्ञया अपि वर्णितः। भूतयज्ञे पाकशालायां पक्वस्य भोज्यान्नस्य सर्वेषां प्राणिनां तृप्तये बलिः दीयते। छान्दोग्योपनिषदि भूतयज्ञस्य उपयोगितायाः महिमावर्णनमस्ति।

अतिथियज्ञ :- गृहमागतस्य अतिथेः सत्कारः अतिथियज्ञः। 'अतिथिदेवो भव' इति वेदवाक्यम्। अतिथिः सर्वदेवमयः प्रोक्तः। पञ्चमहायज्ञानुष्ठानं गृहस्थानां कृते अनिवार्यं कर्तव्यम्। यतो हि गृहस्थाश्रमः सर्वेषाम् आश्रमाणाम् आधारः। यः पञ्चमहायज्ञानुष्ठानं न करोति सः जीवने एव मृतः प्रोक्तः।

तदुक्तं च-

देवतातिथिभृत्यानां पितृणामात्मनश्च यः।
न निर्वपति पञ्चानामुच्छ्वसन्न स जीवति॥

गुरुमहिमा

वर्षा कुमारी
संस्कृत विशेष, तृतीय वर्ष

अस्माकं भारतीयसंस्कृतौ धर्मे चारम्भादेव गुरोः स्थानं सर्वश्रेष्ठं वर्तते। ब्रह्मणः कार्यं केवलं सृष्टिरचना परन्तु गुरोः कार्यं तु प्राणिनः कृते मनुष्यतायाः रूपप्रदानम्। अतः गुरोः स्थानं तु भगवतः अपि पूर्वमायाति। अस्मिन् विषये कबीरदासेन सम्यगेवाभिहितम्–

''गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूं पाए।
बलिहारी गुरु आपणे, गोविन्द दियो बताए॥''

अस्मिन् जगति यदि कश्चन दार्शनिकः वास्तविकरूपेण वर्तते चेद् गुरुरेव। यतो हि सम्पूर्णजगतः दर्शनं यः कारयति सः तु गुरुरेव। उक्तमपि–

''अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥''

गुरुशब्दस्य विषये यदा वयं गहनतया विचारयामः तदा गुरुशब्दस्य व्याख्या एतेन प्रकारेण क्रियते–

''गिरति अज्ञानान्धकारमिति गुरुः॥''

गुरुशब्दः अक्षरद्वयेन निष्पद्यते। गु तथा रु। गु इत्यस्य अर्थः अन्धकारः तथा रु इत्यस्य अर्थः निरोधकः। अतः अन्धकारं दूरीकृत्य प्रकाश प्रति यः नयति स गुरुः अर्थात् अज्ञानान्धकारस्य नाशं कृत्वा अस्मासु यः ज्ञानात्मकं दीपं प्रज्वालयति स एव गुरुः। गुरुशिष्ययोः सम्बन्धे तु सम्यक् एव अभिहितं कबीरदासेन–

"गुरु कुम्हार सिष कुम्भ है, गढ़ि गढ़ि काढ़े खोट।
भीतर हाथ सहार दे, बाहर बाहें चोट॥''

गुरोः अस्माकम् उपरि चरणच्छाया वर्तते चेत् तदैव अस्मिन् लोके परलोके च सुखं प्राप्तुं शक्नुमः। यदि गुरुः प्रसन्नः भगवान् स्वयम् अस्मासु प्रसन्नः। उक्तमपि भक्तिसन्दर्भे–

"यो मन्त्रः स गुरुः साक्षात् यो गुरुः स हरिः स्वयम्।
गुरुर्यस्य भवेत् तुष्टः तस्य तुष्टो हरिः स्वयम्॥''

गुरोः महिमा तु तस्य ज्ञानेन, शक्त्या च लक्ष्यते न तु शरीरेण, अतः गुरोः ज्ञाने तथा च शक्तौ अस्माकम् अनुरागः भवेत्। उक्तमपि आचार्यविनोवाभावेमहोदयेन– ''गुरु को हमने अगर देह रूप से जाना माना तो हमने गुरु से ज्ञान नहीं अज्ञान पाया।''

गुरोः निन्दा तु कुत्रापि कथञ्चित् अपि न सोढव्या न च श्रोतव्या। उक्तं च–

"गुरोर्यत्र परीवादो निन्दा वापि प्रवर्तते।
कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः॥

यदि कश्चन शिष्यः गुरोः निन्दां करोति तर्हि अग्रिमजन्मनि स निकृष्टयोनिं याति। उक्तं च–

"परिवादात्खरो भवति श्वा वै भवति निन्दकः।
परिभोक्ता कृमिर्भवति कीटो भवति मत्सरी॥''

गुरुः तु मनुष्यतायाः निर्माता।

''गुरु नहीं तो ज्ञान नहीं ज्ञान नहीं तो इन्सान नहीं॥''

अस्मात् भवसागरात् मुक्तेः साधनं किमपि वर्तते चेत् गुरोः चरणकमलच्छाया एव। उक्तं च–

"ध्यानमूलं गुरोर्मूर्तिः पूजामूलं गुरोः पदम्।
मन्त्रमूलं गुरोर्वाक्यं मोक्षमूलं गुरोः कृपा॥''

मनुस्मृतौ अपि उक्तम्–

"गुरुशुश्रूषया त्वेवं ब्रह्मलोकं समश्नुते।''

इति "श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः।''

भगवदवतारस्य प्रयोजनम्

गौरव कुमार
संस्कृत विशेष, द्वितीय वर्ष

''यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम्॥''

-(श्रीमद्भग. गीता- ४/७)

इति गीतावचनाद् वैदिकधर्मस्य ग्लानौ पाखण्डरूपस्य अधर्मस्योत्थाने च सति भगवान् आत्मानं सृजति। तत्रात्मानः सृष्ट्वा भगवान् किं किं साधयतीति जिज्ञासायां गीतायां स्वयम् एव आह-

''परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे॥''

-(श्रीमद्भग. गीता- ४/८)

एवं सुदेवप्रभृतीनां साधूनां रक्षणाय कंसप्रभृतीनां दुष्कृतां विनाशाय ''चोदनालक्षणोऽर्थो धर्मः-'' इति एतत् लक्षणलक्षितस्य धर्मस्य च संस्थापनाय श्रीभगवतः अवतारो जायते इति स्वमुखेनैव स्वावतारस्य प्रयोजनं भगवता प्रत्यपाद्यत, परन्तु परमहंसा भक्ता भगवदवतारस्य अन्यथैव प्रयोजनं प्रतिपादयन्ति। तथा च माता कुन्ती अमलात्मनां परमहंसानां महामुनीनां भक्तियोगविधानार्थं भगवतः अवतारस्य प्रयोजनं उक्तवती। तथा हि-

''तथा परमहंसानां मुनीनाममलात्मनाम्।
भक्तियोगविधानार्थं कथं पश्येम हि स्त्रियः॥''

-(श्रीमद्भागवत पुराण- १/८/२०)

अर्थात् येषां प्रत्यक्चैतन्याभिन्नविशुद्धब्रह्मणः अपरोक्षसाक्षात्कारो हि तस्य साक्षात्कारस्य भक्तियोगद्वारा सरसतां सुशोभां च रचयित्वा श्रीपरमहंसं विधातुं भवतः अवतारः अस्ति इति कृष्णम् उद्दिश्य कथयति, भवत् प्राप्तिं विना नैष्कर्म्यभावस्य शोभा नास्ति इति अत्र भागवतप्रमाणम्। तथा हि-

''नैष्कर्म्यमप्यच्युतभाववर्जितं, न शोभते ज्ञानमलं निरञ्जनम्।
कुतः पुनः शश्वदभद्रमीश्वरे, न चार्पितं कर्म यदप्यकारणम्॥''

-(श्रीमद्भागवत पुराण- १/५/१२)

रामायणे अपि तथैव तुलसीदासो भाषते यत्-

''रामप्रेम बिनु सोह न जाना'' इति।

एवं वेदान्तवेद्यः अदृश्यः अग्राह्यः परमात्मा अचिन्त्यदिव्यलीलाशक्त्या परममनोहरे सगुणे साकारे सच्चिदानन्दरूपे व्यक्तः सज्जनानाममलात्मनां परमहंसानां सेव्यमात्मानं रचयित्वा तेषां परं भक्तियोगं विदधाति। एवमेव भगवदवतारस्य बहूनि प्रयोजनानि सन्ति। तस्येयत्तां वर्णयितुं न कश्चन समर्थः। तथा चाह गोस्वामी तुलसीदासः यत्-

''हरि अवतार हेतु जेहि होई।
इदमित्थं कहि जाइ न सोई॥''

यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्॥

श्रीमद्भगवद्गीता (१६।२३)

'जो वेद-शास्त्रविहित विधि को छोड़कर (कामना से प्रेरित होकर) मनमाना काम करते हैं, उनको न तो फल की सिद्धि होती है, न सुख मिलता है, न मोक्ष की ही प्राप्ति होती है।'

मम मनसः केचन भावाः

बोधानन्द झा
संस्कृत विशेष, द्वितीय वर्ष

- एकान्तं प्रेम्णा, तत् उत्पाद्यमानानां क्लेशानां मध्ये तस्मिन् परमैकान्ते आनन्दं कर्तु शिक्षन्तु।
- मौने बहु कोलाहलः भवति, यदा त्वं नेत्रे निमील्य तत् मौनं अन्तःकर्णेन शृणोषि तदा तव शरीरं तेन कोलाहलेन कम्पयिष्यति।
- आश्विनमासः समागममासः। वैशाखोदितानि तानि सर्वाणि अश्रूणि यदा अश्विनं मिलन्ति तदा ते शाश्वतं शान्तं पूर्णं च भवन्ति।
- अस्माकं आत्मा अस्मिन् एकस्मिन् शब्दे ''पिता'' निवसति, वयं अस्मिन् एव शब्दे विद्यते। अस्य शब्दस्य धारणं न सुकरं, ''पिता'' भवितुं न सुकरम्।

''रिक्त स्थानों के भीतर का शोर''

किन्ही के चले जाने के बाद उनका दुःख तो होता है ये सत्य है लेकिन वो दुःख समय के साथ कम हो जाता है, असल में उनके जाने के बाद जो रिक्त स्थान रह जाता है उसका दुःख, उसकी पीड़ा कभी खत्म नहीं होती, वो स्थान हर पल विलाप करता है। आप जब भी किसी रिक्त स्थान पे जाएंगे और एकांत में उसके साथ बैठेंगे तो अपको उसका रुदन प्रत्यक्ष सुनाई देगा!! उन रिक्त स्थानों की पीड़ा को शब्दों में बता पाना कठिन है!!

।। शून्य की स्थिति।।

शून्य को समझना थोड़ा सा कठिन है, शून्य इस भौतिक संसार से परे है, सारे संबंधों से परे है, शून्य पर किसी का कोई अधिकार नही है। शून्य एक स्थिति है जब कोई व्यक्ति अपने आप को सब कुछ से, सारे विषयों से परे कर लेता है और उस परम् एकांत में पूर्ण रूप से डूब जाता है तब उस क्षण को ''गहरा शून्य'' कहा जाता है। जहां कुछ नही होता है बस एक शांति होती है। और वो व्यक्ति जो इतने कष्टों को झेल कर उस एक ''तत्व'' की प्राप्ति के लिए पूर्ण रूप से विक्षिप्त होकर अपने आप को समर्पित कर देता है और जब उसे अपने ''तत्व'' की प्राप्ति हो जाती है तब वो व्यक्ति ''परमानंद'' की पराकष्ठा में विराजमान रहता है और उसके चक्षुओं से निरंतर ''परमानंद'' के ''अमृत'' समान अश्रु बहते रहते हैं और वो व्यक्ति सदा के लिए पूर्ण हो जाता है।

''यज्ञस्यार्थः''

कुमारी स्नेहा
संस्कृत विशेष, द्वितीय वर्ष

वैदिकधर्म प्रति आस्थायाः केन्द्रबिन्दुः यज्ञ एवासीत्। एतस्मादेव कारणादखिलवैदिकवाङ्मये यज्ञस्य अपरिमितो विस्तरः उपलभ्यते। यज्ञस्तु वस्तुतः विज्ञानमयं विधानं वर्तते।

"देवपूजासङ्गतिकरणदानाद्यर्थकाद् यज् धातोः नङ् प्रत्यये कृते 'यज्ञ' इति शब्दो निष्पद्यते। यज्ञस्य महत्त्वं भगवता श्रीकृष्णेन भगवद्गीतायामपि प्रतिपादितम्–

"अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसम्भवः।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः॥

निरुक्तकारः यज्ञस्य स्वरूपं निरूपयन् कथयति–

यज्ञः कस्मात्? प्रख्यातं यजतिकर्मेति नैरुक्ताः। याच्ञो भवतीति वा बहुकृष्णाजिन इत्यौपमन्यवः यजूंष्येनं नयन्तीति वा। अयं तु यज्ञस्य वेदप्रतिपाद्योऽर्थः। यज्ञशब्दस्य कतिपयव्युत्पत्तिलभ्या अर्थाः एवं विधाः विद्वद्भिः स्वीक्रियन्ते–

(1.) येन सदनुष्ठानेन इन्द्रप्रभृतयो देवाः सुप्रसन्नाः सुवृष्टिं कुर्युस्तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
(2.) येन सदनुष्ठानेन स्वर्गादिप्राप्तिः सुलभा स्यात् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
(3.) येन सदनुष्ठानेन सम्पूर्णं विश्वं कल्याणं भजेत् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
(4.) येन सदनुष्ठानेन आध्यात्मिक–आधिदैविक–आधिभौतिक तापत्रयोन्मूलनं सुकरं स्यात् तद् यज्ञपदाभिधेयम्।
(5.) मन्त्रैर्देवतामुद्दिश्य द्रव्यस्य दानं यागः।

देवपूजापक्षे तु इन्द्रादिदेवताम् उद्दिश्यद्रव्यत्यागो यागोऽभिधीयते। मत्स्यपुराणे यज्ञस्य लक्षणम् अस्य अङ्गान्याधृत्य प्रतिपाद्यते–

"देवानां देवहविषा ऋक्सामयजुषां तथा।
ऋत्विजां दक्षिणानां च संयोगो यज्ञ उच्यते।"

संङ्गतिकरणस्य कः आशयः? विश्वकल्याणाय मर्यादारक्षणाय च महापुरुषाणाम् एकत्र सम्मेलनमेव सङ्गतिकरणस्याशयः, अयमपि यज्ञपदस्यार्थः।

देशकालपात्रादिविचारपूर्वकं कृतो द्रव्योत्सर्गोऽपि दानपक्षे यज्ञपदस्यार्थः भवति। व्यक्तिगतविकासेन सह समाजस्य, राष्ट्रस्य किं बहुना विश्वस्य च कल्याणं यज्ञस्य वास्तविकोऽर्थः, अत एवोच्यते यज्ञो श्रेष्ठं कर्म। वैज्ञानिका अपीदं तथ्यं स्वीकुर्वन्ति यद् यज्ञेन न केवलं यजमानाः अपि तु यज्ञीयपरिसरस्य वायुमण्डलमपि विशुद्धं भवति। वैज्ञानिकेऽस्मिन् युगे भौतिकोन्नतिलिप्सायां सत्यां, विश्वशान्तेः, विश्वप्रेम्णः, विश्वधर्मस्य विश्वकल्याणादिकस्य च पूता भावना अनुदिनं क्षीयमाणा दरीदृश्यते। यदि मानवजातिः यज्ञविज्ञानं पुनराश्रयते अथ स्वीकरोति च तदैव तस्याः सर्वविधं कल्याणं सम्भविष्यतीति सुनिश्चितमेव।

कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते

कुमारी पूजा
संस्कृत विशेष, द्वितीय वर्ष

भारतीयनाट्यशास्त्र-परम्परायां कः एतादृशः जनः येन आचार्यो भवभूतिः न ज्ञायते। कविरयं करुणरसनिस्यन्दने सर्वानपि कवीन् अतिशेते। विद्वद्भिरस्मै 'पदवाक्यप्रमाणज्ञः' इत्युपाधिरपि प्रदत्ता वर्तते। वेदेषूपनिषत्सु चान्येषु शास्त्रेष्वपि अस्य गतिः अव्याहतावलोक्यते अयं स्वयमेव समुद्घोषयति यद् वाग्देवी वश्येव तं समन्ववर्तत-

''यं ब्रह्माणमियं देवी वाग्वश्येवानुवर्तते''

करुणरसोद्रेकं विलोक्यैव कवेरेतस्य कृतिषु शास्त्रकारैः कृतानि बहूनि प्रशंसापराणि वचनानि अवलोक्यन्ते। तत्र 'आर्यासप्तशत्यां' श्रीगोवर्धनाचार्येण भवभूतेर्भारतीगौर्योपमीयते। अस्य कवेः कारुण्यं प्रेक्षं-प्रेक्षं ग्रावाणः अपि भृशं प्रलपन्ति-

"भवभूतेः सम्बन्धाद् भूधरभूरेव भारती भाति।
एतत्कृत-कारुण्ये किमन्यथा रोदिति ग्रावा॥"

अयं नूनमेव करुणरसप्रवाहे कालिदासमपि अतिरिच्यते।

किं कारुण्यमिति जिज्ञासायां करुणरसस्य प्रवाह एव कारुण्यमिति वक्तुं शक्यते। करुणरसदृष्ट्या यदि अस्य नाटकत्रयं परीक्ष्यते तर्हि 'उत्तररामचरितस्यैव' सर्वातिशायित्वमवगम्यते।

महाकविभवभूतिः सर्वेषां रसानां मूलं करुणरसम् एव अङ्गीकरोति। अतः तेन उक्तं तृतीयाङ्के-

"एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्, भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्।
आवर्तबुद्बुतरङ्गमयान् विकारान्, अम्भो यथा सलिलमेव हि तत् समग्रम्॥''

संस्कृतवाङ्मये करुणरसाभिव्यक्तौ भवभूतेः तदेव विशिष्टं स्थानं वर्तते यत् शृङ्गारवर्णने महाकवेः कालिदासस्य नाटककाररूपेण। अनयोः द्वयोरेव प्रतिस्पर्द्धित्वं सर्वेषामपि विदितमेवास्ति।

भवभूतौ वैरदृष्ट्या साकं सूक्ष्म-अतिसूक्ष्म-अन्तरदृष्टिः अपि लभ्यते। आचार्यभवभूतेः कारुण्यप्लाविता रसधारा संसारस्य नश्वरतां प्रेक्षं-प्रेक्षं प्रसरति। प्रधानतया आचार्यो भवभूतिः सीतापरित्यागवृत्तान्तम् एव आश्रित्य स्वीयां करुणभावनां मूर्त्तरूपेण उपस्थापयति।

अयं कविः वनस्पतीनपि रोदयति, किं पुनःमानवान् छद्मप्रयोगेण रावणः यदा सीतामपहरत् तदा तद्वियोगविषण्णस्य रामस्यावस्थां विलोक्य ग्रावाणोऽपि निजां धीरतां मुञ्चन्त्येव वज्रस्यापि मानसं मार्दवं संश्रयते। तद् भवभूतेः पद्ये यथा–

''अथेदं रक्षोभिः कनकहरिणच्छद्मविधिना,
तथा वृत्तं पापैर्व्यथयति यथा क्षालितमपि।
जनस्थाने शून्ये विकलकरणैरार्यचरितै,
रपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्॥"

सीतापरित्यागसंतप्तस्य दाशरथेः तादृशी एवावस्था अजायत, यथा– पुटपाके कस्यचिद्धातोः। यथा–

"अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥"

रामस्य दुःखजामवस्थां कथमिव कविः सजीवत्वेन चित्रीकरोति। तस्य हृदयं शोकात् विदीर्यते परं द्वैधं न गच्छति, मोहमुपगतं चेतनतां न त्यजति, शोकेन देहः दह्यते परं च भस्मसात् भवितुं न क्षमते, धाता मर्मक्षतिं कुरुते किं च प्राणान् न अपनयति। तद्यथा–

"दलति हृदयं शोकोद्वेगाद् द्विधा तु न भिद्यते,
वहति विकलः कायो मोहं न मुञ्चति चेतनाम्।
ज्वलयति तनूमन्तर्दाहः करोति न भस्मसात्,
प्रहरति विधिर्मर्मच्छेदी न कृन्तति जीवितम्॥"

मर्यादापुरुषोत्तमः श्रीरामचन्द्रः प्रमत्तः एव लक्ष्यते तत्कृते समग्रमपि विश्वमन्धकारमयं प्रतीयते। मोहश्चेतनतां विस्तारयति हा किं वा शरणं का वा गतिः।

"हा हा देवि! स्फुटति हृदयं ध्वंसते देहबन्धः,
शून्यं मन्ये जगदविरलज्वालमन्तर्ज्वलामि।
सीदन्नन्धे तमसि विधुरो मज्जतीवान्तरात्मा,
विष्वङ्मोहः स्थगयति कथं मन्दभाग्यः करोमि॥''
अनेन प्रस्तुतभवभूतिगतवृत्तान्तेन इदमनुमीयते यत्–
"कारुण्यं भवभूतिरेव तनुते"

भारतीयदर्शनम्

शुभम सिंह
संस्कृत विशेष, द्वितीय वर्ष

दर्शनशब्दार्थ :- प्रेक्षणार्थकदृश् धातोः (दृशिर् प्रेक्षणे) ल्युट् प्रत्यये कृते दर्शनशब्दो निष्पद्यते। किं नाम दर्शनम्? दृश्यते अनेन इति दर्शनम्। येन साधनेन इदं विश्वम्, इदं वस्तुजातम्, ब्रह्म जीवात्मा प्रकृतिश्च यथार्थं दृश्यन्ते निरीक्ष्यन्ते परीक्ष्यन्ते समीक्ष्यन्ते विविच्यन्ते च तद् दर्शनम्। अतः समग्रमपि आध्यात्मिकम् आधिभौतिकं च विवेचनं दर्शनान्तर्गतं भवति। किं ब्रह्म? तस्य किं स्वरूपम्? कः ईश्वरः? के तस्य प्राप्तेरुपायाः? अस्मिन् जगति किं शाश्वतं तत्त्वम्? इयं सृष्टिः कुत आविर्बभूव? जीवात्मनः किं स्वरूपम्? कः पुनर्जायते? किं लिङ्गशरीरम्? जीवस्य कुतः उद्भूतिः? किं तस्य लक्ष्यम्? कथं मोक्षावाप्तिः? आत्मा चेतनोऽचेतनो वा? कः सृष्टेः कर्त्ता? किं जीवनस्य कर्तव्यम्? कश्च जीवनस्य साधिष्ठः पन्थाः इत्यादयोऽनुयोगा यत्र सुसूक्ष्मेण रूपेण विवच्यन्ते तद् दर्शनम् इत्यवगन्तव्यम्।

दर्शनानां वर्गीकरणम् -

भारतीयदर्शनानि स्थूलरूपेण द्विधा विभज्यन्ते-आस्तिकदर्शनानि, नास्तिकदर्शनानि च। यानि दर्शनानि वेदानां प्रामाण्यम् उरीकुर्वन्ति तानि आस्तिकदर्शनानि इति व्यपदिश्यन्ते। यानि च वेदानां प्रामाण्यं नोरीकुर्वते तानि नास्तिकदर्शनानि अभिधीयन्ते। चार्वाकजैनबौद्धदर्शनानि च नास्तिकदर्शनानि निर्दिश्यन्ते। विभाजनं चैतद् वेदानां प्रामाण्याप्रामाण्यमूलकमेवेति सम्यग् अवधारणीयम्।

दर्शनानां महत्त्वम् -

निखिलेऽपि भुवने पाश्चात्याः पौरस्त्याश्च विपश्चितो भारतीयदर्शनानां मुक्तकण्ठेन एकस्वरेण च महत्त्वं स्वीकुर्वन्ति। सत्यपि मतभेदे सत्यपि राष्ट्रियपक्षपाते, सत्यपि स्वोत्कर्षविचारे च भारतीयदर्शनानां महत्त्वविषये न कस्यापि विदुषो विप्रतिपत्तिः। विश्ववाङ्मये भारतीयदर्शनानि ज्ञानप्रभाभास्वरेण चिन्तनेन, स्वपरपक्षालोचननिपुणेन वैदुष्येण पूर्वाग्रहरहितेन, विश्लेषणेन, मनोज्ञया विवेचनशैल्या, हृदया भावाभिव्यक्त्या, रुचिरया पदावल्या च तरणिवत् तेजः समुच्चयेन चकासति।

प्राचीन काल में ऋषियों का संस्कृत में अतुलनीय योगदान एवं आधुनिक युग में संस्कृत का महत्व

गोलू कुमार
संस्कृत विशेष, तृतीय वर्ष

1. बौधायन शुल्बसूत्र (पाइथागोरस प्रमेय) (गणित क्षेत्र)-

वैदिक संस्कृत ग्रंथों का एक समूह है, जिसमें से बौधायन सूत्र के छह ग्रंथ हैं -

(1) बौधायन श्रौतसूत्र
(2) बौधायन कर्मान्तसूत्र
(3) बौधायन द्वैधसूत्र
(4) बौधायन गृह्यसूत्र
(5) बौधायन धर्मसूत्र
(6) बौधायन शुल्बसूत्र

बौधायन के छह ग्रंथों में से एक शुल्बसूत्र जिसमें पाइथागोरस प्रमेय का वर्णन मिलता है। ज्यामिति के विषय में प्रामाणिक मानते हुए सारे विश्व में यूक्लिड की ही ज्यामिति पढ़ाई जाती है मगर यह स्मरण रखना चाहिए कि महान यूनानी ज्यामिति शास्त्री यूक्लिड से पूर्व भारत में कई रेखागणितज्ञ ज्यामिति के महत्वपूर्ण नियमों की खोज कर चुके थे उन रेखागणितज्ञ में बौधायन का नाम सर्वोपरि है उस समय भारत में रेखागणित या ज्यामिति को शुल्बसूत्र भी कहा जाता है

(पाइथागोरस प्रमेय) -

बौधायन -

1. दीर्घस्याक्षणया रज्जुः पार्श्वमानी तिर्यकं मानी च।
   यत्पृथग्भूते कुरुतस्तदुभयांकरोति।।

   एक आयत का विकर्ण उतना ही क्षेत्र इकट्ठा बनाता है जितने कि उसकी लम्बाई और चौड़ाई अलग-अलग बनाती हैं।

2. चतुरश्रं मण्डलं चिकीर्षन्नक्ष्णयार्ध मध्यात्प्राचीमभ्यापातयेत्। यदतिशिष्यते तस्य सह तृतीयेन मण्डलं परिलिखेत् वर्ग के विकर्ण का आधा करो। यह वर्ग की भुजा से x बड़ा होगा जहाँ (x=a\2√2-a/2)

3. समस्य द्विकरणी प्रमाणं तृतीयेन वर्धयेत्तच्च चतुर्थेनात्मचतुस्त्रिंशोनेन सविशेषः।

वर्ग का विकर्ण (द्विकरणी)। (भुजा के) प्रमाण में उसके तिहाई भाग और फिर चौथाई भाग जोड़ दें, उसमें से इसके चौतीसवें भाग को घटा दें। अर्थात् विकर्ण का मान लगभग- √2~1+1/3+1/3.4-1@3.4.34= 577/408~414216

2. चरक संहिता (आयुर्वेद) (चिकित्सा क्षेत्र)

पुरातत्ववेत्ताओं के अनुसार संसार की प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद है। विभिन्न विद्वानों ने इसका रचना काल ईसा के 3,000 से 50,000 वर्ष पूर्व तक का माना है। ऋग्वेद-संहिता में भी आयुर्वेद के अतिमहत्त्व के सिद्धान्त यत्र-तत्र विकीर्ण है। चरक, सुश्रुत, काश्यप आदि मान्य ग्रन्थ आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद मानते हैं। इससे आयुर्वेद की प्राचीनता सिद्ध होती है।

(प्रयोजनं चास्य स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणं आतुरस्यविकारप्रशमनं च।।) (चरकसंहिता, सूत्रस्थान ३०/२६)

आयुर्वेद का उद्देश्य ही स्वस्थ प्राणी के स्वास्थ्य की रक्षा तथा रोगी के रोग को दूर करना है।

1. कायचिकित्सा -

कायचिकित्सानाम् सर्वांगसंश्रितानां व्याधीनां ज्वररक्तपित्त-शोषोन्मादापस्मारकुष्ठमेहातिसारादीनामुपशमनार्थश्म्। (सुश्रुत संहिता १.३)

इसमें सामान्य रूप से औषधिप्रयोग द्वारा चिकित्सा की जाती है। प्रधानतः ज्वर, रक्तपित्त, शोष, उन्माद, अपस्मार, कुष्ठ, प्रमेह, अतिसार आदि रोगों की चिकित्सा इसके अंतर्गत आती है।

2. शल्यतन्त्र -

शल्यं नाम विविधतृणकाष्ठपाषाणपांशुलोहलोष्ठस्थिवालनखपूयास्रावद्रष्ट्व्राणां-तर्गर्भशल्योद्धरणार्थं यंत्रशस्त्रक्षाराग्निप्रणिधान्व्राण विनिश्चयार्थंच। (सु.सू. १.१)।

विविध प्रकार के शल्यों को निकालने की विधि एवं अग्नि, क्षार, यंत्र, शस्त्र आदि के प्रयोग द्वारा संपादित चिकित्सा को शल्य चिकित्सा कहते हैं। किसी व्रण में से तृण के हिस्से, लकड़ी के टुकड़े, पत्थर के टुकड़े, धूल, लोहे के खंड, हड्डी, बाल, नाखून, शल्य, अशुद्ध रक्त, पूय, मृतभ्रूण आदि को निकालना तथा यंत्रों एवं शस्त्रों के प्रयोग एवं व्रणों के निदान, तथा उसकी चिकित्सा आदि का समावेश शल्ययंत्र के अंतर्गत किया गया है।

3. शालाक्यतन्त्र -

शालाक्यं नामऊर्ध्वजन्तुगतानां श्रवणनयनवदनघ्राणादिसंश्रितानां व्याधीनामुपशमनार्थम्।

(सु.सू. १.२)।

गले के ऊपर के अंगों की चिकित्सा में बहुधा 'शलाका' सदृश यंत्रों एवं शस्त्रों का प्रयोग होने से इसे शालाक्यतंत्र कहते हैं। इसके अंतर्गत प्रधानतः मुख, नासिका, नेत्र, कर्ण आदि अंगों में उत्पन्न व्याधियों की चिकित्सा आती है।

3. चाणक्य (अर्थशास्त्र) राजनीति, कूटनीति क्षेत्र

चाणक्य द्वारा रचित अर्थशास्त्र नामक ग्रन्थ राजनीति, अर्थनीति, कृषि, समाजनीति आदि का महान ग्रंन्थ है। अर्थशास्त्र मौर्यकालीन भारतीय समाज का दर्पण माना जाता है।

'कौटिल्य अर्थशास्त्र' में ऐसी चर्चाओं को देखकर ही मुद्राराक्षसकार कवि विशाखादत्त चाणक्य को कुटिलमति (कौटिल्यः कुटिलमतिः) कहा है ।

यह ठीक है कि कौटिल्य ने शत्रुनाश के लिए अनैतिक उपायों के करने का भी उपदेश दिया है। परन्तु इस सम्बन्ध में अर्थशास्त्र के निम्न वचन को नहीं भूलना चाहिए एवं दूष्येषु अधार्मिकेषु वर्तेत, न इतरेषु। (5/2)

अर्थात्- इन कूटनीति के उपायों का व्यवहार केवल अधार्मिक एवं दुष्ट लोगों के साथ ही करे, धार्मिक लोगों के साथ नहीं। (धर्मयुद्ध में भी अधार्मिक व्यवहार सर्वथा वर्जित था। केवल कूट-युद्ध में अधार्मिक शत्रु को नष्ट करने के लिए इसका प्रयोग किया जा सकता था।)

4. नाट्यशास्त्र (भरत मुनि) (संगीत,नाटक, अभिनय, नृत्य इत्यादि क्षेत्र)

नाट्य (नाटक और नृत्य) को पाँचवाँ वैदिक शास्त्र होने दें। सद्गुण, धन, आनंद और आध्यात्मिक स्वतंत्रता की ओर उन्मुख एक महाकाव्य कहानी के साथ , इसमें हर शास्त्र का महत्व होना चाहिए, और हर कला को आगे बढ़ाना चाहिए।

नाट्यशास्त्रमिदं रम्यं मृगवक्त्रं जटाधरम्।
अक्षसूत्रं त्रिशूलं च विभ्राणा च त्रिलोचनम्।

नाट्य संबंधी नियमों की संहिता का नाम 'नाट्यशास्त्र' है। भारतीय परंपरा के अनुसार नाट्यशास्त्र के आद्य रचयिता स्वयं प्रजापति माने गए हैं और उसे 'नाट्यवेद' कहकर नाट्यकला को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया है।

ऋषियों का योगदान	**आधुनिक काल उपयोग**
1. नाट्यशास्त्र -	फिल्म इंडस्ट्री में
2. अर्थशास्त्र -	भारतीय अर्थव्यवस्था में एवं कूटनीति एवं राजनीति इत्यादि क्षेत्र में

3. शुल्बसूत्र – गणित के क्षेत्र में
4. आयुर्वेद – चिकित्सा के क्षेत्र में

सन्दर्भ – बौधायन का शुल्बसूत्र, आयुर्वेद, अर्थशास्त्र नाट्यशास्त्र सभी उपयोग प्राचीन काल में ऋषियों द्वारा किये जाते थे लेकिन इन ऋषियों ने अपना श्रेय कभी नहीं लिया जिसके चलते उन्हें कुछ ही लोग जान पाये थे।

1835 में मैकाले शिक्षा पद्धति आने के बाद हमारी प्राच्य शिक्षा पद्धति को समाप्त कर दिया गया। टीबी मैकाले प्राच्य शिक्षा का घोर विरोधी था और प्राच्य शिक्षा के बारे में उसका कथन था कि "एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय का केवल एक शेल्फ ही भारत और अरब के समूचे साहित्य के बराबर है।" वर्तमान समय में कुछ-कुछ परिवर्तन देखने को मिलता है लेकिन भारत में लम्बे समय तक मैकाले शिक्षा होने से उसका प्रभाव आज भी देखने को मिलता है।

हिंदी

खण्ड

संपादकीय

डॉ. चैनसिंह मीणा
हिंदी विभाग

डॉ. संदीप कुमार रंजन
हिंदी विभाग

पिछले कुछ वर्षों के विपरीत परिस्थितियों से निकलकर मानवीय समाज पुनः अपनी समग्रता में लौटा है। उल्लेखनीय है कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को कोरोना वायरस ने व्यापकता से प्रभावित किया। शिक्षण कार्य भी इस कोरोनाकालीन अवधि में बहुत अधिक प्रभावित हुआ। लेकिन विषम परिस्थितियों में बुरे अनुभवों के बीच जीवन की सार्थकता का आभास सभी को हुआ। प्राकृतिक संरक्षण और आपदा प्रबंधन की दिशा में पर्याप्त चिंतन-मनन हुआ। समाज सामूहिक जागरूकता की दिशा में आगे बढ़ा। प्रौढ़ पीढ़ी के साथ युवा पीढ़ी ने अपनी सक्रियता से मानवता के समक्ष उपस्थित संकट को दूर किया।

आज तकनीकी विकास ने असंभव को संभव किया है। अब मनुष्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में प्रवेश कर रहा है। इसकी संभावनाओं और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। भारत इस बार जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। निरंतर मजबूत होती अर्थव्यवस्था के चलते भारत आने वाले समय में समूचे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। युवा शक्ति भारत देश को और समृद्ध करेगी।

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अंकुर' (सत्र 2022-2023) का प्रकाशन अत्यंत हर्ष का विषय है। वस्तुतः यह पत्रिका वार्षिक गतितिविधियों के रूप में महाविद्यालय का दर्पण है। महाविद्यालय के सभी अनुशासनों से जुड़े प्राध्यापक और विद्यार्थी इस पत्रिका के माध्यम से निरंतर रचनात्मकता को विस्तार दे रहे हैं। जीवन-जगत से जुड़ी तमाम गतिविधियों को मौलिक रचनाओं के माध्यम से व्यापक धरातल पर चित्रित किया जा रहा है। यह अंक वैविध्यपूर्ण है। इस अंक में गद्य खण्ड के अंतर्गत एक तरफ वर्तमान सामाजिक मूल्यों की पड़ताल की गई है, तो दूसरी तरफ भक्त कवियों की सांस्कृतिक चेतना की। एक तरफ स्वातंत्रयोत्तर भारत के राजनीतिक परिदृश्य पर विचार किया गया है, तो दूसरी तरफ वर्तमान में युवाओं की भूमिका पर। पद्य खण्ड के अंतर्गत कविताओं द्वारा माता, पिता, बेटी, देश-प्रेम, कर्तव्य बोध एवं हिंदी भाषा आदि की सुंदर अभिव्यक्ति हुई है। आपके समक्ष 'अंकुर' का यह अंक प्रस्तुत है। सभी को हार्दिक बधाई!

गद्य खण्ड

वर्तमान सामाजिक परिदृश्य : संस्कृति के सरोकार

डॉ. इन्दु दत्ता
हिंदी विभाग

समकालीन समाज का रूप, आज का समाज, आज के समाज का वास्तविक रूप इत्यादि एक ही विषय हैं जो पर्यायवाची हैं – वर्तमान सामाजिक परिदृश्य के। 'समाज' से अभिप्राय है सामुदायिक जीवन की ऐसी अनवरत और नियामक व्यवस्था जिसका निर्माण व्यक्ति पारस्परिक हित और सुरक्षा के निमित्त जाने-अनजाने कर लेता है। दूसरे शब्दों में कहें तो 'समाज' व्यक्ति समूह से निर्मित, विशिष्ट उद्देश्य से बनाई गई संस्था है जिसका उद्देश्य व्यक्ति समाज की रक्षा है। यह उद्देश्य व्यक्तिपरक न होकर आवश्यक रूप से सार्वजनिक होता है। 'समाज' का उत्तरदायित्व है कि वह अपने बीच रहने वाले व्यक्तियों के मध्य पारस्परिक सहयोग का भाव विकसित करे ताकि उनमें एकता, शांति व सौहार्द्र स्थापित हो सके। शताब्दियों पहले 'समाज' के निर्माण के पीछे इसी प्रकार की भावना कार्यरत थी परंतु तब से अब तक 'समाज' की अवधारणा में अत्यधिक परिवर्तन आ चुका है जिसे मैं आगे बताने का प्रयास करूँगी। आज विश्व में विशिष्ट समुदाय या राष्ट्र मात्र ही 'समाज' की संज्ञा से अभिहित नहीं होते बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में संपूर्ण विश्व ही 'समाज' का रूप धारण करता जा रहा है। 'समाज' की थोड़ी-सी परिभाषा जानने के बाद जरा संस्कृति को भी जान लें।

चूँकि व्यक्ति-समूह से समाज की निर्मिति होती है तो व्यक्ति सृष्टि का सर्वोत्तम प्राणी है। मानवेतर प्राणी आज भी रहन-सहन निवास, खान-पान आदि के संबंध में अभी अपनी आदिम अवस्था में ही है। मनुष्य ने अपने जीवन को आदिम अवस्था से विकसित कर आज के रूप तक लाने में बुद्धि, बल व अनथक प्रयत्नों का सहारा लिया जिसमें वह सफल भी हुआ। इसी विकसित जीवन पद्धति से संस्कृति का संबंध मोटे रूप से कहा जा सकता है।

'संस्कृति' शब्द 'कृ' धातु में 'सम्' उपसर्ग और 'क्तिन्' प्रत्यय जोड़कर 'सुट्' के आगम से निष्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है परिष्करण या परिमार्जित करने का भाव। मोनियर विलियम्स ने 'संस्कृति' शब्द का अर्थ बताया है – ''तैयार करना'' संस्कार द्वारा पवित्र करना, रचना या प्रयत्न द्वारा कार्य की सम्पन्नता।''[1] संस्कार का अर्थ है- ''शुद्धि की धार्मिक क्रियाओं तथा व्यक्ति के दैहिकमानसिक व बौद्धिक परिष्कार हेतु किए जाने वाले अनुष्ठान जिनसे वह समाज का पूर्ण विकसित सदस्य बन सके।''[2] डॉ. मंगलदेव शास्त्री ने 'छांदोग्य उपनिषद्' से अंश उद्धृत करते हुए उसमें संस्कृति के विषय में कहा है- ''समस्त सामाजिक जीवन की समाप्ति संस्कृति में ही होती है। विभिन्न सभ्यताओं का उत्कर्ष तथा अपकर्ष संस्कृति द्वारा ही मापा जाता है।''[3] अतः कहा जा सकता है कि 'संस्कृति' शब्द का प्रयोग प्राचीन समय से होता रहा है पर इसमें वर्तमान संस्कृति के अर्थ की छाया भी है। यह भी सर्वविदित है कि हिंदी में यह 'कल्चर' का पर्याय रूप है।

संस्कृति का स्रोत आत्मिक चिंतन ही है जो मनुष्य के सामाजिक आचार-विचार, पर्व-त्यौहार, रीति-रिवाज, धर्म-नीति, अध्यात्म-कला आदि के माध्यम से प्रकट होता है। शंभुनाथ पांडे मानते हैं कि- ''संस्कृति का संबंध निर्दिष्ट समाज के विशिष्ट आचार-विचार, क्रियाकलाप तथा अनुचिंतन के साथ होता है जो मानवता के विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं तथा प्रत्येक समाज का चिंतन भिन्न होता है। संस्कृति का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव रहता है क्योंकि संस्कृति मानवता को असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से ज्योति की ओर, अनैतिकता से नैतिकता की ओर अग्रसित करती है।''

समाज के रीति-रिवाजों व नियमों में ही मानव-जीवन का रहस्य निहित है। अत: अपने समाज को भली-भाँति समझ कर हम सरलतापूर्वक किसी भी काल की सभ्यता, संस्कृति, रहन-सहन, वेशभूषा, खान-पान आदि के विषय में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय समाज बहुत पुराना व जटिल है। 5000 वर्ष पूर्व की ज्ञात सभ्यता से आज तक एक लंबी अवधि इस समाज में समाहित है। इसकी विविधता, जीवंतता व समृद्धि में इसकी मिली-जुली संस्कृति का भी योगदान है।

मूल्यों का निर्माण समाज या सामाजिक चेतना से संबद्ध है। मूल्य समाज के सामूहिक प्रयत्नों का परिणाम होते हैं जिन्हें समय-समय पर व्यष्टिहित से ऊपर उठकर समष्टिहित के लिए परिकल्पित करते रहते हैं। अत: सामाजिक मूल्य व्यक्तिगत प्रयास से उत्पन्न होकर भी समूह के हित के लिए होते हैं। मूल्यों का विकास मनुष्य ने परिश्रम से किया है। सत्य, अहिंसा, सहानुभूति आदि मूल्य उसे यदि परंपरागत समाज से प्राप्त हैं तो भी जीवन में उनकी परिणति प्रयत्न द्वारा ही संभव है। इन मूल्यों में प्रथम है - सांस्कृतिक मूल्य। ''सांस्कृतिक मूल्य समाज के भौतिक, भावात्मक तथा कलात्मक क्षेत्रों की वे उपलब्धियाँ हैं जो समस्त समाज तथा कई पीढ़ियों के सामहिक प्रयत्न का परिणाम होते हैं।''[4] अत: कह सकते हैं कि सांस्कृतिक मूल्य ऐसी मान्यताएँ हैं जो व्यक्ति तथा समूह के मंगल के लिए अनिवार्य होती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों में धार्मिक-दार्शनिक मूल्य, ईश्वर, इहलोकवाद, भाग्यवाद, निष्काम कर्म, अहिंसा, सहिष्णुता व समन्वय, मोक्ष या निर्वाण आते हैं। सामाजिक-नैतिक मूल्यों में मर्यादा, पारिवारिक सौहार्द्र, प्रणय, नारी गरिमा, परहित, व्यक्ति व समाज का सामंजस्यपूर्ण संबंध इत्यादि आते हैं। राजनीतिक मूल्यों में शासन व्यवस्था, राजा-प्रजा के संबंध, शासक व शासित के दायित्व अधिकारों से संबद्ध पक्ष आते हैं। इसके अंतर्गत राजतंत्र, राष्ट्रवाद, जनहित, न्यायशक्ति इत्यादि आते हैं। आर्थिक मूल्यों में समृद्धि, श्रम, गरिमा आदि आते हैं। कला मूल्यों में रस, शिवम्, ईमानदारी, प्रयोगधर्मिता इत्यादि हैं। वर्तमान समाज के परिदृश्य में यह मूल्य आज अपने परिवर्तित तथा विकसित रूप में दृष्टिगत होते हैं।

सामाजिक मूल्यों से संबद्ध होकर वर्गों तथा मनुष्यों के पारस्परिक संबंध और इनके समस्त व्यवहार सामान्य रूप से स्वीकृत होकर संस्कृति का रूप खड़ा करते हैं। संस्कृति का अर्थ सर्जनात्मक अभिव्यक्ति भी है। व्यक्ति बाह्य-भौतिक जीवन तथा आंतरिक-मानसिक जीवन, दोनों दृष्टियों से सर्जनात्मकता में लीन रहता है। चूँकि संस्कृति का अर्थ परिपक्वता भी है अर्थात् नैतिक, बौद्धिक परिपक्वता व्यक्ति को नीतिसंगत निर्णय लेने व तद्नुसार आचरण के लिए प्रेरित करती है। ऐसा व्यक्ति दया, उदारता, सेवा आदि सद्गुणों को अपनाते हुए ऋषि, महात्मा या संत आदि कहलाता है। वह दुर्व्यसनों तथा दुर्व्यहारों से दूर रहता है।

संस्कृति जीवन से भागने का नहीं बल्कि समाज व जीवन से मानव को जोड़ने का प्रयास है। संस्कृति में समाज कल्याण व आध्यात्मिक जीवन की प्रगति की भावना सन्निहित रहती है। समाज विशेष की संस्कृति को सामाजिक आचार-विचार, गीत-संगीत, नृत्य, कला, साहित्य, रीति-रिवाज, व्रत, नीति धर्म, अध्यात्म आदि के माध्यम से सहज ही जाना जा सकता है। भारतीय संस्कृति का मूल बिंदु 'अध्यात्म' है जिसमें आत्मा को परमात्मा का अंश माना जाता है व हर कार्य करने से पहले 'परमात्मा की पूजा' की जाती है। इसमें धर्म से रहित कोई कार्य नहीं होता। हमारी संस्कृति में चार वर्गों की कल्पना की गई है - 'धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष'। 'कर्म' को हमारी संस्कृति में अत्यधिक महत्त्व दिया गया है। महाभारत में भी कहा गया है - ''कर्मण्येवाधि कारस्ते मा फलेषु कदाचन...।'' हमारे यहाँ संकीर्णता का स्थान नहीं है। स्वयं कष्ट उठाकर 'दूसरों की सहायता' करने पर बल दिया गया है। यह भावना केवल अपने परिवार, समाज, देश तक सीमित नहीं है बल्कि विश्व के सभी पशु-पक्षियों व मनुष्यों के लिए भी है। 'अतिथिदेवोभव' की भावना भी है। 'गुरु, माता-पिता के प्रति अनन्य भक्ति' का भाव मिलता है। 'मित्र के प्रति आस्था' भी मिलती है।

भारतीय संस्कृति का मुख्य तत्व रहा है 'अहिंसा'। हमारे यहाँ 'मनसा, वाचा, कर्मणा' से अहिंसा पर बल है। 'सहिष्णुता' पर बल दिया गया है। 'संयम' पर विशेष जोर है उच्छृंखलता पर नहीं। 'मितभाषिता' तथा 'मौन' का सूत्र भी यहीं मिलता है। क्रोध के लिए हमारी संस्कृति में कोई स्थान नहीं बल्कि 'क्षमा' की प्रतिष्ठा है। जो क्षमा करे वही उत्तम विद्वान है। हमारे यहाँ 'दान' की महिमा रही है। विद्या दान, गोदान, कन्या दान परलोकहित के साधन माने गए हैं। इन सबके अतिरिक्त कम में ही संतोषी हो जाना, बड़ों की सेवा व सम्मान करना,ग्रहण के स्थान पर त्याग को महत्त्व देना, कृतज्ञता ज्ञापन करना इत्यादि को भी पूरा-पूरा महत्त्व दिया गया है। इन सबके अतिरिक्त रेडियो, सिनेमा, टेलीविजन व इंटरनेट इत्यादि में भी भारतीय संस्कृति का अच्छा-बुरा रूप देखा जा सकता है।

'भूमंडलीकरण' का सीधा संबंध संस्कृति से जुड़ा है। सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, धार्मिक इत्यादि मुद्दे भूमंडलीकरण से प्रभावित हुए हैं। व्यक्ति के स्तर पर भी भूमंडलीकरण ने पूरे विश्व को प्रभावित किया है। विश्व में खासतौर पर यूरोप में नारी को प्राप्त स्वतंत्रता व स्वावलंबन भारतीय नारी को प्रभावित करता है। आर्थिक व वैयक्तिक आजादी के लिए वह आज भी संघर्ष करती है। संयुक्त परिवार को भी भूमंडलीकरण से पूरी तरह नुकसान पहुँचा है। इसकी वजह से हमारे भारतीय समाज के मूल्यों का पतन हुआ। यह पतन जिस सीमा तक वर्तमान समय में हो रहा है उसके बारे में हमारे पूर्वजों ने भी नहीं सोचा होगा। उसमें चाहे नैतिक मूल्य हो, परिवार का बिखराव हो, भाई-बहन, संतान व माता-पिता के रिश्तों में दूरी हो, स्त्री-पुरुष संबंधों में तनाव हो, उनके संबंध-विच्छेद हों, युवा-वर्ग का देश व समाज के प्रति अलगाव और भटकाव हो या फिर परायेपन की भावना इत्यादि हो इन सबके माध्यम से भूमंडलीकरण का स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है।

भूमंडलीकरण न केवल बाहरी प्रभाव को देश के स्तर पर ला रहा है वरन् भारतीय प्रभावों को भी विदेश ले जा रहा है। सांस्कृतिक धरातल पर भी पाश्चात्य प्रभाव निरंतर देखा जा सकता है। नग्नता, हिंसा आदि प्रवृत्तियों को प्रश्रय मिल रहा है। आर्थिक धरातल पर अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। टेलीफोन,

मोबाईल, इंटरनेट इत्यादि के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ नुकसान भी बहुत हुआ है। युवाओं पर काफी बुरा प्रभाव मल्टीमीडिया, मासमीडिया आदि के कारण पड़ा है। व्यवसाय पर भी इसका प्रभाव पड़ा। चाईनीज सामान का प्रभाव बड़े तबके पर पड़ा है। व्यापारों में ही नहीं मानव भी अपने निजी जीवन में मशीनी उपकरणों के प्रयोग से बचा नहीं रह पाया। इन सबके अलावा भूमंडलीकरण से अश्लीलता का रूप भी सामने आया है। आज के युवा वर्ग का परिधान इसका स्पष्ट उदाहरण है।

प्रसिद्ध विद्वान सी.एम. जोड़ ने लिखा है - ''जब मैं पैदा हुआ था तब मेरे देश में घर थे। अब जबकि मैं बूढ़ा होकर मर रहा हूँ तो मेरे देश में घर जैसी कोई चीज नहीं है। यदि है तो केवल मकान।'' बदलती सामाजिक तस्वीर से वे वृद्धावस्था में कितना दुखी थे, उनकी इस वेदना को उनका उपरोक्त कथन स्पष्टतः परिलक्षित करता है। आज भौतिक संस्कृति की चकाचौंध ने समाज को बुरी तरह प्रभावित किया है। फलस्वरूप 'दिखावे की संस्कृति' की पदचाप साफ-साफ सुनाई देने लगी है। आज जो वर्तमान पीढ़ी आँख बंद करके पाश्चात्य सभ्यता को अपनाने की होड़ में लगी है ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि भारतीय संस्कृति के सामाजिक परिवेश को अक्षुण्ण बनाने में हम गंभीर प्रयास करें। आज आवश्यकता है वर्तमान समाज में मूल्यों पर बल देने की। मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने की। पाश्चात्य संस्कृति के दुष्प्रभावों से समाज की रक्षा करने की। भारतीय संस्कृति का पोषण करते हुए उसे अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य है क्योंकि संस्कृति ने हमें मानवता सिखाई है। सहिष्णुता, करुणा भाव, परोपकार इत्यादि भावों को गंभीर रूप से अंगीकार करने की आवश्यकता है तभी भारतीय संस्कृति विश्व पटल पर उच्चतम शिखर तक पहुँचने में कामयाब होगी।

अंत में भवानी प्रसाद मिश्र द्वारा रचित ऐतिहासिक खंडकाव्य 'कालजयी' की पंक्तियों से प्रस्तुत वाचन समाप्त करुँगी -

''बंधन हैं दुःख, सुख भी बंधन हैं
ये तट हैं जिनमें बहना पड़ता है,
जब तक सागर मिल जाए न धारा को,
तब तक अन्वेषण हैं,
हों एक छोर पर गति, दूसरे पर शांति,
व्याकुल अब इसके लिए प्राण-मन है।''

1 सर मोनियर विलियम्स, संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी, पृष्ठ - 1120-21
2 डॉ. राजबलि पांडेय, हिन्दू संस्कार, पृष्ठ - 19
3 डॉ. मंगलदेव शास्त्री, वैदिक धारा, पृष्ठ - 3-4
4 जी. आर. जाकायन, परिशोध, संपादक - इंद्रनाथ मदान, पृष्ठ - 22

मणिपुर यात्रा : अनुभवों से अनुभूति का सफर

डॉ. प्रकाश
हिंदी विभाग

यात्राएँ जीवनानुभव का महत्त्वपूर्ण हिस्सा होती हैं। जब आप किसी यात्रा पर होते हैं तो सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान की दूरी भर तय नहीं कर रहे होते बल्कि जीवनानुभवों में बहुत कुछ जोड़ रहे होते हैं। इसी क्रम में यात्राएँ आपको समृद्ध करती जाती हैं। दुनिया के कई रहस्य यात्राओं से ही सुलझे और बहुत कुछ अनजाना यात्राओं से ही जाना गया। उन यात्राओं का अनुभव ही अलहदा होता है जहाँ आप बिना किसी योजना के चल पड़ते हैं। ऐसी यात्राएँ आपको वह अनुभव देती हैं जो और कहीं से नहीं मिल सकता है। ऐसी ही एक यात्रा पर आपको ले चलता हूँ। यह यात्रा भारत के उस हिस्से की है जिसको लेकर शेष भारत के लोगों की समझ अखबारों और अफवाहों से बनी है। अखबारों और अफवाहों में जो वहाँ का चित्रण है उसमें हिंसा, अलगाव है जबकि यह वहाँ की असल तस्वीर नहीं है। भारत का यह खूबसूरत हिस्सा अपनी संस्कृति, भाषा और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्‌भुत केंद्र है। इसकी एक बड़ी पहचान सांस्कृतिक विविधता और सामुदायिक चेतना है। इसको समझे और महसूस किए बिना आप भारत के इस हिस्से को नहीं समझ सकते हैं। हिंदी पट्टी के पास इस हिस्से कीजो भी समझ है वह राजनैतिक पाठ के रूप में है। वह पाठ भी आधा-अधूरा ही है। यहाँ की संस्कृति, भाषा, रहन-सहन, खान-पान, जीवनचर्या, रीति-रिवाज, तीज-त्योहार आदि को लेकर कोई ठीक-ठीक समझ भी देखने को नहीं मिलती है। लोग इस सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के अद्‌भुत केंद्र से अनभिज्ञ हैं। पर्यटन के लिए इधर का रुख कम ही लोग करते हैं। उसका कारण अज्ञानता, अफवाह और अखबारी समझ ही है। इससे बाहर निकलने के लिए यात्रा जरूरी है तभी आप भारत के इस रमणीय हिस्से पूर्वोत्तर को जान व समझ सकते हैं। इस यात्रा से पहले आपके यात्री की समझ भी नॉर्थ-ईस्ट को लेकर अखबारों की कतरन- और दिल्ली में पढ़ाई करने आने वाले नॉर्थ-ईस्ट के बच्चों के मार्फत ही बनी थी। उसमें सकारात्मक से ज्यादा नकारात्मक धारणा ही प्रबल थी लेकिन नॉर्थ-ईस्ट हमेशा मेरी रुचि का क्षेत्र रहा। उसे और गहरे से जानने व समझने की इच्छा रही। लिखने-पढने के साथ यात्राओं का चस्का जब से लगा तब से ही नॉर्थ-ईस्ट की यात्रा करना जहन में था लेकिन अब वह दिन आ चुका था।

यह यात्रा दिल्ली से तब आरंभ हुई जब नॉर्थ-ईस्ट का एक राज्य मणिपुर आदिवासी बिल को लेकर चल रहे आंदोलन के कारण सुर्खियों में बना हुआ था। इसी समय वहाँ ILP (Inner Line Permit) को लेकर भी आंदोलन चल रहा था। इन सारी स्थितियों के बावजूद मुझे नॉर्थ ईस्ट के इस राज्य को लेकर खासी दिलचस्पी थी। यह यात्रा मात्र एक पर्यटक की यात्रा भर नहीं थी बल्कि बहुत सारे सवालों और वहाँ के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक समीकरणों को जानने की जिज्ञासा से भरी हुई थी। दिल्ली में विजय नगर से रात

के तकरीबन 9.30 बजे निकलने के साथ ही यह यात्रा आरम्भ हो गई थी। 'ब्रह्मपुत्र मेल' की एस-5 में सीट नंबर 34 पर रात के 11.40 बजे पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से निकलते ही दिमाग़ में बहुत कहा-अनकहा, सुना-अनसुना चलने लगा। इस ट्रेन से दीमापुर तक जाना था और फिर वहाँ से आगे की यात्रा तय करनी थी। दिल्ली से ट्रेन खुलने के साथ ही दिमाग भी खुलने लगा। दिल्ली से दीमापुर तक 44 घंटे और 2282 किलोमीटर के सफर में 50 से भी ज्यादा घंटे लग गए। इस ट्रेन की यह खासियत थी कि वह हर स्टेशनुमा जगह पर रुकती जरुर थी। दिल्ली से 53वां स्टेशन दीमापुर का है लेकिन यह ट्रेन करीब 80 स्टेशन पर तो रुकी ही होगी। खैर, 50 घंटे की इस थकावट वाली यात्रा के बाद रात के 2 बजे दीमापुर स्टेशन पर पहुँच ही गया। इस ट्रेन के ज्यादातर यात्री मणिपुर और नागालैंड के ही थे तो ट्रेन में सफर में ही मुझे कुछ-कुछ जानने-समझने को मिल गया था।

अब दीमापुर पहुँचने के बाद इम्फाल जाने के साधन के बारे में पता किया तो एक नाम सुनाई दिया 'विंगर'। सोचने लगा कि भला ये विंगर क्या बला है! खैर जब तक मैं इस बारे में सोचता तभी एक आदमी ने कहा "भैया चलीं, रेलवे स्टेशन के बाहर से मिलेगा, मुझे भी इम्फाल जाना है और मैं वहीं रहता हूँ"। साथ चलने का प्रस्ताव देने वाला यह व्यक्ति बिहार से था और इम्फाल में उसकी दुकान थी। इसके बाद विंगर में बैठ गया जिसमें 10 लोगों के अतिरिक्त 12 बत्तखें भी थी। इन 10 लोगों में 6 लोग मणिपुर के अलग-अलग जिलों से, 3 व्यक्ति बिहार से जो इम्फाल में काम करते थे और एक मैं रात के 3 बजे के आस-पास विंगर दीमापुर से चला तो सीधे नागालैंड पुलिस के एक चौक-पोस्ट पर रुका। घने जंगलों से पटा यह क्षेत्र अंधकारमय था लेकिन तभी एक वर्दीधारी आदमी ने विंगर के अंदर टॉर्च से देखा और आगे की सीट पर बैठे दोनों लोगों को आई कार्ड दिखाने को कहा। उन दोनों ने पहले से ही आई-कार्ड हाथ में रखा था और कहने से पहले ही दिखा दिया। इसके बाद टॉर्च का उजाला मेरी तरफ आया और मुझे देखते ही पुलिस के उस जवान ने कहा 'मयांग' (जो नॉर्थ ईस्ट से बाहर का आदमी हो) अपना परमिट दिखाओ। इस कहने में जोर थोड़ा ज्यादा था लेकिन मैंने उसी त्वरा के साथ कहा परमिट नहीं है। मुझे गाड़ी से बाहर निकलने को कहा गया और ऐसा कहते ही विंगर का चालक कहने लगा "अभी तो कितना टेंशन चल रहा है तुमको बिना परमिट के नहीं आना चाहिए। मैं आपके लिए नहीं वेट करूँगा"। मैंने ड्राइवर से कहा मुझे 5 मिनट दो अगर देर हुई तो चले जाना। यहाँ तक का किराया मैं आपको दे दूँगा। इस बात पर ड्राइवर थोड़ा शांत हुआ और मैं नीचे उतर कर उनके ऑफिसर से मिला। ऑफिसर ने मेरा पता, फोन नम्बर नोट करने और आई-कार्ड देखने के बाद कुछ हिदायतों के साथ जाने को कहा। यात्रा का अनुभव और रोमांच यहीं से आरम्भ हो गया था। इसके बाद तो घने जंगलों के बीच से विंगर सांय-सांय करते हुए निकल रहा था और मैं अगले किसी अनुभव के लिए खुद को तैयार कर रहा था। नागालैंड की सीमा खत्म हुई तो मणिपुर का पहला गाँव माओ आया। यहाँ सब यात्रियों ने चाय पी। मैंने चाय के साथ ही इस जगह के बारे में जानने में उत्सुकता दिखाई। चाय बना रही तकरीबन 50 वर्ष की महिला ने हिंदी के स्पष्ट लहजे में कहा यह मणिपुर का गेट और मेरा गाँव है। कुछ देर यहाँ रुकने के बाद विंगर फिर इम्फाल की ओर चल पड़ा।

माओ से तकरीबन 2 किलोमीटर ही निकले थे कि विंगर खराब हो गया। बहुत कोशिश करने के बाद भी ठीक न होने पर सब लोग अपनी-अपनी व्यवस्था से निकलने लगे। मैंने भी एक ट्रक को हाथ दिया और फिर आगे की यात्रा ट्रक से हुई। मुझे जाना इम्फाल था लेकिन ट्रक को सेनापति तक ही जाना था। सेनापति से बस के जरिए इम्फाल पहुँच गया। रात को इम्फाल पहुँचने के बाद अगले दिन तड़के सुबह यहाँ के प्रसिद्ध इमा कैथेल बाजार जाना हुआ। सड़क से लेकर बाजार और लोगों के व्यवहार तक में कहीं से वो बातें नहीं थी जो अक्सर नॉर्थ ईस्ट को लेकर गढ़ी जाती हैं। यह बाजार महिलाओं के प्रतिनिधित्व का बेहतरीन उदाहरण है। मणिपुर की महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का ही प्रतीक इमा कैथेल या नुपी कैथेल मणिपुर की राजधानी इंफाल के बीचों-बीच स्थित है। मणिपुरी भाषा में 'इमा' का मतलब 'माँ' और 'कैथेल' का मतलब 'बाजार' होता है। एक तरह से यह माताओं का बाजार है। इस नाम के पीछे का एक सीधा कारण जो मुझे नजर आया वह यह कि इस बाजार में सभी महिलाएँ लगभग 35 से 60 वर्ष के बीच की थीं। इस बाजार में 10 हजार से ज्यादा महिलाएँ काम करती हैं। महिलाओं के द्वारा संचालित यह बाजार अपनी एक अलग पहचान रखता है। दुनिया का शायद यह इकलौता बाजार होगा जहाँ सिर्फ और सिर्फ महिला दुकानदार ही हैं। इंफाल शहर के ख्वाईरंबन्द (Khwairamband) नामक इलाके में स्थित यह बाजार, पुराना बाजार, लक्ष्मी बाजार और नया बाजार नाम से बड़े-बड़े तीन कॉम्प्लेक्स में विभाजित है. इन तीनों में अलग-अलग वस्तुएँ मिलती हैं। जैसे नया बाजार में सब्जी, मछली और फल मिलते हैं तो वहीं लक्ष्मी बाजार में परंपरागत कपड़े और अन्य घरेलू सामान। इसके अंदर छोटी-छोटी पंक्ति में 15-16 दुकानें हैं। इस बाजार का अपना एक सिस्टम है। अंदर दुकानें लगाने के लिए लाइसेंस (license) का होना जरूरी है जोकि IMC (Imphal Municipal Council) जारी करती है। इसके लिए कुछ पैसे साल के किराए के तौर पर IMC को देने होते हैं। जिन महिलाओं के पास लाइसेंस नहीं होता वह बाजार के बाहर पटरी पर बैठकर सामान बेचती हैं। इनकी तादाद भी बहुत अधिक है। पटरी पर सामान बेचने वाली अधिकांश महिलाएँ इंफाल से दूर पहाड़ी जिलों जैसे-बिशनुपुर, उखरुल, सेनापति, चंदेल, तामेंगलोंग, चुराचांदपुर आदि से आती हैं। इनमें से कुछ महिलाएँ तो पटरी पर बैठकर अपना सामान खुद बेचती हैं तो कुछ महिलाएँ सारा सामान वहाँ दुकान वाली महिलाओं को बेचकर अपने घर चली जाती हैं। इसी संरचना के साथ यह बाजार चलता है।

अपने तरह के इस अनूठे बाजार के इतिहास के बारे में ठीक-ठीक जानकारी तो नहीं है कि ये कब और किन परिस्थितियों में अस्तित्व में आया परंतु इस बाजार पर अध्ययन करने वाले व कुछ इतिहास की किताबें बताती हैं कि यह मणिपुर के राजा के शासन काल से ही है। तब यह बाजार मणिपुर के व्यापार का मुख्य केंद्र था लेकिन समय के साथ कई परिवर्तन इस बाजार में भी आए हैं। मणिपुर के मानवाधिकार कार्यकर्ता धनावीर लाइशरम (Dr. Dhanabir Laishram) बताते हैं कि "यह बाजार आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ राजनैतिक गतिविधियों का भी बड़ा केंद्र है। मणिपुर के महिला आंदोलन का केंद्र भी इमा कैथेल है। यहाँ 'लंच' के समय महिलाएँ विभिन्न राजनैतिक, सामाजिक मुद्दों पर बात करती हैं। एक तरह से मणिपुरी महिलाओं की राजनैतिक चेतना की प्रयोगशाला के तौर पर इस बाजार को देखा जा सकता है। यहाँ एक आवाज पर कई

हजार महिलाएँ जमा हो जाती हैं लेकिन समय और राजनैतिक पार्टियों के 'इनवॉल्वमेंट' और 'इन्ट्रेस्ट' के कारण बाजार की एकता भी खंडित हुई है। अब मीटिंग से लेकर आंदोलनों में बाजार की एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी ही होती है। आप देखिए इसी बाजार की उपज, मणिपुर का सबसे सशक्त महिला संगठन, 'मइरापाईबी' (meirapaibi) निकला है"। यह बाजार अपने आप में मणिपुर की महिलाओं की संघर्षगाथा का प्रतीक है। इस यात्री ने हिंदी पट्टी की नजर से जब इस बाजार को देखा तो कुछ अजूबा सा लगा लेकिन जब वहाँ सामान बेच रही महिलाओं से बात की तो समझ आया कि आत्मनिर्भर होने के मायने क्या हैं! हम जैसे पुरुषवादी बाजार संरचना के अभ्यस्त लोगों के लिए यह आश्चर्य और कौतूहल दोनों पैदा करने वाला था। इस बाजार के कुछ अलिखित नियम हैं जो इसकी खूबसूरती भी है। यहाँ यदि कोई कपड़ा बेच रहा है तो वह कपड़ा ही बेचेगा सब्जी या कुछ और नहीं बेच सकता। यह कोई लिखित कानून नहीं है पर इस बात का सब लोग ध्यान रखते हैं। कई महिला आंदोलनों का गवाह रहा यह बाजार मणिपुर की आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ राजनैतिक गतिविधियों का भी बड़ा केंद्र है।

पूर्वोत्तर का यह छोटा सा राज्य अपने भीतर असीम संभावनाएँ समेटे हुए है। जरूरत है तो यहाँ के लोगों और भौगोलिक स्थितियों को समझने की। शेष भारत से कटा यह राज्य अपनी सांस्कृतिक विरासत में श्रेष्ठ है। दुनिया को गोल्फ जैसा खेल देने वाला यह राज्य दिल्ली की सत्ता की उदासीनता को वर्षों से सहता आ रहा है। उत्सवधर्मी मणिपुर विभिन्न समुदायों (मैतेयी, नागा, कुकी) की साझी विरासत का बेजोड़ नमूना है। जिस मणिपुर को शेष भारत के लोग जानते हैं दरअसल वह टीवी की स्क्रीन और अखबार के पन्नों का मणिपुर है जबकि वास्तविक मणिपुर की तस्वीर उससे भिन्न है। पर्यटन के लिहाज से मणिपुर में 'लोकटक झील' का जिक्र बार-बार आता है लेकिन मणिपुर को समझने के लिए यहाँ के हाट, 'लैकई' (मोहल्ले) और बड़े-बड़े खेल के मैदानों को देखना चाहिए तभी मणिपुर की वास्तविक तस्वीर से रु-ब-रु हुआ जा सकता है। चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा यह राज्य एक आस भरी नजर से हर दिल्ली से आने वाले को देखता है और उसका स्वागत करता है। 3 महीने की नॉर्थ ईस्ट यात्रा के 26 दिन इस यात्री के मणिपुर में बीते। इन 26 दिनों में ही नॉर्थ ईस्ट को लेकर जो छवि पहले से बनी थी वह धुंधली होने लगी और भारत के इस खूबसूरत राज्य को जितना जाना उतना ही इसकी सामाजिक, सांस्कृतिक परम्परा से परिचित होता गया। 'काश सभी इससे परिचित हो पाते' की टीस के साथ यहाँ से वापस कोहिमा के लिए विंगर ले लिया। वापसी में विंगर न खराब हुआ न किसी ने रोका-टोका। इसके बाद 18 दिन की यात्रा नागालैंड की रही। जिस पर फिर कभी...

भक्त-कवियों की सांस्कृतिक चेतना

गौरव वर्मा
हिंदी विभाग

भक्ति आंदोलन का सांस्कृतिक रूप- इस युग का सांस्कृतिक रूप एक उल्लेखनीय महत्त्व रखता है। हिंदू मुस्लिम-सम्बंध, मुस्लिम समाजों पर हिंदू संस्कृति का प्रभाव, हिंदू समाज पर इस्लाम संस्कृति का प्रभाव। ये दो संस्कृतियाँ दीर्घ काल तक संघर्षरत रहकर भी एक-दूसरे से अछूती न रह सकी जिसका परिणाम आगे चलकर सांस्कृतिक समन्वय के रूप में दृष्टि गोचर होता है। संस्कृति समन्वय के साथ ही दूसरी सर्वप्रधान घटना हिंदू-संस्कृति के नवीन जागरण की है। इस समन्वय के परिणाम स्वरूप दोनों ही समाजों ने एक-दूसरे की रीति-नीतियों सामाजिक प्रथाओं तथा उपासना-पद्धति की भी अनेक बातें सीखी। इस सम्पर्क में भारतीय ज्योतिष, गणित तथा दर्शन का विदेशों में प्रचार हुआ तथा ज्ञान-विज्ञान की अनेक बातों का प्रचार तथा प्रसार विदेशों से भारत में हुआ। इस संपर्क द्वारा एक नई जन भाषा का क्रमशः विकास हुआ जो आगे चलकर उर्दू कहलाई जिसकी लिपि फारसी है यह वस्तुतः खड़ी बोली हिंदी की एक शैली मात्र है। इस सांस्कृतिक समन्वय से वास्तुकला, संगीतकला, चित्रकला तथा साहित्य की अभिवृद्धि हुई है। समकालीन सांस्कृतिक जागरण जो कि देश के जन-जीवन के बीच भक्ति आंदोलन के रूप में उत्तर भारत में प्रसार पाता जा रहा था तथा दूसरे मुस्लिम शासकों तथा संगीतज्ञों द्वारा कलात्मक तथा सांस्कृतिक समन्वय का सतत् प्रभाव इस युग के इतिहास की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना हिंदू धर्म तथा संस्कृति की जागृति के प्रतिनिधित्व करने वाले भक्ति-आंदोलन की है और उसने अध्यात्म-साधना तक ही नहीं प्रस्तुत समकालीन जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करने के साथ ही भारतीय जनता को अमर आश्वासन भी प्रदान किया है।

निर्गुण और सगुण भक्त-कवियों की सांस्कृतिक चेतना-

दार्शनिक चिंतन के परिप्रेक्ष्य में- दर्शन का लक्ष्य बड़ा विराट है वह मानव को व्यापक धरातल प्रदान करता है उसे वैयक्तिक क्षुद्रता से ऊपर उठाता है इस संदर्भ में डॉ. देवराज का यह कथन रेखांकनीय है कि- 'दर्शन हमें जीवन की क्षुद्र स्थितियों से ऊपर उठाकर शिव-ब्राह्मण्ड की हलचल के केन्द्र में स्थापित कर देता है।'

अद्वैतवादी विचारधारा- शंकर के अद्वैतवाद का तात्पर्य है। आत्मा-परमात्मा की एकता। इस मतानुसार आत्मा और परमात्मा में कोई भेद नहीं है और यदि इस भेद की प्रतिति होती है तो अविद्या या अज्ञान के कारण शंकराचार्य ने ब्रह्म संत्य जगन्मिथ्या कहकर ब्रह्म की सत्यता तथा जगत के मिथ्यातत्व की व्यंजना की है। अद्वैत दर्शन में ब्रह्म को निर्गुण, निराकार, निरपेक्ष निर्विकार, सर्वव्यापी रेखांकित किया है जिसका प्रभाव निर्गुण काव्यधारा के संतमार्गी कवियों पर है।

विशिष्टताद्वैतवादी चिंतन- उन्होंने वेदान्त और वैष्णव धर्म के सेतु निर्मित करके भक्ति को सुदृढ़ दार्शनिक पीठिका प्रदान की। रामानुजाचार्य के अनुसार ब्रह्म चित् और अचित् (जड़-प्रकृति) दोनों तत्वों से संयुक्त है वहीं एक मात्र सत्ता है चित् और अचित् दोनों तत्वों को ब्रह्म के अधीन बताते हुए उन्हें ईश्वर की देह माना गया है। रामभक्ति शाखा इसी दर्शन से प्रभावित है।

रामानंद की विचारधारा- श्री सम्प्रदाय के स्वामी राघवानंद को रामानंद का गुरु माना जाता है। रामानंद ने अपने (रामावत सम्प्रदाय) में ब्राह्मण-शूद्र सभी को समान भाव से महिमा-गरिमा प्रदान की। रामानंद के सभी शिष्यों ने इसका अनुकरण किया।

जैन धर्म की धारणाएँ- जैन धर्म एवं साहित्य में वैदिक कर्मकाण्ड वर्ण भेद, बलि, ब्राह्मचार तथा ईश्वर की सत्ता का प्रबल विरोध मिलता है इसका प्रभाव संत कवियों पर पड़ा है।

सिद्धों के सिद्धांत- बौद्ध सिद्धों के सिद्धांत का भी प्रभाव हिंदी की निर्गुण काव्यधारा पर पड़ा है बौद्ध ध र्म दो शाखाओं में विभक्त हो गया- महायान और हीनयान। महायान से तन्त्रयान और तन्त्रयान वज्रयान में तथा वज्रयान सहज यान में परिणत हुआ। सहजयानी सिद्धों ने मूर्ति-उपासना, तीर्थव्रत तथा अन्याय धार्मिक बाह्यचारों का प्रबल विरोध और धर्म को सहज सरल तथा सर्वजन सुलभ बनाने का किया इनका भी प्रभाव संत कवियों पर पड़ा।

नाथ पंथ- 'नाथ' पंथ, शैव धर्म के अन्तर्गत आता है। हठयोग मूलक साधना-पद्धति, नैतिक उपदेश धर्म के नाम पर हो रहे अंधविश्वासों और पाखण्डों का डटकर विरोध किया कबीर आदि पर नाथ पंथ का भी प्रभाव है।

इस्लाम धर्म और सूफी सिद्धांत- इस्लाम धर्म एकेश्वरवाद का पोषक है कलमा पढ़ना, नमाज पढ़ना, रोजा रखना, हज, जकात आदि इस्लाम धर्म की प्रधान प्रवृत्तियाँ है। संतों की निर्गुण-उपासना और प्रेम-साधना पर इस्लामी एकेश्वरवाद और सूफियों पर प्रेम पद्धति का प्रभाव है। सूफी-संत-साधक-कवि इश्क मिजाजी से लेकर इश्क हकीकी की ओर जाते हैं। और अंत में रूपक तल के माध्यम से सम्पूर्ण कथा को आध्यात्मिक संकेत से अन्वित करते हैं।

सामाजिक चिंतन के परिप्रेक्ष्य- निर्गुण में संत काव्यधारा-साहित्य और समाज का संबंध बहुत गहरा है। संत काव्य में व्यंजित सामाजिक संस्कार और सामाजिक रीतियाँ। प्रत्येक समाज में विशिष्ट-विशिष्ट अवसरों-अवस्थाओं के लिए विशेष-विशेष संस्कार होते है ये संस्कार हमारी संस्कृति के बोधक-परिचायक होते हैं।

विवाह- कबीरदास विवाह के समय समग्र परिवेश (मंगलगान) ब्राह्मणों द्वारा मन्त्रोच्चारण भांवर आदि के बारे में लिखते हैं कि-

'दुलहनी गावहु मंगलचार
हम घरि आये हो राजा राम भरतार'

सूफी काव्य में समाज- प्रेमाख्यानक काव्यों में उल्लिखित सामाजिक प्रसंगों के आधार पर कहा जा सकता है कि रचनाकारों ने अपनी कृतियों को सामाजिक धरातल के दर्शन कराये हैं। उक्त कृतियों के माध्यम से कवियों ने मध्यकालीन भारतीय हिन्दू और मुस्लिम समाज के सामाजिक जीवन के विविध पक्षों को अत्यंत सहज रूप से अपने काव्यों में पिरोया है।

दीपावली- पद्मावत में तरुण स्त्रियों के द्वारा गीत गाने तथा अंगों को मोड़-मोड़कर झुमक कर गाते हुए दीपावली मनाने का उल्लेख हुआ है-

'सखि झूमक गावहिं अंग मोरी, हों झूरौ बिछरी जेहि जोरी
सखि मानहिं तेवहार सव गाइ देवारी खेलि'

रामकाव्य धारा का समाज- 'सर्वाधिक उल्लेखनीय बात यह है कि गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस ने हमारे आलोच्य युग से लेकर आज तक भारत के जनमानस को अनुप्राणित किया है।' रामकाव्य में संस्कृति और समाज का स्वरूप दो प्रकार से अभिव्यक्त हुआ है। एक तो आदर्श पक्ष है। दूसरे उसकी समकालीन वस्तु स्थिति है। तुलसी ने समकालीन समाज की आर्थिक विषमता प्रकाश डाला है। 'कवितावली' के वर्णन अपेक्षाकृत अधिक यथार्थपरक, वास्तविक और मार्मिक है। कलिकाल में दरिद्रता, दुर्भिक्ष, दुख और कुशासन दिनों-दिन दूने होते जा रहे हैं, सुख और अच्छे कार्य घटते जा रहे हैं-

'दिन-दिन दूनो देखि दारिदु, दुकालु, दुख,
दुरितु, दुराजु सुख-सुकृत सकोच है।'

कृष्ण काव्य का समाज- सूर ने जिस समाज की सृजना अपने काव्य में की वह स्पष्ट रूप से ग्रामीण तथा नगर जैसी दो संस्कृतियों में बँटा हुआ समाज है। नगर का प्रतिनिधित्व मथुरा नगरी करती है तथा ग्रामीण संस्कृति की व्याख्या नंदगाँव, बरसाना, गोकुल आदि के माध्यम से की गई है।

नागरिक समाज- सूर ने मथुरा तथा द्वारिका का वर्णन करते समय जिन ऊँचे-ऊँचे महलों, ऊँची-ऊँची हीरा रत्न से मणिमय युक्त भवनों का चित्रण किया है वे निश्चित रूप से उस सामंतवादी व्यवस्था द्वारा निर्मित नगरों की समृद्धि की ओर संकेत करते हैं-

'चितवन मन्दिर भए आवासा। महल-महल लागे मनि पासा।'

ग्रामीण समाज- कृष्ण का जन्म नन्द परिवार की ही खुशी का कारण नहीं है प्रत्युत पूरे गाँव के लिए हर्ष का विषय है तभी तो नन्द के घर मेला लगा हुआ है-

'आजु नन्द के द्वारै भीर
इक आवतं इक जात विदा, है, इक ठाढे मन्दिर कै तीर'

धर्म और अर्थ के परिप्रेक्ष्य में-

संत काव्यधारा- संतों के समय धर्म के वास्तविक स्वरूप का लोप हो गया था लोगों ने बाह्यचारों एवं बाह्यडम्बरों को ही धर्म का मूल रूप मान लिया था। इसलिए संतों ने ब्राह्यचारों एवं ब्राह्यडम्बरों के खण्डन से लोक मानस को धर्म के मूल रूप को समझने के लिए उद्‌बोधित किया, जातीय एकता की स्थापना की, कबीर ने लिखा है। निर्गुण संतों ने सत्य को सबसे बड़ा धर्म और पुण्य माना है ये संत की सबसे बड़ी तपस्या और असत्य को सबसे बड़ा पाप मानते हैं जिसके हृदय में सत्य है उसके हृदय में ईश्वर का निवास होता है यानी वह ईश्वर तुल्य होता है-

'साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप
जाके हिरदे साँच है, ताके हिरदे आप।'

आर्थिक जीवन- कबीर ने लिखा है कि उस समय बड़ा दुख होता है जब समाज का एक वर्ग तो भक्ति-भजन में निग्मन है और दूसरा वर्ग खूब परिश्रम करके (हरि स्मरण) छोड़कर भी अपने पूरे परिवार का पालन-पोषण नहीं कर पाता उसके परिवार वाले जब भूखे मरते हैं तो उन्हें दुख होता है-

'हरि का सिमरन छाडि कै पाल्यौ बहुत कुटंब
धंधा करता रहि गया, भाई रहा न बंधु।'

सूफी काव्यधारा- मध्ययुगीन प्रेमाख्यानक काव्यों में हिन्दू धर्म तथा उसमें प्रचलित विभिन्न मत का उल्लेख मिलता है विशेष रूप से जायसी इत्यादि कवियों ने तद्‌युगीन समय में प्रचलित पंथों को स्पष्ट रूप से निर्देश प्रस्तुत किया है।

धार्मिक ग्रंथ- पद्मावत में हीरामन सुग्गा गुरु के प्रतीकार्थ प्रयुक्त हुआ है। एक अवसर पर वह रत्नसेन से कहता है कि मैं चारों वेदों का पण्डित हूँ-

'चतुर वेद हौं पंडित हीरामनि नाँउ'

आर्थिक जीवन- मध्ययुगीन प्रेमाख्यानक काव्यों में कथानक का केन्द्र बिन्दु समाज का उच्च राजकीय वर्ग रहा है। तदयुगीन समाज के आर्थिक जीवन की झाँकी दिखाई पड़ती है। इन रचनाओं में व्यापार, उद्योग-धंधों, विभिन्न व्यवसायों का उल्लेख हुआ है।

रामभक्ति शाखा में धार्मिक जीवन- वेद-पुराण तथा श्रुति आदि शास्त्रों के प्रति भारत के आध्यात्मिक जीवन के अन्तर्गत श्रद्धाभावना का संस्कार चिरकाल से प्रतिष्ठित है। तुलसीदास ने लिखा है-

'तुलसी सुमिरत राम, सुलभ फलचारि
वेद-पुराण पुकारत, कहत पुरारि

आगम-निगम पुराण कहत करि लीक
'तुलसी रामनाम-कर सुमिरन नीक'

तीर्थराज प्रयाग तथा त्रिवेणी-संगम आदि के सांस्कृतिक परिदृश्य का वर्णन किया गया है।

'कासी विधि बसि तन तजै हठि तनु तजे प्रयाग
तुलसी जो फल सो सुलभ, रामनाम अनुराग'

राम काव्य में आर्थिक जीवन- 'मानस' के कलियुग-वर्णन के प्रसंग पर इनके जो निर्देश मिलते हैं उनके आधार पर किसान के पास खेती नहीं है। भिखारी को भीख नहीं मिलती, वणिक का व्यापार बंद है, चाकर को चाकरी नहीं मिलती। जीविका-विहीन होकर दुखी लोग इधर-उधर घूमते हुए एक-दूसरे से कह रहे हैं कहाँ जाएँ, क्या करें-

'खेती न किसान को, भिखारी को न भीख बलि
बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी
जीविका विहिन लोग सीद्यमान सोच बस
कहै एकएकन सो कहा जाई का करी'

सूर काव्य की धार्मिक भावना- मध्ययुग में सामान्य जनमानस में राम और श्री कृष्ण दोनों को भू-भार उतारने वाला परमब्रह्म का अवतार मानता था। सुर ने कृष्ण के अतिरिक्त ब्रह्म जो पौराणिक देवता है उनका भी वर्णन किया है 'बाल-वत्सहरण' प्रसंग में ब्रह्म-ब्रज के बछड़ों का हरण करके उन्हें ब्रह्मलोक पहुँचा देते हैं और ब्रह्म के अवतार कृष्ण उनकी पुनः सृष्टि करके ब्रह्म का गर्व हरते हैं-

'बाल- बच्छ हरे चतुरानन, ब्रह्म लोक पहुँचाए
सूरदास प्रभु गर्व विनासन, नवकृत फेरि बनाए।'

कृष्ण काव्य की आर्थिक व्यवस्था- पशुपालन भारत का प्राचीन व्यवसाय रहा है। सूर ने अनेक प्रसंगों में इसकी ओर संकेत किया है। गाँवों में बसने वाले गरीबों कृषकों के सुरक्षित जीवन का आधार गोधन ही होता है जिसके माध्यम से वे दधि-माखन का व्यवसाय किया करते थे। सूर की गोपियाँ तो दही बेचने प्रातः काल ही मथुरा शहर की ओर चल पड़ती हैं-

'ब्रज जुवतीं मिलि करतिं विचार
माखन, दधि धृत साजातिं मटुकी मथुरा जान बिचारै॥'

राजनीति के परिप्रेक्ष्य में- संत काव्यधारा मध्यकाल में शासन व्यवस्था दीवान, मंत्री और सूबेदारों के माध्यम से चलती थी। कबीर ने लिखा है कि गाँव का किसान पटवारी से आक्रांत रहता था। वह पटवारी बड़ा धूर्त है। वह बेगार लेता है और अनेक प्रकार से तंग करता है-

'हरि के लोगा मोकौ नीति डसै पटवारी
उपर भुजा करि मैं गुरु पहि पुकारा तिन हौ लिया उबारी'

सूफी काव्य- पद्मावत में कवि ने प्रतिनायक के रूप में अलाउद्दीन को प्रस्तुत किया है। शासन व्यवस्था ऐसी है कि अलाउद्दीन संकेत देते हुए कहता है कि सातों द्वीपों से चुन-चुन कर लाई गई स्त्रियाँ उसके महल में हैं। इनकी संख्या सोलह सौ बतलाई गई है।

'सप्त दीप महँ चुनि-चुनि आनी। मोरे सोरह सौ रानी'

रामकाव्य का राजनीतिक जीवन- भारतीय संस्कृति के इस पक्ष को राम काव्य के अन्तर्गत दो प्रकार से प्रस्तुत किया जा सकता है- राजनीतिक आदर्श, समकालीन परिस्थितियाँ। रामराज्य कोई आध्यात्मिक उपब्धि नहीं है वह ब्रह्मनन्द या अमृत सरोबर का रस पीने या परमसमाधि की स्थिति नहीं है वह संसार के दैहिक, दैविक, भौतिक तापों से मुक्त हो जाने की स्थिति है-

'दैहिक दैविक भौतिक तापा। रामराज्य काहुहिं नहिं व्यापा'

रामराज्य में अयोध्यावासी उदार परोपकारी ही नहीं है विप्रों के चरण सेवक भी हैं- 'सब उदार सब पर उपकारी, विप्र चरन सेवक नर नारि।।'

सूर काव्य में राजनीति-शासन- व्यवस्था में नंद को भी कंस ने दस गाँव दान में दे दिए, जिससे उन्हें वहाँ के स्थानीय निवासी सरदार कहकर बुलाते हैं-

'कंस दई यह लोक बड़ाई, गॉउ दसक सरकार कहाई'

संत काव्य की सांस्कृतिक चेतना- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने उनके सांस्कृतिक महत्त्व का जो समुचित मूल्यांकन किया है उनकी मुख्य बातें उल्लेखनीय हैं। 'इसमें सन्देह नहीं है कि कबीर ने ठीक मौके पर जनता के उस बड़े भाग को संभाला जो नाथ पंथियों के प्रभाव से प्रेम भाव और भक्ति रस से शून्य और शुष्क पड़ता जा रहा था। उनके द्वारा यह बहुत ही आवश्यक कार्य किया गया है। मनुष्यत्व की सामान्य भावना को आगे करके निम्न श्रेणी की जनता में उन्होंने आत्म-गौरव का भाव जगाया और उसे भक्ति के ऊँचे से ऊँचे सोपान की ओर बढ़ने के लिए बढ़ावा दिया। अशिक्षित और निम्न श्रेणी पर इन संतो-महात्माओं का बडा भारी उपकार है। आचारण की शुद्धता पर जोर देकर आडम्बरों का तिरस्कार करके आत्म गौरव का भाव उत्पन्न करके उन्होंने उसे ऊपर उठाने का प्रयत्न किया।' कहा जा सकता है आचार्य शुक्ल का ये कथन उनके युगानुरूप सांस्कृतिक जागरण तथा साधना क्षेत्रीय आन्दोलन का द्योतन करता है। जातिगत ऊँच-नीच की भेद-भावना की स्थिति में बल तथा प्रलोभन दोनों के द्वारा हिन्दू समाज के दुर्बल तत्व इस्लाम की ओर उन्मुख हो रहे थे और यह तत्कालीन भारत की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक समस्या थी। अत: उनके निदान की दृष्टि से देखा जाए तो सन्त काव्य तथा उसके प्रेरणाओं द्वारा परवर्तित यह सांस्कृतिक एवं सामाजिक उत्क्रांति का नि:संदिग्ध रूप से ऐतिहासिक महत्त्व है।

सूफी काव्य की सांस्कृतिक चेतना– सांस्कृतिक समन्वय के कार्य में सूफी संतों का भी बहुत बड़ा हाथ रहा है सूफी संतो ने जहाँ इस्लाम के शान्तिपूर्ण प्रचार में योगदान किया। इसके साथ ही उनके प्रभाव से भारतीय हिन्दू जाति में भी पीरों के मजारों की पूजा होने लगी। अनेक सूफी कवियों ने अपनी रचनाओं द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य को अलंकृत किया। प्रेम–साधना तथा सूफी प्रेमाख्यान काव्यधारा इन्हीं की देन कहा जा सकता है। इस हिन्दू–मुस्लिम दोनों ही समाजों ने एक–दूसरे की रीति–नीतियों, सामाजिक प्रथाओं तथा उपासना पद्धति की भी अनेक बातें सीखीं। वास्तु चित्र, नृत्य तथा संगीत आदि कलाओं से संबंधित विवेचन से यह युग भारतीय कलाओं के क्षेत्र में नवोन्मेष का रहा है। जिससे सभी कलाओं के विकास को समुचित अवसर मिला है। प्रेमाख्यानक काव्यों के आधार पर समकालीन संस्कृति के स्वरूप का जो विवेचन किया गया है उससे प्रकट है कि रचनाओं के अन्तर्गत मिलने वाले निर्देश अनेक ऐसे तथ्य भी प्रकाशित करते हैं जो कि इतिहास–ग्रंथों में स्थान पाने से अछूता ही रहे।

राम भक्ति काव्य की सांस्कृतिक चेतना– भारत में संस्कृतियों का जो विराट समन्वय हुआ है, रामकथा उसका अत्यन्त उज्ज्वल प्रतीक है। सबसे पहले तो बात यह है कि इस कथा से भारत की भौगोलिक एकता ध्वनित होती है। एक ही कथा–सूत्र में अयोध्या, किष्किंधा और लंका तीनों के बंध जाने के कारण सारा देश एक ही दिखता है, दूसरे इस कथा पर भारत का सभी प्रमुख भाषाओं में रामायणों की रचना हुई। जिनमें से प्रत्येक अपने–अपने क्षेत्र में लोकप्रिय रही। तुलसी आदि कवियों ने धार्मिक एवं सामाजिक कट्टरताओं पर कबीर आदि की भाँति तीक्ष्ण प्रहार न करते हुए उसके स्थान पर समन्वय की भावना खड़ी की तथा इस भावना को आधार बनाकर उन्होंने हिन्दू धर्म के अन्तर्गत प्रचलित विभिन्न सम्प्रदायों के द्वेष–भाव को समाप्त करने का प्रत्यन्न किया है। इन्होंने राम के चरित्र–चित्रण में एक सर्वांगीण सम्पन्न जीवन का चित्र अंकित किया है। साथ ही यह भी बताया है कि जीवन को हमें किस रूप में देखना चाहिए जीवन की पूर्णता का अनुभव और उसके प्रति कर्तव्य–भावना जागृत करने वाला आधुनिक युग के लिए तुलसी का सन्देश महत्त्वपूर्ण है। उनकी वाणी आज भी हमारे लिए प्रेरक है। संस्कृति की दृष्टि से अगर भाषा पर विचार किया जाए जन भाषा द्वारा ही रामचरित का गान प्रस्तुत किया और वह रचना सर्वजनोपयोगी बनी।

कृष्ण भक्ति काव्य की सांस्कृतिक चेतना– कृष्ण काव्यधारा में भक्त कवियों ने अपनी आध्यात्मिक विचारधारा में कृष्ण के लोक रंजनकारी स्वरूप को प्रतिष्ठित करते हुए जन साधारण को आध्यात्मिक अधिष्ठान प्रदान करके उसके कल्याण का मार्ग प्रस्तुत किया। अराध्य के बाल्य तथा मधुर रूपों की प्रधानता प्रतिष्ठा होने के कारण उसमें आकर्षण के साथ ही हृदय स्पर्शी सरसता विद्यमान है। जीवन की मान्यताएँ सत्संग तथा ब्रज भूमि के प्रति श्रद्धाभावना प्रदान की है। इस युग की राजनीतिक परिस्थितियाँ, राजकर्मचारियों के अनुकूल तथा जन–साधारण की सुख–समृद्धि के दृष्टिकोण से प्रतिकूल कही जा सकती है। समकालीन जन जीवन के पर्वोत्सवों, क्रीडा–विनोद, सामाजिक रहन–सहन एवं संस्कारों आदि सामान्य जनता के पारिवारिक जीवन के मनोरम दृश्यों, जन साधारण में प्रतिष्ठित कला के विविध लौकिक एवं स्थानीय रूपों के जैसे मार्मिक और विशद चित्र उनमें मिलते हैं। वे भावुक भक्तों को रसमग्न करने के साथ–साथ देश के सांस्कृतिक इतिहास के अनेक अपरिचित किन्तु महत्त्वपूर्ण तथ्यों को प्रकाश में लाते हैं। कह सकते हैं कि इस कारण इस धारा की

रचनाएँ केवल काव्य कला की उत्कृष्टता मार्मिकता अथवा भावुक भक्तों की रसमग्न करने वाली सरसता के ही दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण नहीं है, प्रत्युत उनका सांस्कृतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

संदर्भ सूची :

1. संस्कृति का दार्शनिक विवेचन- डॉ. देवराज, पृष्ठ 38
2. कबीर ग्रन्थावली- डॉ. श्यामसुंदर दास, पद-1, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
3. पद्मावत- व्याख्याकार वासुदेव शरण अग्रवाल, नागमती वियोग-खण्ड, पृष्ठ 421-22, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2010
4. मध्यकालीन हिंदी काव्य में भारतीय संस्कृति-मदनगोपाल गुप्त, पृष्ठ 377, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली
5. लोकवादी तुलसीदास- विश्वनाथ त्रिपाठी, पृष्ठ 87, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
6. सूरसागर- सं. धीरेन्द्र वर्मा, दशम स्कंध-पद 3109, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाशन इलाहाबाद, पंचम संस्करण, 1986
7. सूरसागर- सं. धीरेन्द्र वर्मा, दशम स्कंध-पद 15, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाशन इलाहाबाद, पंचम संस्करण, 1986
8. कबीर ग्रंथावली- संपा. श्यामसुन्दर दास, पृष्ठ 79, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
9. कबीर ग्रंथावली- श्यामसुन्दर दास, साखी पद-169, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
10. पद्मावत- व्याख्याकार वासुदेव शरण अग्रवाल, स्तुति-खंड, पृष्ठ 12, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण 2010
11. बरवै रामायण- तुलसीदास, बरवै संख्या-3
12. दोहावली, तुलसीदास, दोहा-14
13. लोकवादी तुलसीदास- विश्वनाथ त्रिपाठी, पृष्ठ 87, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
14. सूरसागर- सं. धीरेन्द्र वर्मा, दशम स्कंध, पद 436, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाशन इलाहाबाद, पंचम संस्करण, 1986
15. सूरसागर- सं. धीरेन्द्र वर्मा, दशम स्कंध, पद-4148, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाशन इलाहाबाद, पंचम संस्करण, 1986
16. कबीर ग्रथावली श्यामसुन्दर दास, पद-30, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
17. जायसी ग्रंथावली, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 580, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी
18. लोकवादी तुलसीदास- विश्वनाथ त्रिपाठी, पृष्ठ 103, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
19. लोकवादी तुलसीदास- विश्वनाथ त्रिपाठी, पृष्ठ 105, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
20. सूरसागर- सं- धीरेन्द्र वर्मा, दशम स्कंध, पद-885, साहित्य भवन प्राइवेट लिमिटेड, प्रकाशन इलाहाबाद, पंचम संस्करण, 1986
21. हिंदी साहित्य का इतिहास- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 60, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, तेइसवां संस्करण, 1990

स्वातंत्र्योत्तर भारत के विघटित राजनीतिक मूल्यों का दस्तावेज : 'घासीराम कोतवाल'

नरेन्द्र गुर्जर
हिंदी विभाग

विजय तेंदुलकर का नाटक 'घासीराम कोतवाल' एक ऐसा नाटक है जिसकी सामग्री इतिहास से ली गई है इस नाटक में तेंदुलकर ने राजनीतिक मूल्यों का किस प्रकार विघटन हो रहा है इस समस्या को उठाया है। किसी भी समाज के मूल्य उचित होने चाहिए क्योंकि अगर हमारे मूल्य ही उचित ना हो तो हमारा समाज कभी विकास नही कर सकता। ना केवल यह नाटक राजनीतिक मूल्यों के विघटन की बात करता है बल्कि इसी के साथ-साथ राजनीति की आड़ में हो रहे स्त्रियों के शोषण और वेश्यावृत्ति की समस्याओं को उजागर करता। नाटक में दिखाया गया है की सत्ता की ताकत को ये राजनीति करने वाले लोग कैसे मासूम बच्चियों को अपनी हवस का शिकार बनाते हैं और स्वार्थ पूरा होने पर उनकी हत्या करा देते हैं। कानून भी इन लोगों का साथ देता, चाहे ये कितने भी पाप और बलात्कार क्यों ना करें, इनकी इज्जत बरकरार रहती है। वह राजनीति करने के चक्कर में अपने अंदर की संवेदना को खो चुके हैं। अब उसके लिए राजनीति से बढ़ कर कुछ नहीं। यह नाटक आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। स्वतंत्रता के पश्चात राजनीतिक मूल्यों का जो विघटन समाज में हुआ, उसका प्रभाव साहित्य पर भी पडा। स्वतंत्रता से पूर्व जो सपने लोगों ने संजोए, वह सब टूट गये। राजनीति और सत्ता के लालच ने व्याक्ति के मन में घृणित भाव की आग को भर दिया था। बेरोजगारी, संत्रास एवं अकेलेपन आदि ने लोगों के अंदर की संवेदना को खत्म कर दिया। जिसको भलि-भांति नाटक में तेंदुलकर ने अभिव्यक्त किया है।

बीज शब्द

स्वातंत्र्योत्तर, विघटित, राजनीति, मूल्य, कोतवाल, इतिहास, वेश्यावृत्ति, उजागर, उचित, मासूम।

प्रस्तावना

विजय तेंदुलकर मराठी साहित्य के सफलतम नाटककारों में से एक है। 'घासीराम कोतवाल' में उन्होंने इतिहास की सामग्री को मूल आधार बनाया है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि यह इतिहास की पुनरावृत्ति मात्र है। किसी आलोचक का कथन है कि- "कोई इतिहास साहित्य नहीं हो सकता, हाँ साहित्य अवश्य ही इतिहास बन सकता है। इसका कारण यह है कि इतिहास केवल राजाओं, महाराजाओं के भोग-विलास, उनके क्रूर अत्याचार, युद्ध आदि की कहानी सुनाता है। परंतु यह कहानी नहीं है क्योंकि यह असत्य है। उसमें केवल पाशविक, प्रवृत्तियों का ही चित्रण है। जबकि साहित्य में मन की कोमल भावनाओं, सदवृत्तियों, उच्च विचारों को आधार बनाकर मानवीय चरित्र की विविधताओं को दर्शाया जाता है।"[1]

अनेक विद्वानों, आलोचकों ने साहित्य को समाज का दर्पण माना है। लगभग प्रत्येक साहित्य में लेखक अपने युग की परिस्थितियों का यथार्थ रूप में चित्रण करता है जो रचना समाज या युग से प्रभावित नहीं होती, वह चिर-स्थायी भी नही इस नाटक में विजय तेंदुलकर ने अपने समय को यथार्थ रूप में वर्णित किया है। जिसके लिए उन्होंने इतिहास का सहारा लिया है। उन्होंने ऐतिहासिक व्यक्तियों फडनवीस, घासीराम जैसे नामों का प्रयोग किया। विजय तेंदुलकर ने नाटक के वक्तव्य में कहा है- "फिर भी इस नाटक की सामग्री कच्चा माल इतिहास से बटोरी गई है। इतिहास का क्षीण-सा आधार अवश्य लिया गया है। पर इस नाटक का इतिहास से कोई संबंध नही है। और यह कच्चा मसाला भी ठीक उसी तरह इतिहास से लिया गया है, जिस तरह समसामयिक जीवन-परिस्थितियों से भी लिया जाता है। महाराष्ट्र में पेशवाओं का राजा था, फडनवीस पेशवा के प्रधान थे, कोई एक घासीराम था, ब्राह्मण था, मराठा सरदार थे और ये सब इकाईयां अपने-अपने दायरे से बंधी समय के प्रवाह में लकड़ी के लट्ठे की भांति कभी सटकर तो कभी हटाकर कभी परस्पर को छूती तो कभी टकराती प्रवाहित हो रही थी।"[2]

घासीराम कोतवाल में स्वातंत्र्योत्तर भारत के विघटित राजनीतिक मूल्यों का यथार्थ पूर्ण चित्रण किया है। किस प्रकार राजनीति में कुटिल चालों, नीतियों आदि के बल पर दूसरों को बलि का बकरा बनाया जाता है इसको अभिव्यक्त किया गया है। किस प्रकार से मूल्य टूट रहे हैं। यह नाटक टूटते राजनीतिक मूल्यों की कहानी को व्यंजित करता है। इस नाटक में घासीराम जहाँ साधारण स्तर से उठकर कोतवाली के पद पर पहुँचता है वहीं उसको अपने स्वार्थ के लिए उस पद पर पहुँचाने वाला पेशवा-प्रधान नाना साहब अपना स्वार्थ सिद्ध होते ही उसको मृत्यु-दण्ड देने का आदेश झिरी कर देता है। डॉ. जब्बार पटेल ने नाटक में निर्देशक का वक्तव्य में कहा है कि-"इस नाटक में घासीराम और नाना फडनवीस का व्यक्ति-संघर्ष प्रमुख होते हुए भी तेंदुलकर ने इस संघर्ष के साथ-साथ अपनी विशिष्ट शैली में तत्कालीन सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति का मार्मिक चित्रण किया है। वस्तुतः सत्ताधारी वर्ग और जन साधारण की सम्पूर्ण स्थिति पर काल अवस्थाओं के अंतर से विशेष वास्तविक अंतर नही पड़ता। घासी राम हर काल और समाज में होते है और हर उस काल और उस समाज में उसे वैसा बनाने वाले फडनवीस भी होते है।"[3]

जब हम घासीराम कोतवाल नाटक का यथार्थ दृष्टि से अवलोकन करते हैं तब हमारे समक्ष निम्न बिंदू उभर कर सामने आते हैं-

- स्वातंत्र्योत्तर भारत में मूल्यों का विघटन
- राजनीतिक कुचक्रों का यथार्थ चित्रण
- प्रतिशोध की भावना का यथार्थ चित्रण
- अत्याचार तथा अन्याय पर टिकी शासन व्यवस्था का यथार्थ वर्णन
- पतनोन्मुखी समाज का चित्रण
- टूटते राजनीतिक मूल्य और खत्म होती मानवीय संवेदनाएं

वस्तुतः यह नाटक मूलरूप से घासीराम और नाना फडनवीस के माध्यम से राजनीतिक संघर्ष को उजागर करता है। परंतु इन दोनों में प्रत्यक्ष रूप से संघर्ष नहीं होता बल्कि दोनों ही अपने-अपने कुटिल चालों से एक-दूसरे को अपने अधीन करना चाहते हैं। प्रतिशोध की यह भावना धीरे-धीरे राजनीति का इतना भयानक रूप अख्तियार कर लेती है कि एक बाप कोतवाली का पद पाने के लिए अपनी बेटी तक का इस्तेमाल करता है। यह कैसी घिनौनी राजनीति है, जिसमें अपने बच्चों तक को दांव पर लगा दिया जाता है। इस घिनौनी राजनीति का पर्दाफाश तेंदुलकर ने नाना और घासीराम के माध्यम से किया है। यह हमारी भारतीय राजनीति का यथार्थ चित्रण है, जिसे पाने के लिए लोग अपनों को ही हत्यारा बना कर अपनी राजनीति चमकाते हैं। जिसे नाटककार ने घासीराम के माध्यम से दिखाया है-"आ गया अब मेरी मुट्ठी में आ गया मेरी लाड़ली हैवान मगर मैं छोड़ूंगा नही। इस पूना शहर में सुअर राज कायम करके ही दम लूंगा।"[4]

घासीराम को लगता है कि अब उसने अपनी बेटी के माध्यम से नाना को अपने वश में कर लिया है मगर वह नहीं जानता कि नाना फडनवीस राजनीति का कुशल खिलाड़ी है। नाना ने उसे कोतवाली का पद दे कर अपने दो काम साधे हैं। एक तो कामुक नाना अब उन्मुक्त रूप से उसकी बेटी के साथ भोग-विलास कर सकेगा, दूसरा कि अब वह विरोधियों से निश्चिंत हो जाएगा। इसलिए वह कहता है- "अबे घसिए तू बहारी परदेशी हमने तुझे बख्शी यहाँ की सबसे ऊंची कुर्सी। जानते हैं क्यों? ताकि तमाम साजिशें खुद-ब-खुद कट जाएं, बलवाइयों की धज्जियां उड़ जाएं। ज्ज्स्तुम बाहरी आदमी हो परदेशी हो, हमारी दहलीज के टुकड़े खोर कुत्ते हो। तुम्हारी जंजीरे हमारे हाथ होंगी; तुम्हें भी तो जरूरत होगी। घासीराम तुम चितपावन ब्राह्मनों में बढ़कर ऐंठू होंगे, रोब गांठोगे, धाक जमाओगे। पुख्ता बंदोबस्त करोगे; यों हमारी फिक्र मिटाओगे। हमारी गलतियाँ भूलें तुम्हारे नाम होंगी, हम महफूज रहेंगे, बदनामियाँ तुम्हारी होंगी। करने को हम भुगतने को हमारा कोतवाल।"[5]

घासीराम कोतवाल में राजनीति के कुचक्रों का यथार्थ चित्रण किया गया है तथा उसमें व्याप्त विसंगतियों को उद्घाटित किया गया है। राजनीति, सत्ता और समाज के बीच का रिश्ता किस प्रकार संकुचित होता है यह घासीराम कोतवाल में साफ-साफ नजर आता है। वस्तुतः इस नाटक में एक योग्य स्वाभिमान व्यक्ति के अपमानित होने पर उसकी मनोदशा का यथार्थ चित्रण किया है। घासीराम जोकि मधुर भाषी व्यवहार कुशल व स्वाभिमानी व्यक्ति है। अपने भाग्य को आजमाने के लिए वह ऐसे समाज में पहुँच जाता है। जहाँ परिस्थिति उसे बदल देती है। वह कन्नौज से पूणा केवल धन कमाने व सम्मान प्राप्त करने के उद्देश्य से आता है। परंतु यहाँ पहुंचकर उसे केवल लोगों से अपमान व प्रताड़ना मिलती है। घासीराम के माध्यम से नाटक में दर्शाया गया है कि किस प्रकार पतनोन्मुख समाज में एक योग्य स्वाभिमानी व्यहवार कुशल व्यक्तियों का अपमान किया जाता है- "तू बाम्हन? दिखा तेरी चुटिया, कांधे की डुरिया, कहाँ है तेरे चंदन का टीका माथे का खौर? बोल क्या होता है वेद, चातुर्बनन के भेद? कोई उठाई गिरा दिखता है- चोर- उचक्का लगता है।"[6]

घासीराम के माध्यम से यह दिखाया गया है कि राजनीति में प्रतिशोध की भावना दूसरों के साथ-साथ व्यक्ति विशेष को भी समाप्त कर सकती है। पूना नगरी में अनेक बार अपमानित होने वाला घासीराम अब अपना

अपमान का बदला लेने के लिए दृढ़ संकल्प लेता है। यह संकल्प हिंसा का तांडव रूप धारण कर लेता है। हिंसा का यह तांडव सारी मानवीय संवेदना को तार-तार कर देता है। किसी भी काम के लिए परमिशन का होना जरूरी है यह कानून पारित कर दिया जाता है। जो कानून नहीं मानता तो उसे प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। यथा- "लो आ गया ठिकान पर। काम ऐसा हो, पुख्ता। चोर और कुबूल न करे? ले जाओ इसको और दोनों हाथ काट के पटक दो शहर पूना की चौहद्दी के बाहर। स्साला बाम्हन और चोरी का पेशा। देखता हूँ कौन हिम्मत करता है चोरी करने की।"[7]

घासीराम युग में देखी जा सकती है कि- "कलयुग समाप्त भयो, घासीराम आ गयो।"[8]

इस नाटक में प्रतिशोध की हिंसा के दुष्परिणामों से परोक्ष रूप से उससे बचने का संकेत दिया गया है। प्रयाग शुक्ल के अनुसार- "तेंदुलकर के नाटकों में हिंसा-प्रतिहिंसा का खेल एक केंद्रीय थीम रहा है।"[9]

नाटक के वक्तव्य में ही स्पष्ट कर दिया गया है कि यह नाटक किसी विशेष स्थान व काल से नहीं जुड़ा है। बल्कि प्रत्येक स्थान व युग में वे घटनाएँ होती हैं जो कि आलोच्य नाटक चित्रित हैं। अत: यह कहा जा सकता है कि इस नाटक में अन्याय, अत्याचार की शासन व्यवस्था का चित्रण करके उसके दुष्परिणामों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। और ऐसी शासन व्यवस्था से दूर रहने का संदेश दिया है जिसकी मानवीय संवेदना ही खत्म गई। ऐसी शासन व्यवस्था शक्ति का दुरुपयोग करती है और हर काम के लिए परमिट की बात करती है, चाहे इसमें किसी व्यक्ति की जान ही क्यों ना चली जाए। शासन का होना जरूरी है। यथा- "परमिट क्यों नहीं बनवाया? मालूमई नई था सिरकार की औरत के दिन रात में पूरे होएंगे। क्या? तेरी औरत और तू नहीं जानता कि कब जनेगी? औरत तेरी ही है न?"[10]

यह स्वातंत्र्योत्तर भारतीय समाज की राजनीति का सच है जो इतना भयंकर रूप धारण कर चुकी है कि किसी की पीड़ा, वेदना, दुख, दर्द से उसे कुछ नहीं लेना बस उसे अपनी राजनीति बरकरार रखनी है। चाहे उससे लोगों को खुशी मिले या ना मिले ऐसी राजनीतिक व्यवस्था का यथार्थ रूप इस नाटक में प्रस्तुत किया गया है। शक्ति का ऐसा दुरुपयोग राजनीति में होता है। यह भली-भांति इसमें दिखाया गया है कि चाहे कोई गुनाह करें या ना करें जबरदस्ती अपनी बात कैसे मनवानी है। ये इस नाटक में दिखाया गया है। यह आज का भारतीय राजनीतिक यथार्थ है। जिसमें एक बार मनुष्य फँस जाए तो बाहर निकलना असंभव-सा है। स्वातंत्र्योत्तर भारत की राजनीति का यह रूप एकदम संवेदनहीन है जिसे मनुष्य के दुख व दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता। इसी को घासीराम कोतवाल में स्पष्ट रूप से दिखाया गया। राजनीति का ऐसा यथार्थ रूप प्रस्तुत किया है कि नाटक के आरंभ में ही यह राजनीति ऐसे घटिया तांडव को अभिव्यक्त करती चलती है। ब्राह्मण- गण चोरी छिपे बावनखनी में नर्तकी का नाच देखने जाते हैं। पूछने पर झूठ बोल कर अपने आप को बचाते पेशवा स्वयं वहाँ पहुँचकर समाज की पतितावस्था को सिद्ध करता है। पेशवा प्रधान नाना साहब फडनवीस को बावनखनी में नर्तकी गुलाबी के यहाँ चोरी छुपे जाते हुए दिखाया गया है। जोकि भारतीय राजनीतिक लोगों का यथार्थ सच है। यही लोग वेश्यावृत्ति को बढ़ावा देते हैं। चोरी छुपे भोग विलास के लिए रात में निकलते हैं ताकि किसी

को खबर तक ना हो उनका चरित्र एकदम दूध की तरह समाज के सामने धुला हुआ रहे। यथा-

"सूत्रधार: महाराज घर पर तै आय रहे?
ब्राह्मण: वै बावनखनी तौ जाय रहे-(चौंककर) लक्ष्मी हाय
हाय हाय हाय। गजब हो गयों ऐ-हमको अंबेर होय
रही दरसनन कौ। जाय रहे।"[11]

अत: समाज पूर्ण रूप से पतित हो चुका है। अंग्रेजी अधिकारियों की चाटुकारिता करना पारस्परिक द्वेष के चलते एक-दूसरे को झूठे आरोप में फंसाने का प्रयास करना आदि कार्यों से भारतीय राजनीति की पतनोन्मुखता पता चलता है। वस्तुत: विजय तेंदुलकर ने अपने नाटक में स्त्री के प्रति की गई हिंसा तथा सेक्स भावना को इसी व्यापक उद्देश्य के लिए एक रूपक या मुहावरे की तरह इस्तेमाल किया है। इस दृष्टि से विजय तेंदुलकर ने सत्ता या व्यवस्था के प्रति पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की त्रासदी का विश्लेषण किया। किस प्रकार से इस घिनौनी राजनीति में स्त्रियों का शोषण किया जाता है और उनसे ये राजनीतिक लोग अपनी कामवासना को पूर्ण होने पर उनकी हत्या तक कर देते हैं जिस प्रकार नाटक में नाना फडणवीस गोरी से अपनी कामवासना पूर्ण होने पर उसकी हत्या करवा देता है। जयदेव तनेजा का मत है- "एक ओर यह नाटक मध्यवर्ग की दमित वासनाओं वर्जनाओं और कुंठाओं से उत्पन्न होने वाली हिंसा के दायरे में जाने-अनजाने आ फंसी एक एक स्त्री की पीड़ा, छटपटाहट और यातना को उत्तेजक रूप में पेश करता है तो दूसरी ओर हमारे समाज में विविध स्तरों एवं स्थानों पर मौजूद पाखंड, ढोंग और दोगलेपन को भी तीव्रता के साथ उजागर करता है।"[12]

अत: कह सकते हैं कि घासीराम कोतवाल में सत्ताधारी वर्ग और जनसाधारण की संपूर्ण स्थिति का यथार्थ पूर्ण वर्णन किया गया है और यह दिखाया गया है कि हर काल और समाज में होते हैं, और मौका पाकर उसकी हत्या करने वाले भी होते हैं जो अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए दूसरों की हत्या तक करवा देते हैं और उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जो कि नाटक में एक जगह दिखाई देता है- "पुण्पत्तन निवासी नागरिकों! हमारी महानगरी पर छाया हुआ एक भयानक संकट आज टल चुका है। एक रोग मिट चुका है। आप सब लोगों को जिस नरकासुर ने लगातार परेशान किया, जीना दूभर कर दिया वह घासीराम कोतवाल अब मर चुका है, वध हो चुका है।"[13]

इस नाटक में सारा बल एक पतनशील राजनीति और विलासप्रिय व्यंग्य पर व्यंग करता है जो घासीराम कोतवाल को जन्म देता है वही अपनी स्वार्थ पूरा होने के बाद उसकी हत्या तक करवा देता है। यह एक ऐसी गंदी राजनीति है जिसमें कि मनुष्य की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। जिस राजनीति ने घासीराम कोतवाल को अपने स्वार्थ के लिए जन्मा उसी ने उसकी हत्या तक करवा दी यह स्वातंत्र्योत्तर भारत की राजनीति का एक घिनौना और यथार्थ पूर्ण सच है, जिसे नकारा नहीं जा सकता।

निष्कर्ष: कहा जा सकता है कि इस नाटक में भारतीय राजनीतिक मूल्यों और सामाजिक समस्याओं का यथार्थ पूर्ण चित्रण किया गया है। इस नाटक में दिखाया गया है कि किस प्रकार सत्ता अपने स्वार्थ के लिए किसी

भी व्यक्ति को फँसा कर, उसे काम निकल जाने पर उसकी हत्या करवा दी जाती है। यह नाटक मनुष्य को सतर्क रह कर, ऐसे सत्ताधारी लोगों से बचना चाहिए। अंततः कहा जा सकता है कि घासीराम कोतवाल नाटक एक स्वतंत्रता के पश्चात् विघटित राजनीतिक मूल्यों का दस्तावेज है।

संदर्भ सूची

1. भारतीय साहित्य, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, पृ.294
2. विजय तेंदुलकर, घासीराम कोतवाल, पृ.5
3. वहीं, पृ. 7
4. वहीं, पृ. 53
5. वहीं, पृ. 49
6. वहीं, पृ. 38
7. वहीं, पृ. 72
8. वहीं, पृ. 73
9. रंगतेंदुलकर, प्रयाग शुक्ल, पृ. 11
10. विजय तेंदुलकर, घासीराम कोतवाल, पृ. 28
11. वहीं, पृ. 62
12. आधुनिक भारतीय रंगलोक, जयदेव तनेजा, पृ. 91-92
13. विजय तेंदुलकर, घासीराम कोतवाल, पृ. 98

अमृत नारीवाद से आज़ादी

साक्षी शर्मा
बी.कॉम (आनर्स) तृतीय वर्ष

स्त्री और पुरुष में समानता ढूँढना ही सबसे बड़ी गलती है। एक गुलाब के फूल की पंखुड़ी एक स्त्री की ही भाँति होती है और उसकी रक्षा करती एक कांटेदार टहनी एक पुरुष की भाँति। अब पुरुष को इस बात से आपत्ति नहीं होगी कि उसे एक कठोर, चुभन देने वाली वस्तु से जोड़ा जा रहा है परंतु एक स्त्री को आपत्ति जरूर होगी कि उसे पंखुड़ी के जैसा कमजोर क्यूँ आँका जा रहा है। क्योंकि हमेशा से ही पुरुष स्त्री को सुरक्षा देने की कोशिश करते आए हैं। एक पिता अपनी बेटी को समाज की कुटिल, बेईमान, और कुदृष्टि से बचाने की कोशिश करता है, मगर बेटी इस सुरक्षा को बंधन समझने की भूल कर बैठती है और फिर न अपनी मर्यादा की परवाह करती है न तात के पगड़ी की स्त्री को गुलाब की पंखुड़ी जैसा समझना उसे कमजोर बताने के लिए नहीं है बल्कि कुछ अच्छे गुणों से उसे जोड़ने की है। इस उपमा को ध्यान से समझें तो पंखुड़ी निर्बलता नहीं, सुंदरता, सौम्यता, सुगंध, कोमलता, स्नेह, ममता, सुख और मासूमियत की सूचक है। और इन गुणों को सहेजने की और सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी एक पुरुष कठोर कोटेदार बनकर निभाता है। अब अगर गुलाब की पंखुड़ियाँ खुद को कमजोर समझ कर ताकतवर बनना चाहे, बिल्कुल टहनी की ही तरह कांटेदार बनना चाहे तो इस समाज में ममता, मासूमियत भला कहाँ पाई जाएगी। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:'

भारत के शास्त्रों में स्त्री को हमेशा से ही उत्तम दर्जे पर रखा गया है। नवरात्रों में कन्या पूजन, एक लड़की का जन्म मतलब घर में लक्ष्मी का आगमन, शिव शक्ति का नाम एक साथ जुड़ा रहना, कृष्ण के पहले राधा को पुकारना, हिन्दू समाज तो हमेशा से ही स्त्री को पूजनीय मानता है, मगर स्त्री इस उत्तम दर्जे को त्याग कर पुरुषों की भांति बनने की इच्छा रखने लगी है। प्रेम और सरलता से भरे जीवन को त्याग कर कठिन कामों में स्वयं को उलझाने को तैयार है, भला इसे हम नारीवाद कैसे कह सकते हैं जहाँ स्त्री अपना जीवन दुर्गम बनाने को आतुर है। पुरुषों ने कभी स्त्री की भांति स्वयं को पूजनीय बनाने की कोशिश नहीं की, मगर एक समझदार स्त्री पतिव्रता नारी पुरुष को पूजनीय सम्मान देने से पीछे नहीं हटती। और ये मानवीय रिश्तों को प्रेम और आदर से भरता है। पुरुष और प्रकृति को एक जैसा समझना या इनकी तुलना करना एक बड़ी गलती है. इसके बदले अगर इनकी भिन्नता को ध्यान मे रख कर दायित्व सौंपे जाएँ- तो समाज की समृद्धि कितनी सरल होगी। मातृत्व का कत्ल आधुनिकता की तरफ बढ़ता हमारा समाज ये भूल रहा है कि ये आधुनिकता हमें श्रेष्ठ नहीं बनाती बल्कि इसका बुरा प्रभाव हमारी संस्कृति, संस्कार, और हमारी विरासतों पर पड़ता है। इससे हमारी सोचने समझने की क्षमता प्रभावित होती है। हम आधुनिकता के दास बनने लगते हैं।

आज गर्भपात का निर्णय लेना एक सधवा स्त्री के लिए आज़ादी और खुले मिजाज होने का सूचक है। स्वयं

को स्वयं के शरीर का स्वामी समझ कर ऐसा निर्णय लेने को स्त्री समझदारी समझने लगी है। और इस तरह के नीच निर्णय को बढ़ावा देता है नारीवाद। मातृत्व के कत्ल को बढ़ावा देना नारीवाद का एक अहम मकसद है। ममता की हत्या भला नारीशक्ति का उदाहरण कैसे हो सकती है। संसार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जननी बनना और ये केवल एक स्त्री ही निभाने की क्षमता रखती है तो क्या ये दायित्व एक स्त्री को अपने आप ही संसार में सबसे शक्तिशाली नहीं बनाता? इससे छुटकारा पाना भला समझदारी कैसे?

नारीवाद चीखने वाली महिलाओं को शिवाजी महाराज की माता, जीजाबाई की कहानी जरूर पढ़नी चाहिए। वह असल मे नारीशक्ति की उदाहरण हैं। उन्होंने शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व का निर्माण किया था। शिवाजी महाराज ने अपने मस्तिष्क और सैन्य शक्ति का इस्तेमाल करके मुगलों को अच्छी धूल चटाई थी। आज शिवाजी महाराज के शौर्य को इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाता है और उनके इस शौर्य का श्रेय उनकी माता के दिए संस्कार और परवरिश को जाता है क्या ये एक असल नारीवाद नहीं? जहाँ एक स्त्री अपने पुत्र को इतना काबिल बनाने की क्षमता रखती है कि वह अपने राष्ट्र हित में इतने साहस भरे प्रदर्शन करे और अनेकों युद्ध में विजयी हो। एक स्त्री अपनी ममता और तेज बुद्धि से पूरे समाज का कल्याण करने की क्षमता रखती है। क्या स्त्रियों को अपने इस बल का सही प्रयोग नहीं करना चाहिए? नारीवाद स्त्रियों को कमजोर करने की एक साजिश है और उपहासनीय बात ये है कि इस साजिश में महिलायें स्वयं शामिल हैं।

पंडित रमाबाई का गुमराह करने वाला नारीवाद

नारीवाद के इतिहास में कई लोगों ने असल में नारियों के हित में काम किया है, मगर एक शख्सियत पंडिता रमाबाई रहीं जिन्हें नारीवाद की गलत समझ थी और इसकी आड़ में गलत फैसला भी लिया। उनका मानना था कि हिन्दू समाज में महिलायें प्रताड़ित की जाती हैं, और इसी कारण से उन्होंने स्वयं को ईसाई धर्म में परिवर्तित कर लिया। हिन्दू समाज में विधवा स्त्री का पुनर्विवाह न होना और सती प्रथा का प्रचलन उन्हें नहीं भाता था। उनका मानना था कि हिन्दू समाज एक विधवा स्त्री को दोबारा विवाह करने की अनुमति नहीं देता और सती जैसे कुप्रथा को जबरन थोपता है।

एक ब्राह्मण कन्या होने के बावजूद पंडिता ने कभी शास्त्र पढने की कोशिश नहीं कि बजाए इसके उन्होंने एक नारी को पूजने वाले धर्म का त्याग करना सही समझा। अथर्ववेद (9, 5, 27)

या पूर्व पति विश्वाऽथान्यं विन्दतेऽपरम् ।
पञ्चौदनं च तावर्ज ददातो न वि योषतः॥

पति की मृत्यु के बाद दूसरे पुरुष से विवाह करने वाली स्त्री को पंचदिन यज्ञ करना चाहिए। यह मंत्र स्पष्ट रूप से विधवा के पुनर्विवाह की बात करता है या पूर्व पति–

वित्त्वाऽथान्य विन्दतेऽपरम्।
पञ्चौदनं च तावजं ददातो न वि योषतः।

पति की मृत्यु के बाद दूसरे पुरुष से विवाह करने वाली स्त्री को पंचदिन यज्ञ करना चाहिए। यह मंत्र स्पष्ट रूप से विधवा के पुनर्विवाह की बात करता है पाराशर स्मृति (4.30)

नष्टे मृते प्रव्रजिते क्लीबे च पतिते पती।
पञ्चस्वापत्सु नारीणां पतिरन्यो विधीयते॥

इसमें कहा गया है कि ऐसे 5 मामले हैं जब एक महिला पुनर्विवाह कर सकती है। पति मर गया, सन्यासी हो गया, नपुंसक हो गया, धर्म से गिर गया, या भाग गया।

इसी तरह मनुस्मृति में भी महिला के पुनर्विवाह की बात की गई है–

प्रोषितो धर्मकार्यार्थं प्रतीक्ष्योऽष्टौ नरः समाः।
विद्यार्थी षड्यशोऽर्थं वा कामार्यं वस्तु वत्सरान्॥

महिलाओं को अलग-अलग समय अवधि के लिए इंतजार करना चाहिए (जैसा कि विभिन्न उद्देश्यों के लिए उल्लेख किया गया है। उसके बाद, वे किसी अन्य व्यक्ति को चुन सकते हैं। और अब अगर बात सती प्रथा की है तो ये पूर्ण रूप से महिलाओं के निर्णय पर निर्भर करता था की वह अपने पति के साथ अग्नि समाधि लेना चाहेगी या नहीं। उदाहरण के लिए हम महाभारत में पांडु की मृत्यु के बाद उनकी पहली पत्नी कुंती और दूसरी पत्नी मादी के अलग-अलग निर्णय को देख सकते हैं। मादी ने अपने पति की मृत्यु के बाद अपना देह त्याग दिया था मगर कुंती अपने 3 पुत्र और मादी के 2 पुत्रों का पालन-पोषण करने की जिम्मेदारी लेती है यहाँ उस पर सती होने का दबाव नहीं बनाया गया। बल्कि ऋग्वेद में एक कथा में पाया जाता है कि एक स्त्री जो अपनी इच्छा से सती होना चाहती थी उसको उसके रिश्तेदार और परिवार के लोग पूरी कोशिश करके रोकते हैं।

समाज में खोट ढूँढने के जगह अगर पंडिता ने शास्त्रों को पढ़ने की कोशिश की होती तो वह कितनी स्त्रियों के कल्याण का माध्यम बन सकती थीं।

भारत पुरुष प्रधान देश कभी नहीं था। भारत के इतिहास में शिव शक्ति कभी अलग नहीं पाए गए, न कभी नारायण लक्ष्मी बिन देखे गए। मगर दोष निकालने वाले तो हर जगह ही खोट पाते हैं। ऐसे में अमृत नारीवाद को बढ़ावा देने वाले लोगों से समझदारी की उम्मीद व्यर्थ ही होगी। एक स्त्री स्वयं को कितना भी शक्तिशाली समझे मगर सुरक्षा के लिए वह एक बार पुरुष की ओर देखती जरूर है। अपनी सुरक्षा के लिए स्त्री अपने बड़े या छोटे भाई, पिता, पति या दोस्त की तरफ जरूर देखती है। कॉलेज जाने वाली लड़कियां अपने भाई को कई बार साथ ले जाती हैं। मगर कभी कोई लड़का अपनी सुरक्षा हेतु अपनी बहन या पत्नी को दफ्तर नहीं ले जाता। इससे स्त्री कमजोर साबित नहीं होती अपितु इससे हम पुरुषों का स्त्री के जीवन में एक अहम महत्त्व समझ सकते हैं। कुछ समझदार लोगो का व्यंग भी हो सकता है कि क्या स्त्री लड़ना नहीं जानती? क्या स्वयं की रक्षा के लिए वह हमेशा ही पुरुष पर निर्भर रहती है? तो हाँ, ऐसा ही है अपने कठिन समय में स्त्री अपने आई पिता या पति की कमी महसूस जरूर करती है।

महिलायें सेना में भी भर्ती हो रही हैं मगर सेना में भर्ती होने के लिए वह कठिन परिश्रम, और प्रयासों के बाद उस काबिल बन पाती है, हर स्त्री इतना परिश्रम और प्रयास करने में सक्षम नहीं। मगर प्राचीन काल में भारतीय महिला शस्त्र और शास्त्र दोनों का ही ज्ञान रखती थी। असल में नारीवाद स्त्री को शक्तिशाली बनाने की तरफ होना चाहिए मगर आधुनिक नारीवाद स्त्री को हठी बनाने की तरफ जोर देता है नारीवाद का झंडा फहराने के लिए स्त्री स्वयं को मुसीबतों में डालना सही समझ रही है और इन मुसीबतों से अगर कोई पुरुष (पिता, भाई, पति आदि) उसे बचाना चाहे या रोकना चाहे तो वो उसे बंधन समझ कर आजादी पाने की कोशिश करने लगती है। अपनी मर्यादाओं को हाथों की हथकड़ी समझना आज के समय मे स्त्री की सबसे बड़ी गलती है।

एक हैरान करने वाली बात यह है कि जिस भारत पर पुरुष प्रधान होने का आरोप लगाया जाता है, उस भारत के साथ हमेशा माता शब्द ही जुड़ा मिलता है और उसी भारत का संविधान एक पुरुष को यौन उत्पीड़न का पीडित मानने से इंकार करता है। भारत की तमाम कचहरी हमेशा से महिलाओं द्वारा पुरुष के खिलाफ हुए अपराधों को नजरंदाज करती आई है। तलाक के बाद भी पुरुष चाहे विकलांग हो, बेरोजगार हो या किसी भी दुविधा में हो, मगर अपनी पत्नी को पैसे देना उसका दायित्व बन जाता है, और उसे उसके अपने बच्चों से भी मिलने की कई बार इजाजत नहीं होती। इतना सब कुछ हर रोज ही होता है इस ''पुरुष प्रधान समाज में और नारीवाद के झंडे फहराने वाली स्त्री या पुरुष इस मामले में कुछ भी नहीं बोलना चाहते।''

नारीवाद का मकसद नारियों का अधिकार न रहकर नारीत्व से छुटकारा पाना हो चुका है। कैसी विडंबना है कि आज नारी अपने अस्तित्व को त्याग कर अपने आप को नारीशक्ति समझने लगती है।

स्त्री द्वारा अपने असल अस्तित्व को त्याग कर पुरुष की भांति समाज में रहने की इच्छा सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने का काम कर रही है, साथ ही हमारी जीजाबाई, कर्णावती, रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के गौरव भरे उदाहरणों का उपहास बनाने का काम कर रही है। अपने भाई पिता या पति के जैसे बनने की इच्छा स्त्री को कमजोर करती जा रही है। स्त्री ये स्वयं साबित कर रही है की स्त्री होना एक कमजोरी है और इस कमजोरी से अर्थात् स्त्रीत्व से छुटकारा पाना ही इसका एकमात्र हल है।

पुरुषों की भांति कपड़े पहनने से नारी का नारीत्व खत्म नहीं होता, मगर पांच मीटर की साड़ी में प्रतिष्ठा बांध लेना सिर्फ उसी को ही आता है और इस सहज प्रथा को आगे बढ़ाना स्त्री का ही तो दायित्व है। एक समाज रूपी वाहन के दो चक्के हैं स्त्री और पुरुष, अब अगर स्त्री अपनी जगह छोड़ कर पुरुष की जगह रह कर वाहन को आगे बढ़ाना चाहे तो दुर्घटना लाजमी है। स्त्री और पुरुष में कर पुरुष की जगह रह कर वाहन को आगे बढ़ाना चाहे तो दुर्घटना लाजमी है। स्त्री और समानता ढूँढना ही सबसे बड़ी गलती है। पुरुष नारीवाद का मकसद पुरुष से बराबरी करना हमेशा से नहीं था। पहले महिलाएँ अपने अधिकार के लिए नारीवाद का सहारा लेती थीं और यह एक कारण था की स्त्रियों की सहायता के लिए देश विदेश के नागरिक उनका सहयोग करते थे आज भी कोई स्त्री अगर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाए या किसी शोषण के खिलाफ खड़ा होना चाहे तो संसार के कोने-कोने से उसे तरह तरह के सहयोग मिलते हैं। परंतु क्या इसको एक अवसर बना कर पुरुषों के मुकाबले स्वयं को हर क्षेत्र में आगे हो जाना और पुरुषों को कम आंकना या उन्हें नीचा दिखाना सही है?

क्या नारीवाद के मुखौटे में महिलाओं का अपने पिता, पति या बड़े भाई आदि पुरुषों की गरिमा को ठेस पहुँचा कर स्वयं को नारीशक्ति का प्रतीक समझना सही है?

एक महिला अपने दम पर एक परिवार, एक समाज और पूर्ण एक राष्ट्र चलाने की शक्ति रखती है। मगर इसे साबित करने के लिए अकारण अपने पति से या अपने परिवार से अलग होना समझदारी नहीं। नारीवाद से समाज को तब तक खतरा नहीं जब तक महिलाएं अपने सही अधिकारों के लिए आवाज उठाएं। जिस क्षण से महिलाएँ इस संतुलित समाज को पुरुष प्रधान समाज मान कर इसमें महिला प्रधानता लाने की सोचने लगती हैं, समाज की वृद्धि में रुकावट निश्चित हो जाती है।

एक सफल गृहस्थी तब नहीं बस्ती जब घर में माता-पिता आपस में प्रधानता पाने को लड़ते रहे। वह तब सफल होती है जब माँ-पिता की बड़ी उम्र ज्यादा तजुर्बा और सही फैसले लेने की क्षमता का मान रख कर उनके कुछ फैसलों में मुस्कुरा कर हामी भरती है। माँ का चुपचाप मुस्कुरा कर सर हिला देना पिता की प्रधानता नहीं दर्शाता। यह दिखाता है माँ का पिता के सही निर्णय लेने की क्षमता पर विश्वास और ये विश्वास माँ को समाज की एक कमजोर स्त्री नहीं बनाता। यह विश्वास पिता को समाज का शक्ति संग पुरुष बनाता है, जिससे घर की सुरक्षा और वृद्धि की नींव डलती है।

ऐसा नहीं है कि मां का अहम फैसलों में बोलना अनिवार्य नहीं, परंतु हर बात पर पिता से बराबरी की इच्छा रखना एक तरह से बचपना भी है और दोनों के रिश्ते को कमजोर करने की कड़ी भी इस बात को समझना ज्यादा समझदार लोगों के लिए ज्यादा कठिन होगा मगर फिर भी एक कोशिश उन्हें समझाने की ऐसे भी की जा सकती है कि सूरज का सूरज बन कर चमकते रहने में ही भलाई है, अपना अस्तित्व त्याग कर अपने दायित्व को छोड़ना और चंद्र बनने की इच्छा रखना केवल उसके अस्तित्व का ही नहीं अपितु संपूर्ण सौर्य मंडल के विनाश का भी कारण बन सकता है।

माँ दुर्गा सम्पूर्ण संसार की जननी है, शक्तिशाली हैं, अनेक रूपों की स्वामिनी हैं मगर स्वयं की कभी भगवान शंकर से तुलना नहीं करती। माँ दुर्गा की अपनी भिन्न शक्तियाँ हैं और भगवान शिव की अपनी भिन्न शक्तियाँ ऐसे में दोनों की तुलना करना मला समझदारी कैसे? दोनों के मध्य कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं होती और यही एक कारण है कि शिव शक्ति मिल कर इस संसार को संकट से बचाने में सक्षम है। अगर स्त्री और पुरुष एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा की भावना त्याग कर समाज कल्याण में मिल कर, अलग-अलग दायित्व उठायें तो मानव समाज हमेशा ही फलता-फूलता रहेगा।

दासनी

शिव कुमार यादव
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

तब की नारी, आज की नारी और कल की नारी, अरे अनुर्वर की कन्या कहाँ मर गई, गूंगी बोलती क्यों नहीं कि कहाँ मर रही है। कि सिर दर्द कर देने वाली आवाज से माजा देवी की रोजाना की तरह सुबह हुई अब माजा देवी को इसकी आदत हो गई थी। माजा देवी उठते ही रोजाना की तरह भगवान से दुआ करने लगी की आज दासनी को बचा लेना!

माजा देवी की सुबह की शुरूआत दासनी के लिए बचाने की दुआ मांगने से होती और रात को उसको शक्ति देना भगवान कि वह सुबह उठ सके। कला देवी की आवाज की अब परिवार के सभी लोगों को आदत सी हो गई थी। कला देवी जैसे ही गुस्से में आती सब को पता चल जाता था कि पिटाई तो दासनी की ही होगी।

दासनी ने गाय को सानी लगाने के बाद बकरी को जैसे ही पत्ते खाने को दे ही रही थी, वैसे ही कला देवी ने दासनी के हाथ को पकड़ते हुए अचानक से धक्का दिया। उसका सर लापेद में जाकर लगा, गाय जो सानी खा रही थी वह भी रुक गई मानो सब समझती हो। रुके भी क्यों नहीं, गाय को अपने बच्चे की तरह दासनी ने पाला और भूसी भी खड़ी हो गई! दासनी की बकरी जो उसकी बचपन की सहेली कहें तो यह बकरी पर दासनी के लिए तो उसकी बहन थी।

कला देवी का पूरा परिवार कला देवी के चीखने की आवाज सुनते ही दुरा पर आ गया। माजा देवी जो की जेठानी थी वह सबसे पहले आते हुए अपने दुरे से कला देवी की दुरे पर देखते हुए सोचा फिर आज डायन बेचारी को मारेगी, बेचारी की प्रभु रक्षा करना, दया राय जो माजा देवी का पति और कला देवी का जेठ था वह भी अपने दुरे पर से सब देख रहा था। कला देवी का पहला हाथ दासनी को लगते ही उसकी बेटी मृत्युजा आ गई और सोच रही थी कर्मजली मुझे भतीजा तो दे नहीं सकती, माँ के हाथ में रोज दर्द और देती है पता नहीं कब मरेगी?

कला देवी जो अपने पूरी ताकत से दासनी पे हाथ उठा रही थी और दासनी के मुँह से कुछ भी नहीं निकल रहा था, मानो उसके आँखों में सारा दर्द समा गया हो। थोड़ी देर में कला देवी का बेटा अनुर्वर भी आ गया। अपनी माँ की चिल्लाने की अवाप्त सुनकर दासनी ने आशा भरी और सहायता भरी नजरों से अपने पति अनुर्वर की ओर देखा, मानो उसकी आँखें चीख-चीख कर अनुर्वर से खुद को बचा लेने की भीख माँग रही हो।

अनुर्वर गुमशुदा मूर्ति की तरह खड़ा होकर सब कुछ देख रहा था! मानो उसका शरीर तो यहाँ है और उसका ध्यान कहीं और हो। दासनी को अपने पति में आज अपने पिता की छवि दिख रही थी। क्योंकि जब उसकी

विमाता उसे बिल्कुल ऐसी ही मारती तो वह अपने पिता की ओर भी ऐसे ही आशा-भरी आँखों से देखती थी। पर उसका कसूर क्या था, उसका उत्तर ना तो उस दिन मिला था ना ही आज जिला है? आचनक करुणा मृत्युजा की बेटी ने कलादेवी का हाथ पकड़ते हुए अरे मामी की जान ले लोगी क्या? अरे सुबह ही हुआ है अभी, अगर अभी से यह खटिया पर बैठ गई तो घर का काम कौन करेगा? करुणा की ऐसी बात सुनकर कला देवी के हाथ बरसना बंद तो गए पर दासनी से उठा नहीं जा रहा था। पर जैसे-तैसे दासनी हिम्मत करके उठी। किसी प्रकार वह उठी और सब के लिए चाय बनाने चली गई। सभी लोग अपने काम में जुटने के लिए तैयार हो रहे थे। दासनी जो खाना बनाने में लग गई। दासनी जो सोचती थीं चाहे कुछ भी क्यों न हो जाये, पर कोई घर से भूखा न जाये, क्योंकि अगर आप घर से खाना खाकर चलोगे तो ही बाहर भी खाना मिलेगा। अगर आप खुद भूखे घर से जाओगे तो बाहर भी खाना नहीं मिलेगा। दासनी जिसका रोजाना का संकल्प होता था न तो कोई घर से भूखा जाए और न ही कोई भूखा सोये। उधर माजा देवी ने भगवान का धन्यवाद किया की आपने दासनी को बचा लिया। उपर वह भी अपने काम में लग गई।

इधर अनुर्वर ने दासनी को आवाज लगाई। अरे पीठ कौन तेरा बाप रगड़ेगा? अनुर्वर कल पर नहा रहा था। री रोटी सेक दासनी आखिरी रोटी सेंक कर रखते हुए दौड़ी कल की तरफ। तभी अनुर्वर ने गुस्से में कहा इतनी देर क्यों हुई? चल पीठ रगड़। दासनी पीठ रगड़ने लगी। ज्यों ही पीठ रगड़ती त्यों ही पानी डालती ताकी मैल छूट सके परंतु उसके हाथ में जो फोका हो गया था रोटी सेकने से हाथ पर पानी पड़ते ही उसे दर्द होता मानो कोई सुई चुभा रहा हो। पर उसका हाथ एक बार भी नहीं रुकता। मानो कर्तव्य निष्ठा से भरी हो। यह कैसा कर्तव्य है? जो दर्द से बड़ा है। दासनी अब घास काटने जाने ही वाली थी। तभी माजा देवी की आवाज आ गई अरे दासनी घास काटने नहीं जाना था, आज फिर देवरानी के हाथ बरस गये। यह बात माजा देवी कला देवी को देखते कहती है और कला देवी माजा देवी को ऐसे देखती है मानो कला देवी वह बिल्ली हो यह कर भी माजा देवी जैसी चुहिया का शिकार नहीं कर सकती हैं, क्योंकि कला देवी नामक बिल्ली ने माजा देवी नामक चुहिया को जहर से भरी मिठाई देख रखा हो! ऐसे में बेचारी बिल्ली क्या करे? जब उसे पता हो जो चुहिया उसके सामने इतनी उछल रही है और उसे उकसा रही थी कि उसे खा ले। मगर बिल्ली उसे चाहकर भी नहीं खा सकती। क्योंकि नुकसान उसी का होगा। यहाँ जहर से तात्पर्य उस पाप या गलती से है जिसे माजा देवी जानती थी और कला देवी को अच्छी तरह पता था! अगर माजा देवी को कुछ भी कहे तो माजा देवी बहुत कुछ कह देगी जो कला देवी को गूंगी भी बना सकती थी। चलो दासनी आ गई और कला देवी और माजा देवी के आँखों से जो अतीत के पन्ने बयान कर रहे थे उसमें अचानक रुकावट सी आ गई। दासनी कहती है छोट की मायो चलवाई नाये घास कटाय -ल। माजा देवी कहती है अरे अपनी बहन (भूली) बकरी को तो खोल पहले, दासनी भूली (बकरी) खोलती है और माजा देवी के साथ घास काटने चलने लगती है। दासनी घास काटते हुए देखती है कि भूली घास नहीं चर रही है, तभी दासनी भूली के घास जाकर खाती है, अब पता चला महारानी घास क्यों नहीं चर रही! अरे लाई हूँ तेरे लिए रोटी, यह ले रोटी खा ले पर भूली ने मुँह उधर कर लिया। तू नाराज है दासनी ने कहा, भूली की आँखों में आँसू आ गये। दासनी ने कहा तू नहीं खायेगी तो मैं भी नहीं खाऊगी। माँ ऊपर देख रही होगी तो उन्हें कितना दु:ख होगा कि मैंने तेरा ख्याल

नहीं रखा। भूली की आँखें मानो यह कह रही हों कि मैंने तो अपनी माँ को नहीं देखा, मैंने तुझे ही माँ-बहन माना, मैं तुझे पिटते कैसे देख सकती हूँ! माँ मुझे तो देख रही होगी न वह माँ जिसने माँ की तरह प्यार दिया मैं उसकी बेटी को नहीं बचा सकती।

माजा देवी सोच रही थी दोनों को देखते हुए कि इस कलयुग में इंसान इंसान की भाषा नहीं समझता वहाँ एक जो बोल सकती है वह चुप है और जो नहीं बोल सकती उसकी भावना बहुत कुछ बोल रही है। माजा देवी दासनी को बुलाते हुए कहती है अरे तेरी बहन ने खा लीया तो हम से भी रोटी पूछ ले 'दासनी जी काकी'! दोनों खाना खा कर घास लेकर घर को आते हैं! दासनी कुट्टी काटती है और देखती है कि राधा (गाय) ने सुबह की सानी नहीं खाई है। दासनी सानी में घठा मिला देती और राधा के सिर हाथ रख कर कहती है 'खा ले ना माँ ऊपर से देख रही है' वह क्या कहेगी और राधा तुरंत खाने लगती है। भूली दासनी को अंदर जाते हुए देखती है और बैठ जाती है 'मानों कुछ सोच रही हो'! दासनी रात के खाने की तैयारी मे जुट जाती है! सभी ने खाना खाया और अंत मे दासनी को हमेशा की तरह सिर्फ मक्के की रोटी खा कर गुजारा करना पड़ा।

रात को सोने से पहले दासनी अनुर्वर के पैर को दबाती है फिर दिन भर की थकान में चूर होकर सो जाती है। थकान आधे पेट खाने से बड़ा था इसलिए अब आदत सी बन गई थी। माजा देवी सोने से पहले ईश्वर से दुआ करती है हे ईश्वर दासनी को सुबह उठने की शक्ति देना, प्रभु शक्ति देना। 365 दर्द भरे दिनों मे से एक दिन और कट गया।

''नारी की करुणा अंतर्जगत का उच्चतम विकास है, जिसके बल पर समस्त सदाचार ठहरे हुए हैं।''

''स्त्री जिससे प्रेम करती है, उसी पर सर्वस्व वार देने को प्रस्तुत हो जाती है।''

-जयशंकर प्रसाद

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

शबनम बानो
हिंदी (विशेष) तृतीय वर्ष

ब्रिटिश उपनिवेश भारत की मद्रास रेसीडेंसी में बंगाल की खाड़ी से सटे सबसे समुद्रीय जिले रामेश्वरम के 'धनुषकोडी गांव' में जैनुलाब्दीन और आशियम्मा के घर पांचवें और सबसे छोटे बच्चे का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को हुआ। नाम रखा गया अब्दुल कलाम। कलाम का जन्म एक मध्यमवर्गीय तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके पिता समुद्र में मछली पकड़ने वाले मछुआरों को नाव किराए पर देने का कार्य करते थे। और नाव बनाकर बेचते थे। समुद्रीय लहरों में नावों के टूट जाने से घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रही तो अब्दुल कलाम ने अपने चचेरे भाई की सलाह पर उनके साथ घर की आर्थिक स्थिति में सहायता देने के लिए 8 वर्ष की उम्र में अखबार बाँटने का कार्य किया।

अब्दुल कलाम की शिक्षा:

कलाम की पढ़ाई के प्रति लगन और कर्मठशीलता को देखते हुए आरंभिक शिक्षा गांव के पंचायती विद्यालय से पूर्ण करने के बाद उनके पिता ने उन्हें मद्रास भेज दिया। वहाँ कलाम ने 1950 में अंतरिक्ष विज्ञान में स्नातक के लिए 'मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलजी' में प्रवेश लिया। स्नातक करने के बाद कलाम ने वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के रूप में रक्षा मंत्रालय के तकनीकी केंद्र में नौकरी की। इनको विभिन्न संस्थाओं और विश्वविद्यालयों द्वारा 46 डॉक्टरेट की उपाधियों से सम्मानित किया गया।

अब्दुल कलाम का वैज्ञानिक सफर:

कलाम के वालिद समुद्र किनारे नाव बनाने का काम करते थे। कलाम उनको खाना देने जाते थे समुद्र किनारे 8 साल का अबोध बालक पिता को नाव बनाते हुए और समुद्र के ऊपर उड़ने वाले हवाई जहाजों को देख कर सोचता था मुझे भी पायलट बनना है। कलाम अपनी आत्मकथा 'अग्नि की उड़ान' में लिखते हैं कि "बचपन से मैंने मशीन संभालने और उड़ाने का एक सपना देखा था। पायलट बनना मेरा प्रिय सपना था।"

इसीलिए स्नातक के बाद कलाम ने भारत सरकार के दो संस्थानों: वायुसेना और रक्षा मंत्रालय में आवेदन किया। इनके साक्षात्कारों के लिए उनको दिल्ली और देहरादून जाना पड़ा। दिल्ली में साक्षात्कार देने के बाद वो देहरादून गए वहाँ साक्षात्कार में पिछड़ गए जिसका उनको बहुत गहरा दु:ख हुआ। क्योंकि पायलट बनना उनका सपना था।

थके हुए मन से दिल्ली आ कर रक्षा मंत्रालय के तकनीकी केंद्र (उड्डयन) में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक के पद पर 250 रुपए प्रति महीने के वेतन के साथ अपने वैज्ञानिक जीवन की शुरूआत करते हैं।

1. सन् 1960 ई. में भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान से जुड़े।
2. सन् 1963 ई. में नासा के 'लैंग्ले रिसर्च सेंटर (LRC)' और 'गोराड्र स्पेस फ्लाइट सेंटर (GSFC) गए।
3. सन् 1972 ई. में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) से जुड़े।
4. सन् 1982 ई. में पुनः भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान से निर्देशक के रूप में जुड़े।
5. सन् 1985 ई. में त्रिशूल, 1988 में पृथ्वी, 1889 में अग्नि आदि मिसाइलों का प्रक्षेपण।
6. सन् 1992-1999 ई. तक रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार।
7. सन् 1998 ई. पोखरण परमाणु परीक्षण।

इन्हीं सभी प्रमुख कार्यों के लिए डॉ. कलाम को 1981 में 'पद्म भूषण', 1990 में पद्म विभूषण और 1997 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलामः

सन् 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही अब्दुल कलाम को अपनी मंत्रिमंडल में शामिल होने का निमंत्रण दिया। कलाम ने अपने परमाणु परीक्षण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में शामिल होने से मना कर दिया। इसके दो महीने बाद कलाम ने राजस्थान के पोखरण में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और उनकी मंत्रिमंडल के सदस्यों के सामने सफल परमाणु परीक्षण किया। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने ही प्रधानमंत्री रहते हुए 2002 में डॉ. अब्दुल कलाम के नाम को राष्ट्रपति के लिए प्रस्तावित किया। डॉ. कलाम नब्बे प्रतिशत मतों से भारत के 11वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। इनका कार्यकाल 2002-2007 तक रहा।

डॉ. अब्दुल कलाम के विचारः

1. सपने वो नहीं जो नींद में आते हैं, सपने तो वो हैं जो नींद आने नहीं देते।
2. इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं।
3. अगर सूरज की तरह चमकना है तो पहले सूरज की तरह जलो।
4. एक छात्र की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक प्रश्न करना है, छात्रों को प्रश्न पूछने दें।
5. जिस दिन हमारे सिग्नेचर ऑटोग्राफ में बदल जाएं मान लीजिए आप कामयाब हो गए।
6. हम सभी में समान प्रतिभा नहीं होती है। लेकिन, हम सभी के पास अपनी प्रतिभा को विकसित करने का समान अवसर है।
7. मनुष्य के लिए कठिनाइयों का होना बहुत जरूरी है क्योंकि कठिनाइयों के बिना सफलता का आनंद नहीं लिया जा सकता।
8. असफलता कभी मुझे पछाड़ नहीं सकती, क्योंकि मेरी सफलता की परिभाषा बहुत मजबूत है।
9. आकाश की तरफ देखिए हम अकेले नहीं हैं, सारा ब्रह्माण्ड हमारे लिए अनुकूल है, और जो सपने देखते हैं और मेहनत करते हैं उन्हें प्रतिफल देने की साजिश करता है।
10. विनाश से बचने के लिए बुद्धि एक हथियार है, यह एक आंतरिक किला है जिसे दुश्मन नष्ट नहीं कर सकते हैं।

कलाम की कविता:

राष्ट्रपति पद से सेवानिवृत होने के बाद कलाम ने अपनी मातृभाषा तमिल और हिंदी में कविताओं पर भी अपनी कलम चलाई।

हिंदी में लिखी एक उनकी कविता..

'अग्नि में मत ढूँढो
शत्रु को भयग्रस्त करता
शक्ति का स्तंभ कोई।
यह तो है एक आग
दिल में जो सुलगती
हर भारतीय के
सभ्यता के स्रोत सी।
एक छोटी सी प्रतिमा है यह
भारत के गौरव की
आभा से प्रदीप्त जो।'

कलाम का अंतिम सफर:

आईआईएम शिलांग (मेघालय) के निमंत्रण पर कलाम एक वक्तव्य देने के लिए 27 जुलाई 2015 को दोपहर 3 बजे इन्दरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। गुवाहाटी से कार के माध्यम से दो घंटे का सफर तय करते हुए शिलांग पहुंचे। जहाँ आईआईएम शिलांग के संगोष्ठी कक्ष में जिनसे उन्हें हमेशा प्यार रहा युवा छात्र-छात्राएँ उनका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मंच पर आसीन होने के बाद जैसे ही युवाओं के प्रिय डॉ. कलाम अपना वक्तव्य देने को खड़े हुए बहु-मुश्किल दो मिनट ही बोल सके। अचानक दिल का दौरा पड़ने से मंच पर ही गिर पड़े और फिर कभी वो खड़े न हो सके। 27 जुलाई 2015 के दिन हिन्दुस्तान का एक सूरज डूब गया।

संदर्भ

1. अब्दुल कलाम: जीवनी, मेहर चंद
2. अग्नि की उड़ान, डॉ. अब्दुल कलाम
3. मेरी जीवन यात्रा, डॉ. अब्दुल कलाम
4. महाशक्ति भारत, डॉ.अब्दुल कलाम
5. मेरे सपनों का भारत, डॉ. अब्दुल कलाम
6. विकिपीडिया

युवा यदि यत्न करें, तो क्या नहीं कर सकते हैं...

गुफरान
बी.ए. (प्रोग्राम) द्वितीय वर्ष

युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान है और भविष्य है। युवा गहन उर्जा और उच्च महत्त्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनकी आँखों में भविष्य स्वप्न देखने को मिलते हैं। समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान युवाओं का ही होता है। युवा बेहतर भविष्य के लिए मतदान के माध्यम से ईमानदार और विकासपरक सोच वाले प्रतिनिधि को चुनने और भ्रष्ट लोगों के सामाजिक दुत्कार को पहली सीढ़ी मानते हैं। समाज में तेजी से आ रहे बदलावों के प्रति बड़ी संख्या में युवाओं का नजरिया सफलता प्राप्त करने की ओर होना जरूरी है।

किसी एक वर्ग का नहीं बल्कि युवाओं को समग्र विश्व का उत्थान करना है। स्वामी विवेकानंद की सोच भी किसी वर्ग विशेष को लेकर नहीं, बल्कि समग्र विश्व को उत्थान की ओर ले जाना था। आज की बिगड़ती सामाजिक स्थिति में युवा पीढ़ी को उनके विचार आत्मसात करने की जरूरत है। तभी युवा वर्ग समाज और देश को प्रगति की ओर ले जा सकेंगे। युवा देश का कर्णधार है, अतः उन्हें यह जिम्मेदारी समझनी होगी। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। यह बात बिल्कुल सत्य है कि अगर युवा प्रयत्न करे तो क्या नहीं कर सकता है? इस संसार में कुछ भी असंभव नहीं है। जब-जब युवाओं ने अपने कदम बढ़ाये हैं, उसने आसमान की बुलंदियों को भी पछाड़ा है। हमारे पास ऐसे बहुत से उदाहरण हैं। भारत इस समय बहुत सुनहरे दौर से गुजर रहा है। हमारे देश में इस समय युवाओं की संख्या ज्यादा है। जिस देश में युवाओं की आबादी जितनी ज्यादा होगी वह उतनी ही तेजी से तरक्की करता है। इतिहास इसका गवाह है। यह सुनहरा दौर 2025 तक ही रहेगा। क्योंकि उसके बाद यह युवा पीढ़ी वृद्ध हो जाएगी। ऐसे में यह सभी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि युवाओं की ऊर्जा नष्ट न होने पाए। उन्हें सभी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा अवसर मुहैया कराये जाने चाहिए। हमें उन्हें ऐसी शासन व्यवस्था देनी होगी जिसमें वे पॉजिटिव सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। आज भारत में बेरोजगारी तीव्र गति से बढ़ रही है। यह हमारे देश की मुख्य समस्याओं में से एक है। इसके उन्मूलन के लिए हमें रोजगार दिलाने वाली शिक्षा का इंतजाम करना होगा। मेरा मानना है अगर युवा शक्ति को ताकत दें और उनके लिए जीवन को बदलने की सुविधा जुटाएँ, तो भविष्य उज्जवल होकर रहेगा।

दरअसल, युवाओं से देश के विकास में योगदान की अपेक्षा तो बहुत की जाती है, लेकिन विकास की नीतियाँ तय करने में उनकी सीधी भागीदारी नहीं होती। जाहिर है, अगर युवाओं के हाथों में देश की तकदीर तय करने

की ताकत दी जाए तो उन्हें भी एक दिशा मिलेगी और कुछ करने का उत्साह भी। हमारे देश में शिक्षा के मामले में भी सुधार की जरूरत है। हम स्वयं को तब तक एक विकासशील राष्ट्र नहीं कह सकते, जब तक तीन में से एक आदमी अपना नाम तक नहीं लिख सकता। शिक्षा के प्रसार-प्रचार के बिना एक सेहतमंद समाज की परिकल्पना नहीं कर सकते और बिना सेहतमंद समाज के एक गौरवपूर्ण राष्ट्र का ख्वाब नामुमकिन है।

युवाओं से यह उम्मीद की जाती है कि वे भारतवर्ष को उन्नत व विकसित देशों की कतार में लाने के लिए अपना कीमती योगदान देंगे, ताकि हमारा राष्ट्र विश्व में अपनी अनुपम व अमिट पहचान बना सके। देश के अमर शहीदों ने भारत के लिए जो सपने देखे थे, उन्हें साकार करने में हमारी अहम भागीदारी हो।

'युवा देश का विकास है और युवा ही देश की उन्नति है'

''जो तुम सोचते हो वो हो जाओगे। यदि तुम खुद को कमजोर सोचते हो, तुम कमजोर हो जाओगे, अगर खुद को ताकतवर सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे।''

-स्वामी विवेकानंद

''चले चलिए कि चलना ही दलील-ए-कामरानी है
जो थक कर बैठ जाते हैं वो मंजिल पा नहीं सकते''

-हफीज बनारसी

इतिहास, इतिहासकार और धारणाएँ

आयुष कुमार पाल
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

"इतिहास जीविका के लिए मानव के संघर्ष की कहानी है" 'विश्व इतिहास की झलक' पुस्तक में पंडित नेहरू का यह उद्धरण वास्तव में अतीत की परिभाषा का बड़ा अंश पूरा कर देता है। सुविदित है कि इतिहास भूतकाल की गलतियों का दोहराव न हो इसी कारण लोक व्यवहार में पढ़ाया जाता है। अतीत ने हमें कई सबक दिए और संभवत: उसी का परिणाम है कि हमारी मानवीय सभ्यता उत्कृष्टता की हदें पार कर रही हैं। अतीत का विस्तार पहले भौतिक कण से लेकर हमारे हाल ही में बीते क्षण तक है। कुल मिलाकर इतिहास को बदला नहीं जा सकता। किन्तु आज यह यथार्थ से परे है, इतिहासकारों ने अपने स्वार्थों का ऐसा घालमेल किया कि मौलिक तथ्य ही छुप गए।

जीविका का संघर्ष वर्तमान की चरम सभ्यता का सृजन सोपान भी है, यह हमारे पुरातन वैभव, अतीत की इमारतों और धर्म विचारों का स्त्रोत है; जिन्हें हम नजरअंदाज कर वर्तमान का सुख नहीं भोग सकते हैं। सवाल यह उठता है कि इतिहास को बदलने की शुरुआत कहाँ से हुई थी? विदित है कि हमारे बुजुर्ग उनके समय का वृतांत कुछ बढ़ा कर सुनाते हैं, यही प्रवृत्ति इतिहासकारों में रही है। जब मानव ने लेखन शुरू किया तो तात्कालिक घटनाओं की बजाय उन्होंने बीती बातों पर ध्यान केंद्रित किया और इसी संदर्भ में छापेखाने के अभाव या उनके विकसित न हो पाने के कारण इतिहास लेखन की शृंखला में कई प्रकार के लिपिक या नकलवीस स्वयं अपने हाथों से पांडुलिपियों की प्रति कृतियाँ बनाया करते थे। इस क्रम में अमूमन यह होता होगा कि यदि द्वितीय स्तर के लिपिक अथवा नकलवीस को प्राथमिक स्तर के लिपिक की लिखावट समझ नहीं आती होगी कारणवश मूल लेख से दूसरे लिखित लेख में कई छोटे-बड़े अथवा महत्त्वपूर्ण अंतर हो जाते होंगे और यहाँ तक कि कई बार मूल इतिहास के लेखक भी अपने ही लेखन पर संशोधन भी किया करते थे। उदाहरणत: चौदहवीं शताब्दी के इतिहासकार जियाउद्दीन बरनी ने अपना वृत्तांत प्रथम बार 1356 ई. में और दूसरी बार 1358 ई. में लिखा था और दोनों में सामान्य स्तर से अधिक अंतर विद्यमान है।

किन्तु भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में 'वेद' मौलिक माने गए हैं और इनकी सत्यता पर कम ही शक किया जाता है। बाद के अन्य ग्रंथों में भी कुछ अतिशयोक्ति के बाद सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन का प्रतिबिम्ब देखा जाता है, क्या यह अनुमान लगाया जा सकता है कि किसी काल विशेष में लिखने वाले लेखक की लेखनी तात्कालिक सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आयामों से अछूती रही होगी? इतिहास लेखन में शुरू से लेकर अब तक धार्मिक और धर्मेत्तर साहित्य का भरपूर प्रयोग हुआ। (नोट –'यह

उल्लेख करना आवश्यक है कि अन्य धर्मों की अपेक्षा हिन्दू धर्म ग्रंथों का इतिहास में सर्वाधिक प्रयोग हुआ है, बावजूद इसके कि अरब और ब्रिटिश रूढ़िवादी लेखकों ने कहा कि भारतीय इतिहास लेखन में फूहड़ या अज्ञानी थे')।

यह सभी जानते हैं कि बाद के ग्रंथ देवताओं की बजाय राजाओं की प्रशस्तियां गाने लगे, (लगभग हर क्षेत्र में) भारत, अरब, यूनान सभी देशों में राजमहिमा का वर्णन बढ़ने लगा। यह सामंतवादी व्यवस्था के आरंभिक चिह्न थे, इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि धार्मिक महत्त्व कम होने लगा बल्कि राजा स्वयं धर्म की रक्षा का भार खुद पर लादने लगे। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि समय के अनुसार इतिहास की जरूरतें बदलती रही है, चाहे फिर प्राचीनकाल हो, मध्यकाल हो या फिर वर्तमान का आधुनिक युग। इतिहास लेखन में यात्रा वृतांत की भूमिका विशेष महत्त्व रखती है। यदि किसी प्राचीन समाज का अध्ययन करने के लिए निरपेक्षता बरतनी हो तो यह लेखन हमारे लिए उपयोगी सिद्ध हो सकता है, किन्तु हमेशा नहीं; क्योंकि अधिकांश यात्रा वृतांतों में स्वयं के धर्मदेश आदि को श्रेष्ठ रखा जाता है। (यदि कुछ अपवाद छोड़ दें) उदाहरण के नमूने के रूप में हम भारत में मध्यकालीन इस्लामी इतिहासकार को ले सकते हैं जो पूर्वाग्रह और रूढ़िवादी विचारों से भयंकर रूप से ग्रसित थे। इनका पाठन करते समय हमें यह कभी भी नहीं भूलना चाहिए कि इन कृतियों में मध्य एशिया की नवोदित शक्तियों का प्रभाव है जो हाल ही में कबीलाई जीवन से मुक्त हुई थी। साम्राज्यवाद की नवीन ललक के साथ उनमें धन प्राप्ति और धार्मिक प्रचार की भावनाएं भी कूट-कूट कर भरी हुई थी, अंत: वह शायद ही नवीन समाजों से निरपेक्ष व्यवहार कर पाए हों।

यदि मुगलों के पतन के बाद इतिहास लेखन की नवीन शाखा का अध्ययन किया जाए तो हमें ज्ञात होगा कि अब रचनाएँ सामाजिक जीवन की ओर अग्रसर हैं। दुर्बल मुगल शासकों की बजाए दरबारी मंत्रियों और सांस्कृतिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों की ओर रुख करती इन रचनाओं में सामाजिक प्रभाव का अद्भुत वर्णन है। गंगा-जमुनी तहजीब की कायम होती नई धारा उपनिवेशवादी सत्ता से अनजान थी। अकबर के काल से जन्मी यह मिश्रित हिंद इस्लामी संस्कृति सन् 57 के महाविद्रोह तक अनवरत जारी रही थी, और आगे भी तब तक जारी रहेगी जब तक कि सांप्रदायिक एकता को अपने स्वार्थों की पूर्ति में रोड़ा मानने वाली औपनिवेशिक शक्ति यानी ब्रितानी हुकूमत ने इन्हें आपस में तोड़ने के लिए इनके अलग-अलग स्वार्थों की घोषणा न कर दी। यदि इस काल की कृतियों में देखा जाए तो हमें ज्ञात होगा कि मध्य एशियाई इस्लामी प्रभाव टूटने के बावजूद हिंदुस्तान में सांप्रदायिक सद्भावना का नए सिरे से आरंभ हो रहा था, यहाँ न तो औरंगजेब के कट्टर कदमों की कोई आहट सुनाई देती, न ही कोई सांप्रदायिक अलगाव की। किंतु मात्र कुछ वर्षों तक चरम पर रहने के बाद इन पर अलगाववादी बादल मंडराने लगे, जिन्हें औपनिवेशिक सत्ता प्रेरित कर रही थी।

आधुनिक काल में इतिहास की नई भारतीय शाखा यानी औपनिवेशिक -ब्रिटिश उपागम का उदय हुआ। यह स्वयं की सभ्यता की श्रेष्ठता को ही सर्वोपरि मानते, चाहे उन्हें इससे कई श्रेष्ठ सभ्यताएं मिलती थी। अपनी संस्कृति को ही इनका प्रेरक लिखते। विदेशी लेखकों ने इतिहास का ऐसा कंटेंट लिखा जो भारत में ब्रिटिश

हुकूमत बरकरार रखने में सहायक था। (देखें – 'प्राचीन भारत का इतिहास' रामशरण शर्मा) कुछ भारतीय इतिहासकार अब भी इस कार्य को जारी रख रहे हैं। भारतीय प्राचीन वैभव को ठुकरा कर उन पर श्रेष्ठ यूरोपीय सभ्यता के प्रभुत्व लादा गया। यहाँ यह जान लेना श्रेयस्कर होगा कि खुद को सभ्यता के पैरोकार कहने वाले, यह अंग्रेज मध्यकालीन यूरोपीय समाज का सच्चा स्वरुप लिखना भूल गए। जब भारत में घरेलू दासों के साथ घर के सदस्य जैसा व्यवहार होता, तब यूरोप में कृषक व गरीब तक पशुओं की भांति रह रहे थे, जब यूरोपीय महिलाएँ गंदगी में जीवन जीती तब अधिकांश भारतीय महिलाएँ अपेक्षाकृत अच्छा जीवन जी रही थीं। (देखें –'मध्यकालीन भारत– मुगल काल' सतीश चंद्र) ऐसा शोषण भारत में न था। जितना भेदभाव जातिगत या धर्मगत भारत में था, यूरोप का वर्गवादी भेदभाव उससे काफी क्रूर था। एक और अनिष्ट जो औपनिवेशिक लेखन ने किया वह भारतीय एकता को तोड़ने का था, वह स्वर्णिम युग जब पूरा उपमहाद्वीप एक संस्कृति में बंधा था, को नकार कर इस नवीन सत्ता ने विभिन्न संप्रदायों के स्वार्थों का बंटवारा कर दिया। उपमहाद्वीप की मिश्रित संस्कृति पर बंटवारे के कंटक बोने वाले कदम उठाए गए। प्रोफेसर बिपिन चंद्र के अनुसार जब बंगाल विभाजन के बाद सांप्रदायिक आधार पर निर्वाचन बंटवारे का कानून यानी कि मार्ले मिंटो सुधार लाया गया तो तात्कालिक भारत के वायसराय ने भारत के गृह सचिव को पत्र लिखकर भेजा कि हम वह विष के कंटक बो रहे हैं जिनका परिणाम घातक होगा। उपनिवेशवादी इतिहासकारों ने (मुख्य रूप से जेम्स मिल 1817 ई० में अपनी पुस्तक 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया') भारत के वैभव पूर्ण अतीत को अस्वीकार कर भारतीय इतिहास को तीन भागों में बाँटा, पहला हिंदू सभ्यता पर आधारित प्राचीन काल था, दूसरा कथित तौर पर हिंदुओं पर इस्लामी बर्बरता और अत्याचारों पर आधारित मध्यकाल और इसी तरह आधुनिक काल के नायक खुद को बता कर उन्होंने यह तीसरा भाग संपादित किया और यह कहकर अंत करते हैं कि हम हिंदुस्तान को सभ्य बना रहे हैं। अतीत को मानवीय दृष्टि से पढ़ने वाला हर एक व्यक्ति समझ सकता है कि सभ्य वास्तव में था कौन!

कुल मिलाकर इन इतिहासकारों ने अपने देश की बुराइयों पर पर्दा डाल भारत की बुराइयाँ उधेड़, उनमें अपनी भड़ास की मिर्च डाल तीखा बनाया और इतिहास की किताबों के माध्यम से हमें इनमें हीनतर बना दिया। भारतीय सिविल सेवकों को ब्रिटेन में जो इतिहास पढ़ाया जाता उनका यह उल्लेख करना ही अनिष्ठ होगा। उन्होंने जो इतिहास पढ़ाया वह साम्राज्य को बरकरार रखने में सहायक था, यह वही इतिहास था जिसके बल पर अंग्रेजों ने भारतीय वैभव को लूट कर अपने संग्रहालय में सजा दिया। किंतु इतिहास को बदलने की या उपनिवेशवादी झूठ को प्रमाणित करने की कोशिशें अब शुरू हो चुकी थी। नवीन भारतीय बुद्धिजीवी वर्ग अपने पुरातन ग्रंथों की ओर लौटने लगे और समाज सुधारकों ने इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद का नाम इनमें अग्रणी हो सकता है। जब भारतीय धर्म संस्कृति को संबोधित करने स्वामी विवेकानंद शिकागो गए तो वहाँ के अखबार ने अगली सुबह यह लिखा कि इतनी विद्वता भरे राष्ट्र में ईसाई धर्म प्रचारकों को भेजना कितना मूर्खतापूर्ण कार्य है। यदि कल्पना की जाएगी इसी काल में भारत के कई व्यक्ति भारतीय समाज, संस्कृति और सभ्यता के प्रचार हेतु विश्व में गए होते तो आज विश्व का परिदृश्य काफी बदला हुआ होता। ऊपर वर्णित शब्द अतिशयोक्ति पूर्ण लग सकते हैं किंतु वास्तव में यही वे शब्द थे जिनके बल पर नए

भारत के बुद्धिजीवी वर्ग ने भारत के पुरातन वैभव को विश्व पटल पर सामने लाने के प्रयास शुरू किए।

प्राचीन भारत को इस तरह से प्रभावित करने का पहला महत्त्वपूर्ण कदम रमेश चंद्र मजूमदार ने उठाया। यह कदम न केवल भारतीयों ने उठाया बल्कि इनमें विदेशी बुद्धिजीवियों ने भरपूर योगदान दिया। इन्हीं में एक नाम ए.एल. बाशम का है जिन्होंने अपनी कृति 'द वंडर दैट वाज इंडिया' यानि 'अद्भुत भारत' के जरिए प्राचीन भारतीय वैभव को ब्रिटेन तक पहुँचा दिया। इसके उलट विसेंट स्मिथ जैसे पाश्चात्य पूर्वाग्रह ग्रसित व्यक्तियों ने भारतीय सभ्यता को हीनतर बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसा ही आगे एक विशेष प्रयास दामोदर धर्मानंद कोसांबी ने किया, 'प्राचीन भारत की संस्कृति और सभ्यता' नामक इनकी कृति ने भारत के मलिन वैभव को पुनः प्रकाश में लाया। न केवल बीसवीं सदी बल्कि 19वीं सदी में भी ऐसे कई प्रयास हुए। प्रोफेसर रामचरण शर्मा के अनुसार ''भारतीय विद्वानों के सामने यह शब्द एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरा, खासकर उनके लिए जिन्होंने पश्चिमी शिक्षा प्राप्त की थी, वे प्राचीन इतिहास का जो उपनिवेश खंडन था उससे काफी दुखी थे और भारतीय सामंती समाज के विनिष्ठीकरण और ब्रिटेन के प्रगतिशील पूंजीवादी समाज के विरोधाभास को लेकर चिंतित भी है। (राष्ट्रवादी दृष्टि और उसका योगदान के संदर्भ में) प्राचीन भारत को लेकर एक विशेष कदम राजेंद्र लाल मित्र ने 19वीं सदी में उठाया, जिन्होंने वैदिक ग्रंथ प्रकाशित किए और इंडो आर्य शीर्षक से किताब भी लिखी। ऐसे ही दक्षिण भारतीय वैभव पर नीलकंठ शास्त्री ने एक अतुल्य पुस्तक लिखी।

स्वतंत्रता के बाद देश के इतिहासकार राष्ट्रवाद, उपाश्रय व मार्क्सवाद जैसी विचारधाराओं के आधार पर लेखन करने लगे। अपनी प्रिय विचारधारा को बल प्रदान करने के लिए इसके अनुकूल लिखा। आजादी प्राप्त हुए वर्षों बीत गए पर इतिहास लेखन को अब तक पूर्वधारणा और भ्रामक तथ्यों ने जकड़ा हुआ है (कुछ अपवाद छोड़कर)। पहले इस्लामी, बाद में ब्रिटिश और अब यह विचारों से प्रेरित इतिहासकार अतीत के तथ्यों को सत्यता से काफी दूर करने में संलग्न हैं।

इतिहास लेखन तथा उसके अध्ययन की पद्धतियाँ

इतिहास लेखन व इसके अध्ययन पद्धतियों का विश्लेषण शब्दों का मोहताज नहीं हैं, किंतु इसकी व्याख्या और अध्ययन के लिए इससे इतिहासविदों ने इसे हिस्ट्री और हिस्टोरियॉग्राफी में विभक्त किया है। हिस्ट्री यानी इतिहास, अतीत का एक संकलन है और हिस्टोरियोग्राफी यानी इतिहास विधा या ऐतिहासिकरण, इस बात का अध्ययन है कि इतिहास का विश्लेषण, लेखन और प्रस्तुतीकरण क्या होगा? इतिहास लेखन की पद्धतियों में मुख्य रूप से साम्राज्यवादी, कैम्ब्रिज धारा, राष्ट्रवादी, मार्क्सवादी, उपाश्रितवर्गवादी और अर्द्धमार्क्सवादी राष्ट्रवाद आदि की पद्धतियाँ देखी जाती हैं। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और आधुनिक भारत के इतिहास के संदर्भ में निम्न पद्धतियाँ निम्न विचार रखती हैं–

साम्राज्यवादी पद्धति

साम्राज्यवादी पद्धति का सीधा संबंध ब्रिटिश शासन से है। इस पद्धति के अनुसार ब्रिटिश शासन काल भारत की झोली में ईश्वर द्वारा प्रदत्त वरदान है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की जनता के हित की रक्षा करना था।

इस कथन के अनुसार ब्रिटिशों द्वारा भारतीयों पर शोषण की बात निराधार है। इस पद्धति के अनुसार ब्रिटिशर्स ने पहले भारतीय समाज, सभ्यता, संस्कृति और भाषा का अध्ययन किया। यह अध्ययन करने वाला समूह ओरिएंटललिस्ट विद्वानों के नाम से जाना गया; विलियम जॉन्स तथा मैक्समूलर इस समूह के प्रणेता माने जाते हैं। उन्होंने अपने अध्ययन में यह बताया कि आर्य जाति का विस्तार भारत और यूरोप में मूल रूप से विद्यमान था। ओरियंटलिस्ट के पश्चात उपयोगितावादी समूह अध्ययन क्षेत्र में आया जिसके अनुसार यह तथ्य अप्रमाणिक है। उपयोगितावादी समूह मुख्य रूप से बेंथम के विचारों से प्रभावित था, उनका मानना था कि भारत की पुरानी सभ्यता अनेकानेक कमियों से ग्रसित है; इन कमियों को दूर करने के लिए वहाँ पर व्यक्तिवाद और बुद्धिवाद को बढ़ावा देना होगा। जेम्स मिल ने आगे चलकर इसी कथन को अपना आधार बनाया तथा इसी अध्ययन को आगे ले जाकर ब्रिटिश विद्वान रेगीनालड कूपलैंड और पर्सिवल स्पीयर ने बताया कि ब्रिटिश राज भारत के लोगों को सुशासन का मार्ग दिखा रहा था और अंत में भारत को हर क्षेत्र से भारत को सुदृढ़ और सशक्त करने के पश्चात सत्ता का हस्तांतरण भी कर दिया गया है। इसके बाद कई अन्यधारा के इतिहासकारों ने इसे साम्राज्यवादी सोच का उदारवादी पक्ष बताया।

कैंब्रिज धारा

साम्राज्यवादी पद्धति के बाद इतिहास लेखन की विकसित हुई कैंब्रिज धारा, साम्राज्यवादी पद्धति का ही एक दूसरा रूप थी। जिसे वहाँ के कुछ विशेष विद्वानों ने और आगे की दिशा दिखाई; इन विद्वानों में अनिल सील, गैलाधर ब्रूमफील्ड तथा जुड़ी ब्राउन का नाम प्रमुख है। इस पद्धति के अनुसार भारत कोई राष्ट्र था ही नहीं और न ही वह राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में था। यह एक ऐसे लोगों का समूह था जो कौम, जाति और भाषा तथा धार्मिक समुदायों के आधार पर अलग-अलग समूह में बटे हुए थे और ब्रिटिशर्स ने इन्हीं समूह तथा समुदायों को संगठित किया, एक राजनीतिक ढांचा दिया और उनकी अर्थव्यवस्था को प्रबल किया।

संक्षेप में कहें तो यह दोनों धाराएं राष्ट्रवादी अध्ययन पद्धति के विरोध में स्थापित हैं और एक दूसरे के तथ्यों को पूर्णतया नकारते हैं। इस संदर्भ में भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एस गोपाल कहते हैं कि उपनिवेशवाद और राष्ट्रवाद की इस अध्ययन पद्धति ने तो भारत के राष्ट्रीय आंदोलन से सभी उच्च भावनाओं चरित्र इमानदारी नि:स्वार्थ सेवा भाव आदि को दरकिनार कर दिया है; वहीं तपन राय चौधरी इसका परिहास करते हुए इसे 'पाशविक राजनीति' की संज्ञा देते हैं।

राष्ट्रवादी पद्धति

साम्राज्यवादी इतिहास लेखन पद्धति की ठीक विरोधी राष्ट्रवादी पद्धति भारत में हुए राष्ट्रीय आंदोलन की उत्पत्ति का कारण मात्र नहीं बल्कि इसे सही स्वर देने के पीछे इसी पद्धति का हाथ है। इस पद्धति के प्रतिपादकों में प्राथमिक रूप से दादा भाई नौरोजी, आरसी दत्त, एस.एन. बैनर्जी, लोकमान्य तिलक, बिपिन चंद्र पाल, लाला लाजपत राय, स्वामी दयानंद, अरविंद घोष और स्वामी विवेकानंद हैं। आगे चल कर द्वितीयक रूप से इस पद्धति के समर्थक आर.सी. मजूमदार, ताराचंद विश्वेश्वर प्रसाद, बी.आर. नंदा तथा बी.एन. पांडे हैं।

इस धारा के इतिहासकारों का मानना है कि ब्रिटिश साम्राज्य भारत के गौरवशाली इतिहास का कलंक था। राष्ट्रवादी पद्धति के अनुसार ब्रिटिशर्स ने धोखाधड़ी से हिंदुस्तान पर कब्जा कर लिया और उसका सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और हर एक रुप से शोषण किया। इनके अनुसार भारत में स्थापित राष्ट्रवाद कोई विद्रोह नहीं था बल्कि वह प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की गौरवमई एकता का प्रतीक था। एक राष्ट्र के निर्माण में आवश्यक प्रकल्प अर्थात प्रजातंत्र, मानवीय प्रतिष्ठा, समता, स्वतंत्रता और विश्व बंधुत्व आदि भारत में पहले से ही विद्यमान थे साथ ही भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन किसी एक विशेष वर्ग, वर्ण अथवा जाति का आंदोलन नहीं था बल्कि उसमें हर एक भारतीय ने अपनी भूमिका स्पष्ट की थी। राष्ट्रवादी पद्धति की तीव्र आलोचना करते हुए मार्क्सवादी अध्ययन पद्धति कहती है, यह राष्ट्रवादी सोच जमीनी सच्चाई की अवहेलना करती है। वास्तविकता तो यह है कि समस्त भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व विशिष्ट वर्ग के लोगों द्वारा संचालित किया गया था, वह मूलत: उन्हीं के हित के लिए था। हालांकि यह बात भी सच है कि उसमें वंचित वर्ग की जनता ने भी भागीदारी दी थी, पर ऐन मौके पर उनके हितों को नजरअंदाज कर आवश्यकता पड़ने पर फिर से उनका शोषण किया जाता है।

मार्क्सवादी पद्धति

इसी क्रम में मार्क्सवादी पद्धति दोनों विचारधाराओं अथवा पद्धतियों यानी साम्राज्यवादी तथा राष्ट्रवादी की आलोचना करती है। मार्क्सवादी पद्धति के अनुसार ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत पर कब्जा करना, भारत पर पहले हुए आक्रमण से बिल्कुल अलग था। भारत में पहले हुए आक्रमण भारत की संस्कृति के सामने टिक नहीं पाए और भारत की संस्कृति से ही घुल मिल गए। किंतु ब्रिटिशर्स की भारत पर विजय की प्रकृति बाकी सभी प्रांतों से अलग थी क्योंकि उस समय ब्रिटेन में पूंजीवादी व्यवस्था की स्थापना हो चुकी थी और सामंतवादी व्यवस्था बहुत हद तक समाप्त भी हो चुकी थी। इस कारणवश ब्रिटिश राज का भारत पर दोहरा प्रभाव पड़ा – एक पक्ष विध्वंसात्मक था तो दूसरा रचनात्मक। ब्रिटिशर्स ने एक ओर तो भारत के ग्रामीण समाज को नष्ट किया तो वहीं दूसरी और पूंजीवादी व्यवस्था की नींव भी रखी। मार्क्सवादी पद्धति के प्रतिपादक रजनी पाम दत्त को माना जाता है। उनकी पुस्तक 'आज का भारत' और ए.आर. दिसाई की पुस्तक 'सोशल बैकग्राउंड टू इंडियन नेशनलिज्म' इस पद्धति के प्रामाणिक ग्रंथ माने जाते हैं।

इन ग्रंथों तथा मार्क्सवाद की मूल धारा के अनुसार मार्क्सवादी चिंतक राष्ट्र वादियों का समर्थन इस बात पर करते हैं कि नि:संदेह ब्रिटिश साम्राज्य के चलते भारत में बड़े पैमाने पर विध्वंस हुआ, लोगों में गरीबी, भुखमरी और कंगाली फैली किंतु दूसरी ओर यह पद्धति साम्राज्यवादी पद्धति का समर्थन करते हुए यह भी मानती है कि ब्रिटिशर्स ने भारत की सामंतवादी व्यवस्था को तोड़कर पूंजीवादी व्यवस्था की स्थापना की और विकास के क्रम में भारत का मार्ग प्रशस्त किया। राष्ट्रवाद तथा राष्ट्रीय आंदोलन की उत्पत्ति के संदर्भ में मार्क्सवादी विचार का मानना है कि इसकी उत्पत्ति ब्रिटेन और भारत के आपसी हितों के टकराव के कारण हुई।

उपाश्रितवर्गवादी पद्धति

उपाश्रितवर्ग वादी पद्धति को निम्न वर्गीय धारा के नाम से भी जाना जाता है। इसके प्रमुख प्रतिपादक और सिद्धांतकार रणजीत गुहा को माना जाता है। इसका प्रारंभिक और प्राथमिक बीजवपन उनकी पुस्तक 'सबाल्टर्न स्टडीज खंड-1' के आमुख में दिया हुआ है। इस अध्ययन के अनुसार अब तक जितना भी इतिहास लेखन हुआ है वह केवल एक विशेष तबके तथा वर्ग विशेष से संबंध रखता है। इतिहास की ऐसी पद्धति संपूर्ण इतिहास नहीं बल्कि वह इतिहास का आधा अधूरा भाग है। इस पद्धति के अनुसार कुलीन/अभिजात अथवा निम्न वर्ग को परिभाषित किया गया है। रणजीत गुहा के अनुसार कुलीन वर्ग का तात्पर्य देशी-विदेशी वर्चस्व वर्ग वाले लोगों से है। साम्राज्यवादी तथा राष्ट्रवादी दोनों पद्धतियों के इतिहास लेखन में कुलीन वर्ग का ही वर्चस्व रहा है। इस तरह की इतिहास लेखन पद्धति केवल कुलीन वर्ग की यश गाथा है और परिहास करते हुए वे यह भी जोड़ते हैं कि भारतीय राष्ट्रवाद के इतिहास की यह धारा 'कुलीन वर्ग की आध्यात्मिक जीवन गाथा' है इसके अलावा और कुछ भी नहीं। कुल मिलाकर यह पद्धति आम आदमी जिसमें किसान, मजदूर तथा अन्य निचले वर्ग के लोगों की संघर्ष की कहानी है; जिसकी अवहेलना साम्राज्यवादी तथा राष्ट्रवादी इतिहास लेखन की पद्धति करती है। दूसरे शब्दों में इसे 'नीचे का इतिहास' भी कहा जाता है।

इसके साथ ही इस पद्धति की कई स्तरों पर आलोचना भी की जाती है इसकी आलोचना का मूल कारण इसकी एकलवादी तथा अतिवादी स्थापना और मान्यताएं रही हैं। सुमित सरकार बिपिन चंद्र और रोमिला थापर इस पद्धति का पुरजोर विरोध तथा आलोचना करते हैं।

अर्ध-मार्क्सवादी-राष्ट्रवादी

इस पद्धति का प्रतिपादन मुख्य रूप से बिपिन चंद्र तथा उनके सहयोगी इतिहासकारों ने किया। वह हर सिरे से मार्क्सवादी तथा राष्ट्रवादी दृष्टि के मध्य तालमेल बैठाना चाहते थे, यह पद्धति मानती है कि ब्रिटिश सरकार का साम्राज्यवादी व उपनिवेशवादी हित और भारत के राष्ट्रीय हित के मध्य प्रारंभ से विरोधाभास था और भारत में व्याप्त वर्गों, वर्णों और समूह के बीच के अंतरभेद गौण रूप में विद्यमान थे; पर मुख्यधारा तो ब्रिटिशर्स की साम्राज्यवादी नीति के विरोध में थी। इस पद्धति का यह भी मानना है कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन एक बहूवर्गीय आंदोलन था इसलिए इसे स्वतंत्रता के लिए जन आंदोलन की संज्ञा देना ज्यादा तार्किक रहेगा। इस पद्धति के अनुसार 1947 में हुआ सत्ता स्थानांतरण भारत का ब्रिटिशर्स के साथ कोई समझौता नहीं था बल्कि यह ग्रामशी के शब्दों में स्थिति के युद्ध से बचने का समानार्थी था।

उपर्युक्त वर्णित इतिहास की सभी पद्धतियाँ एक विविधता को दर्शाती हैं, जो अपने आप में कहीं न कहीं अपूर्ण हैं; तो वस्तुत: एक पक्षीय भी है और किसी विशेष समूह की विशेष विचारधारा से संबंध रखती है। किंतु इतिहास की अवधारणा इन विचारधाराओं में ग्रसित होने की नहीं है। इतिहास का अध्ययन केवल किसी एक पद्धति के आधार पर करना असंभव तथा अधूरा रहेगा; इन सभी पद्धतियों को मिलाकर बहुआयामी दृष्टिकोण शायद इतिहास के अध्ययन को सरल और सटीक बना सकता है।

हालांकि स्वतंत्रता के बाद से ही इतिहास को नवीन दृष्टिकोण से देखने के विशिष्ट उपागम की शुरुआत हुई। सुमित सरकार (द मॉडर्न इंडिया), बिपिन चंद्र (द इंडियन स्ट्रगल फॉर इंडिपेंडेंस), शेखर बंद्योपाध्याय (पलासी से विभाजन) आदि इतिहासकारों ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष को नवीन दृष्टिकोण से देखने का कार्य किया। प्राचीन और मध्यकालीन भारत पर नए कार्य काफी पहले से शुरू हो गए थे, किंतु आधुनिक भारत पर हुए हालिया शोध अब महत्त्वपूर्ण लगने लगे हैं। आरंभिक इतिहासकार उपनिवेश उपागम से काफी कुछ प्रभावित थे किंतु यह नए उपागम 'नीचे से ऊपर' की ओर देखने का कार्य कर रहे हैं। यह बताने में काफी कामयाब हुए हैं कि जितना योगदान भारतीय बुद्धिजीवियों का स्वतंत्रता में था उतना ही आदिवासियों, दलितों और आम लोगों का भी था। अब यह आशा बंधने लगी है कि इतिहास के यह नवीन दृष्टिकोण धीरे-धीरे पूर्वाग्रहों को काट रहे हैं और इतिहास को भ्रामकता से बचाने का विशिष्ट कार्य करने में जुट गए हैं।

> ''इतिहास अद्वितीय ज्ञान है और यह मनुष्य के संपूर्ण ज्ञान का स्त्रोत है। यह सत्य ही प्रतीत होता है क्योंकि इतिहास में ही मनुष्य जाति का संपूर्ण अतीत समाया हुआ है।''
>
> **-कॉलिंगवुड**

> ''इतिहास अतीत की घटनाओं का उनके सभी पहलुओं का, एक सामाजिक समूह के जीवन में, वर्तमान घटनाओं के आलोक में वैज्ञानिक अध्ययन है।''
>
> **एन.सी.ई.आर.टी.**

टैक्सी ड्राइवर

मनीष कुमार
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

दफ्तर से अपना काम खत्म करने के बाद जब अपने घर के लिए गुप्ता जी निकलने लगे तो उस समय उनकी घड़ी में तकरीबन रात के 9 बज रहे थे। हालांकि रोज गुप्ता जी शाम 7 बजे के लगभग अपने ऑफिस से निकल जाया करते थे लेकिन आज काम के दबाव के कारण कुछ देर हो गई थी। घर जल्दी पहुँचने की हड़बड़ाहट में गुप्ता जी ने आज बस की जगह टैक्सी पकड़ने का निर्णय लिया और फिर ऐप के माध्यम से तुरंत ही एक टैक्सी बुक कर डाली।

ठीक पाँच मिनट के बाद दनदनाती हुई एक सफेद रंग की चमचमाती मारुती डिजायर गाड़ी आकर उनके पास खड़ी हो गई। ड्राइवर तुरन्त नीचे उतरकर पिछली सीट साफ करने लगा।

''सॉरी सर जी, एक बुजुर्ग महिला के साथ कुछ छोटे बच्चे बैठे थे, कुछ खा रहे थे'' इसलिए सीट थोड़ी गंदी हो गई है और मैं उनको मना भी नहीं कर पाया... बच्चों को भला कैसे मना करता...ड्राइवर ने गुप्ता जी से कहा।

''ठीक है, ठीक है, कोई बात नहीं, जल्दी चलो'' ...गुप्ता जी ने अपनी जुबान चलाई।

गाड़ी का गेट खोलकर जब गुप्ता जी उसके अंदर बैठे तो देखा कि अभी कार की सीट का प्लास्टिक कवर भी नहीं हटा था और भीतर से नयी कार की खुशबू भी आ रही थी।

अब ड्राइवर ने अपनी रफ्तार पकड़ ली।

''बहुत बधाई हो तुम्हें नयी कार की, बहुत अच्छी कार है... नाम क्या है तुम्हारा?'' गुप्ता जी ने जानना चाहा।

''शुक्रिया सर जी, अभी तीन दिन पहले ही ली है। मेरे पुराने साहब ने ही दिला दी है। बोले, चलाओ अभी तुम्हें जरुरत है। मैंने कहा कि पैसे कैसे दे पाउंगा, तो बोले, चलाओ अभी पैसे की मत सोचो, मैं देख लूंगा... सर रमेश यादव नाम है मेरा'' ...ड्राइवर ने बहुत खुश होकर कहा।

''अच्छा ठीक है, तो फिर ये नई गाड़ी तुम्हारे पुराने साहब ने तुम्हें क्यों दिलायी?'' गुप्ता जी ने जानना चाहा।

''सर मैं उनकी कार चलाता था तकरीबन बीस साल से... रोज सुबह उनको दफ्तर ले जाता और फिर शाम को वापस घर। उसके बाद जब जहाँ जरूरत होती वहाँ जाता उनके साथ या फिर उनकी पत्नी के साथ '' ...ड्राइवर बोला।

ड्राइवर ने फिर अपनी बात आगे बढ़ाई... ''सर जी, कोविड में वर्क फ्राम होम होने के कारण काम बहुत कम हो गया, फिर वहाँ मेरी जरुरत ही नहीं रही क्योंकि साहब नौकरी से रिटायर हो गए। उसके बाद मैंने फूड कंपनी का काम पकड़ लिया... सर बहुत प्रेशर था उसमें''... ड्राइवर बोला।

''क्यों?'' गुप्ता जी ने कौतूहलवश पूछा।

''सर, पचासों फोन एक साथ आ जाते थे। लोग देर से अपना आर्डर देकर फिर 15 मिनट में डिलीवरी के लिए दबाव बनाते थे। कुछ भी गड़बड़ हुआ तो बहुत डांट सुनना पड़ता था। किसी को धीरज नहीं है सर। दो बच्चे हैं मेरे, काम के जबरदस्त दबाव के कारण 6 महीने कर के वहाँ छोड़ दिया'' ...ड्राइवर ने कहा।

''फिर?'' गुप्ता जी ने आगे पूछा।

''फिर सर, साहब ने ड्राइवर की एक वेबसाइट पर मेरा रजिस्ट्रेशन करा दिया। जब जिसको जरूरत पड़ती बुला लेता। अपनी सोसाइटी में भी उन्होंने सबको बता दिया था। 10-12 हजार महीने का कमा लेता था ,पेट भर जाता था ....मेरा और मेरे परिवार का।''

''फिलहाल मेरे दोनों बच्चे पढ़ रहे हैं सर, एक अगले साल दसवीं की परीक्षा देगा और दूसरा बी.ए. में है , आगे बोल रहा है कहीं से मैनेजमेंट की पढ़ाई करेगा। अब पढ़ाई में तो पैसा लगता है ना सर। मैं बहुत चिंता में था'' ...इतना कहकर ड्राइवर खामोश हो गया और उसकी आँखें भींग गई।

''फिर?'' गुप्ता जी ने ड्राइवर को कुरेदा।

''फिर, सर मैंने अपने साहब को पूरी बात बताई, तो वे बोले चिंता मत करो, चलो तुमको एक गाड़ी निकलवा देता हूँ, अब तुम खुद की गाड़ी चलाओ''।

मैंने बोला ''साहब, पैसे कहाँ हैं मेरे पास, तो वे बोले, मैं निकलवा देता हूँ। उन्होंने ही सारी बात की कंपनी से और अपने रिटायरमेंट के मिले पैसों से ये गाड़ी मेरे लिए खरीदी।''

''तो कार साहब के नाम है?'', गुप्ता जी ने पूछा।

''नहीं सर, मेरे नाम से'' ड्राइवर बोला

''फिर पैसे तो चुकाने पड़ेंगे, कैसे करोगे इतना सबकुछ?''

''सर, साहब ने कहा है कि तुम सिर्फ मेहनत और ईमानदारी से गाड़ी चलाओ, अपनी सारी जरूरतें, जिम्मेदारियाँ पूरी करो। पैसे अभी नहीं देने हैं, जब ये गाड़ी बेचोगे तब बताना...फिलहाल मैं सब देख लूंगा।''

अब तक उस साहब के बारे में गुप्ता जी की उत्सुकता चरम पर पहुँच चुकी थी। ऐसे भले लोग कहाँ आसानी से मिलते हैं इस दौर में भला।

''क्या करते हैं तुम्हारे साहब?''

''सर, वो एक बड़े दूरसंचार कंपनी में कार्यरत थे, बड़े ही भले लोग हैं वे, उनकी पत्नी भी गरीब बस्ती के बच्चों को खाली समय में अपने घर पर बिल्कुल मुफ्त पढ़ाती हैं।''

''क्या नाम है उनका?'' गुप्ता जी ने पूछा।

''जी, साहब का नाम है प्रफुल्ल शर्मा'' ड्राइवर ने कहा।

''मोबाइल नंम्बर याद है उनका तुम्हें?'' गुप्ता जी की उत्सुकता के बाँध पहले ही ध्वस्त हो चुके थे। ड्राइवर ने अपने साहब प्रफुल्ल शर्मा का नम्बर गुप्ता जी को बताया। फिर गुप्ता जी ने उन्हें एक भावनात्मक संदेश व्हाट्सऐप पर भेजा। साथ ही उन्हें बताया कि आपके पुराने ड्राइवर रमेश यादव की नयी गाड़ी में बैठा हूँ। आपने जो उसके लिए किया है उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ हूँ...।''

दूसरी तरफ प्रफुल्ल शर्मा जी को अनजान नंबर से संदेश पाकर बड़ा आश्चर्य हुआ... ''क्या, यह मैसेज मेरे लिए है?'' उन्होंने वापस प्रतिक्रिया जाननी चाही। फिर गुप्ता जी ने विस्तार से प्रफुल्ल जी को पूरी कहानी बताई। पूरा संदेश आदान-प्रदान के बाद गुप्ता जी ने ये महसूस किया कि प्रफुल्ल साहब ने अपने ड्राइवर के लिए जो कुछ भी किया है, उसका रति भर भी श्रेय वे खुद नहीं लेना चाहते।

अंत में प्रफुल्ल बाबू ने गुप्ता जी को बस एक ही संदेश भेजा.... ''जनाब, रमेश मेरा ड्राइवर नहीं बल्कि मेरे लिए मेरे परिवार का एक अहम सदस्य है।"

गुप्ता जी की आँखें डबडबा गई और वे मन ही मन सोचने लगे..... ''यार, कौन कहता है बे कि इंसानियत मर चुकी है इस दौर में...''!!

अपने घर के मुख्य गेट पर पहुँचकर गुप्ता जी टैक्सी से उतर गए और ड्राइवर रमेश को उसके किराए के अतिरिक्त पाँच सौ रुपये का एक नोट थमाया और उससे कहा कि ''वापस अपने घर जाते समय बच्चों के लिए मिठाई खरीद लेना और उनसे बोलना कि एक अंकल ने भेजा है''...!!

ड्राइवर रमेश ने आँखों ही आँखों में गुप्ता जी को शुक्रिया कहा और फिर कुछ चिंतन करते हुए FM रेडियो का वॉल्यूम बढ़ाकर वहाँ से आगे बढ़ चला...!!

उस वक्त रेडियो पर गाना चल रहा था...
किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार...
किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार...
किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार...
जीना इसी का नाम है...!!

''यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है।''

– **आचार्य रामचंद्र शुक्ल**



''मैं एक मजदूर हूँ, जिस दिन कुछ लिख न लूँ, उस दिन मुझे रोटी खाने का कोई हक नहीं।''

– **प्रेमचंद**

पद्य खण्ड

मेरे-तुम्हारे बारे में

अमन कमार झा
हिंदी (प्रतिष्ठा) प्रथम वर्ष

मैं नहीं रहा अब कोमल, शांत स्वभाव सा,
हो गया हूँ अब विच्छिन्न हिय के ताव सा,
कुछ निर्मल कंकड़ों ने मुझे झनकारा था,
मैं दूर भाग रहा था उन्होंने मुझे पुकारा था।

मैं सरल, सुबोध प्राण अब नहीं,
चाहते जिसे सब इंसान वे अब नहीं,
सब अपना चाहते हैं प्रवास,
मुझे अब भा गया है मेरा निज आवास।

मैं नहीं चाहता जाना अब उस जल में,
जिससे निकल कर आया था इस थल में,
तुम्हारा मेरा और मेरा तुम्हें सब कुछ स्वीकार है,
पर स्वयं तुमसे विलग हो जाऊं,
क्या कहीं इतना भी मुझे अधिकार है?

मैंने सदैव समर्पण चाहा,
अतुलित स्नेह निधि से उसे ब्याहा,
सोचा, रचा और बना साथ तुम्हें सौंप दिया,
बदले में कुछ न चाहने का अधिकार भी खुद को न दिया।

बस इस सौहार्द को स्वीकार लो,
मेरी प्रतिछाया में ओ प्रेयसी!
अपने ये अश्रु कण तुम संवार लो।

एस्पायरेंट ऑफ अखण्ड भारत

मृदुल सक्सेना
बी.कॉम (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

मैं उस मिट्टी से हूँ
जिस मिट्टी में स्वयं
भगवान श्री राम ने बीज लगाए हैं

मैं उस स्थान से हूँ
जहाँ द्रुपद कन्या समराग्नि का जन्म हुआ था

मैं उस भूमि से हूँ
जहाँ सम्राट युधिष्ठिर और अशोक जैसे राजा थे

मैं उस देश से हूँ
जो एक धर्म की नहीं
अपितु अनेक कर्मों की भूमि है

मैं उस देश का आकांक्षी हूँ
जहाँ कुछ मील दूर पर ही
रूप, लिबास, भाषा और मजहब के साथ-साथ
पकवान भी बदल जाते हैं

मैं उस देश का आकांक्षी हूँ
जो मुझे भारत माता की जय
कहने पर गौरव कराता है

मैं तो सिर्फ अखण्ड भारत का आकांक्षी हूँ
मैं तो सिर्फ अखण्ड भारत का आकांक्षी हूँ

मार्ग दर्शन

मृदुल सक्सेना
बी.कॉम (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

द्वापर में कहा था
मैं कलयुग में भी आऊँगा

अब तो बीत गई देखते राहें
हम को भी अपने दर्शन करवाओ ना

जैसे भक्ति में लीन हुए प्रहलाद
वैसा मैं कैसे बन पाऊँगा

मैं तो एक साधारण व्यक्ति हूँ
मुझको भी अपने दर्शन कराओ न

सुना है आपके अनेक रूप हैं
एक रूप मुझको भी दिखलाओ न

मैं तो एक साधारण व्यक्ति हूँ
मुझको भी अपने दर्शन कराओ न

जैसे अर्जुन को दिखाया ब्रह्म रूप स्वप्न में
मुझको बस उसकी एक झलक दिखलाओ न

मैं तो एक साधारण व्यक्ति हूँ
मुझको भी अपने दर्शन कराओ न

आया हूँ मैं आपके प्रेम द्वार में
मेरा भी मार्ग दर्शन कराओ न

भूल गया हूँ चलते-चलते जीवन की राह
मुझको भी एक नई राह दिखाओ न

मैं तो एक साधारण व्यक्ति हूँ
मेरा भी मार्ग दर्शन कराओ न

बिंदी

निशा कुमारी
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

यह तुम्हारी बिंदी उफ्फ
यह मेरी आँखों को तुम्हारे
चेहरे पर ठहरने के लिए
मजबूर न जाने कर देती है
न जाने किस प्रकार का
आकर्षण समाये हुए है
इस बिंदी में चाह कर
भी नजर फेर पाना
नामुमकिन सा लगता है।

''कष्ट और विपत्ति मनुष्य को शिक्षा देने वाले श्रेष्ठ गुण हैं। जो साहस के साथ उनका सामना करते हैं, वे विजयी होते हैं।''

-लोकमान्य तिलक

''ये हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का मोल अपने खून से चुकाएं। हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आजादी मिले, हमारे अन्दर उसकी रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए।''

-सुभाष चन्द्र बोस

फर्ज

निशा
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

माँ ने अगर नौ महीने मुझे अपनी कोख में पाला है,
तो उसने भी मेहनत करके मुझे खिलाया है।
माँ की डांट और फटकार से,
उसने हमेशा मुझे बचाया है।
उसके शाम को घर आने से ही,
मेरा चेहरा खिलखिलाया है।
किराए के लिए दस रुपए मांगे,
तो उसने पचास का नोट हाथ में थमाया है।
उसने मुझ पर खुद की जान न्योछावर करके,
न जाने कौन-सा सुख पाया है।
बाबर अकबर का तो पता नहीं,
लेकिन मैंने उसे अपना बादशाह बनाया है।
फिर भी क्यों उसने माँ से कम दर्जा पाया है?
मम्मी की हूँ बेटी,
लेकिन उसने मुझे परी बनाया है।
जनाब....
मेरी माँ ने ही नहीं
मेरे पिता ने भी अपना फर्ज निभाया है।

नेता जी
(सुभाष चंद्र बोस)

ऋतिक रैना
हिंदी (प्रतिष्ठा) प्रथम वर्ष

रगों में जिसकी ताप था,
निडर था वो प्रचंड था।
विरोधियों के नाश का अभिन्न वो एक खंड था,
आजाद हिंद फौज का गठन था जिसने किया,
जय हिंद का नारा लिए आगे था चल दिया।
अंग्रेजों की गुलामी तो उसे कदापि न स्वीकार थी,
देख कर उसके हौसले अंग्रेजी ताकतें हैरान थी।
भारत की आजादी में महत्त्वपूर्ण उसका योगदान था,
हर एक भारतवासी की जुबान पर नेता जी-नेता जी ही नाम था।
पराक्रम व वीरता का जीता जागता वो उदाहरण था,
भारत माँ की सेवा का प्रण दिल में उसके धारण था।
उसे तो अपनी जान तक की परवाह न थी,
उसके कदमों ने न नापी हो ऐसी कोई राह न थी।
वह लड़ता रहा बढ़ता रहा देश की आजादी के लिए,
खुद वह अमर हुआ अंग्रेजों की बर्बादी के लिए।
उसने दिखाया था जो सपना आखिर वो पूरा हुआ,
पर क्यों उनकी मृत्यु का राज आज तक अधूरा रहा।
ऐसे देश भक्त पर हमें बहुत गर्व है,
उनके ही बलिदान से आज हर त्यौहार है हर पर्व है।
उनके इस बलिदान को व्यर्थ न हम जाने देंगे,
भारत के स्वाभिमान को ठेस तक न आने देंगे।
नेता जी के इस बलिदान को सिर झुका-झुका कर नमन है,
मेरा भारत विश्वगुरू बने यही मेरा स्वप्न है।

पिता जी की डायरी

गुलाम

रहीसुद्दीन अंसारी
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

एक दिन मैंने आलमारी खोली
देखी एक पुरानी डायरी
सन् 2000 था उस पर लिखा
पढ़ने की लालसा मे मैंने उठा ली
दर्ज था उसमें उन दिनों का हिसाब
जबसे पिता जी ने थी जिम्मेदारी संभाली
पहले पन्ने पर था दादा जी का नाम
बाकियों पर अपनी व्यथा उतारी
न उसमें सूखा गुलाब था कोई ,
न ही प्रेम पत्र - पत्रिकाएं थी
हाँ, उसमे बात थी पक्के घर की
जो उन्होंने कर्जे से बनाई थी
गाँव की मिट्टी की थी खुशबू
जो उस डायरी में समायी थी
जिक्र था उन स्याह रातों का भी,
जो बिना सोये गुजारी थी
जो ...बिन सोये गुजारी थी...
मेरा सारा बदन सिहर उठा
जब पन्ने पर आँसू की बूंद दिखाई दी
शब्दों की स्याही थी फैली
और टूटी टूटी सी लिखाई थी...
मैंने इस तरह पढ़ा उसे
जैसे हो आसमानी डायरी
एक दिन मैंने आलमारी खोली
देखी एक पुरानी डायरी।

क्या हम आजाद हैं?
क्या हम आजाद हैं नफरतो के जाल से?
या हम गुलाम हैं देश के इस माहौल में?
धर्म पूछ कर मौत देना ये कहाँ का कानून है
ये लहू जो बह रहा बेकसूर का खून है
इतना गुस्सा लोगों में किसने और क्यूँ भरा?
जवाब देदे कोई अगर तो यही सवाल है मेरा।
क्या हम आजाद हैं?

क्या हम आजाद हैं दिखावे की झूठी शान से?
भारत के लोग भी सोते हैं खुले आसमान में?
क्या यही वो हिन्दूस्तान है जिसे सपना बनाया था?
अम्बेडकर और भगत सिंह को रात भर जगाया था!
शहीदों की शहादत पर देश को गुमान है
ये मुद्दा अच्छा है क्योंकि अगले माह चुनाव है!!!
सरकारी दफतरों में बैठ कर देशभक्ति की बाते करते हैं
नोटो की चमक देख कर ही ईमानदारी भूल जाते हैं।
क्या हम आजाद हैं भ्रष्टाचार के इस खेल से?
या हम गुलाम हैं बेइमानी के जेल में?

क्या हम आजाद हैं? जाति धर्म के भेद भाव से?
या हम सवार हैं नफरतों की नाव में?
आजादी का दिन है आज तिरंगा फहराया जायेगा
फिर कल यही तिरंगा सड़क पर मिल जायेगा।
सवालों से भरा हूँ मैं जवाब की तलाश है
जो सोने की चिड़िया थी कभी उस भारत की मुझे तलाश है।
आजादी के 76 साल बाद भी सभी से ये सवाल है
क्या हम आजाद हैं? क्या हम आजाद हैं?

पिता

जीवन की संघर्षमयी आँधियों में
हौसलों की दीवार पिता हैं।।

ख्वाहिशें पूरी हुई वो खुशियाँ मेरी
पर उन खुशियों के द्वार पिता हैं ।।

जीवन की जिम्मेदारियों की राहों में
आशा रूपी रथ के सारथी पिता हैं।।

दिलाते सबको बराबरी का हक जो
वो ही मेरे आदर्श महारथी पिता हैं।।

मंजिल को पाने की राह मेरी है बस
पर मुश्किल राहों में विश्वास पिता हैं।।

दुनियां की भीड़ में खुद को पाने की
वो उम्मीद की एक धुधली आश पिता हैं।।

खिलौने तो बहुत सारे होते हैं बच्चों के
देख जिसे मुस्काते वो पिता हैं।।

बिखरते सपनों को देख जब टूटे वो, तो
उन सुकून भरे पलों में बिछौना पिता हैं।।

उन सपनों को हम पंख ही देते हैं बस
पर उन सपनों की ऊँची उड़ान पिता हैं।।

भाई बहन बंधु सखा सब रिश्ते निभाए
पर सब से रिश्तों की पहचान पिता है।।

बाहर से जो सख्त दिखे अंदर से है नर्म
जीवन के हर क्षण में खड़े रहे वो पिता हैं।।

ये वो भारत है

रितिका पांडेय
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

ये वो भारत है...
पुराना अखंड भारत नहीं है ये
जिसका सिक्का एशिया में चलता था
जो कभी रचा गया था गृहयुद्ध से
न कुरुक्षेत्र वाला वो महाभारत है ये
इस भारत से परे एक भारत है जो
ये वो भारत है...
योग संदेश दिया जिसने जग को
यह वो महा अखंड भारत है जो
विविधता में एकता का ले आदर्श
पूरी दुनिया में आज आदर्श बना है जो
ये वो भारत है...
सोचने जीने का अलग है तरीका जहाँ
होके सदियों पुराना भी, जो समय के पार है
अंतर्निहित भावना यही है इसकी जग में
भाईचारा सरहद पे मानव व्यवहार हो
अपनेपन में समेटकर रखता सबको जो
ये वो भारत है...
प्रकृति रक्षा अहम अनिवार्यता इसकी
कटु न हो विनम्र आग्रह से भरा हुआ है
यह होके विचारों की बहुलता से युक्त
सर्वांगीण दृष्टि लिए हुए है जग में जो
ये वो भारत है...
बीते असंख्य पलों का इतिहास सजोए
भविष्य की दृष्टि का अद्भुत प्रतीक है ये

ये वो भारत है

रितिका पांडेय
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

सभ्यता संस्कृति संस्कार खुद में पिरोए
सांस्कृतिक छत्रछाया में पला बढ़ा है जो
ये वो भारत है...
यह आशा रूपी भाषा की फुलवारी में
सजोए है भाषाओं की डाली डाली जो
वैदिक ज्ञान युक्त आधुनिक शिक्षा इसकी
है संस्कार सभ्यता की पहचान सजोए जो
ये वो भारत है...

वो पुराना समय

वो समय पुराना था
कपड़े नहीं थे पूरा तन ढकने को
फिर भी तन ढकने का लोग प्रयास करते थे
भंडार लगा है आज वस्त्रों का,
फिर भी लोग तन दिखाने का प्रयास करते हैं।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
साधन ही कम थे आवागमन के
फिर भी परिजनों से वो सदा मिलते थे
आवागमन के साधनों की भरमार है आज
फिर भी न मिलने के वो सदा बहाने बनाते हैं।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
पहले घर की बेटी पूरे गाँव की बेटी होती थी
आज के इस दौर का हाल देखो
घर की बेटी आज घर में ही असुरक्षित है।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
पहले लोग घर के बुजुर्गों का ही नहीं
नगर मोहल्लों में भी सबका हाल पूछते थे।
आज के इस दौर में बेटा ही,
वृद्ध माँ बाप को वृद्धाश्रम में खुद पहुँचाते हैं।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
खिलौनों की कमी थी उस वक्त
फिर भी मोहल्ले भर के बच्चे साथ खेलते थे
भरमार है आज खिलौनों की
फिर भी बच्चे मोबाइल से तारों में कैद हैं।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
घर के पशुओं के साथ-साथ ही,
गली मोहल्ले के पशुओं को भी रोटी दी जाती थी।
आज अन्न के भंडारे भी भरे हुए हैं
फिर भी मजबूरी में बच्चे भूखे ही सो जाते हैं।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...
वो समय पुराना था
पहले दूसरों के मेहमान को भी अपना समझते
पड़ोसी के रिश्तेदार का भी पूरा परिचय पूछ लेते थे।
पड़ोसी के रिश्तेदार को तो छोड़ो
आज तो वो पड़ोसी का भी नाम नहीं जानते हैं ।।
समाज सभ्य जो हो रहा है...

कल को खूबसूरत बनाना है

शिवांश द्विवेदी
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

आज जो ये है कल बीत जायेगा,
बाद में यही दिन तुझे याद आयेगा,

कल जब याद करेगा उसे तू,
बीता हुआ कल तुझे याद आयेगा।

बीते हुए लम्हें हैं, बीती हुई यादें,
बीते हुए पल, तुझे कल सताएगा,

आज जिसे कल के लिए ठुकरा रहा है तू,
वो बीता हुआ समय तुझे बहुत सताएगा।

बीता हुआ समय कभी लौट के न आयेगा,
ये बीता हुआ काल तुझे तड़पाएगा।

क्या हुआ जो कल तुम बिछड़ गए,
क्या हुआ कल को तुम भटक गए,

बीता हुआ समय कभी लौट के न आयेगा,
मगर आज जो है वो तुम्हारा कल बनाएगा।

क्या हुआ अगर तुमसे गलतियाँ हुई,
क्या हुआ अगर तुम टूट गए,
आसमान है ये धारा तुझे बताएगा,
आज के जो लम्हें जी रहे हो तुम,
ये ही तो भविष्य में तुम्हारा कल बनाएगा ।

बीता हुआ कल लौट के न आयेगा,
आने वाला कल आ ही जायेगा,

आज का काल जो है हाथों में ,
उसे सवार के हम यादें बनाएँगे।
बीता हुआ कल कभी लौट के न आयेगा,
बीता हुआ कल कभी लौट के न आयेगा...

आज मैंने कुछ देखा,
मैंने देखा लोगों को शहर छोड़ घर जाते हुए।

अपनी आशाओं को संजोते हुए, कर्म भूमि छोड़ घर जाते हुए मैंने देखा,
देखा उन्हें अटैचियाँ उठाते, पटरी किनारे सरपट भागते हुए देखा,
देखा उन आशाओं से भरी आँखों को, उन आराम मांगती बाँहों को मैंने देखा,

देखा कितना अकेला होता है इंसान पराए मुल्क में,
देखा उन अंजान निगाहों को घर का सुकून मांगते,
मैंने देखा कैसे बस्ते बैग झोले थैले लटकते हुए,
देखा उन बोझ भरी खूबसूरत आत्माओं को थक हारकर घर जाते हुए।

थकान बदन की कम थी, थकान बदन की कम थी
थी तो अपनो से बिछड़ने की
ये तन की थकान तो त्रिप्त हो जाती है
मन की थकान को कोई देखता तक नहीं।

भला हो उन लोगों का, भला हो उन लोगों का
जिन्होंने त्यौहार बनाए,

कल को खूबसूरत बनाना है

शिवांश द्विवेदी
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

बहाना ही सही पर लोग छुट्टी मनाने अपने घर आए।
इन अनंत अटैचियो में बंद हैं जाने कितने तोहफे
और खुशी के पल, क्या खूब बनेंगी...

मतलबी मतलबों से मतलब तुम समझाओगे
मतलब भरी इस दुनिया में तुम मुझे अब क्या
दिखलाओगे,
क्या खाक समझाओगे तुम मतलब ही दिखाओगे
मतलब की दुनिया है तुम मतलब पूरा होने पर सो जाओगे

मतलबी है सारे यहाँ तुम नया क्या दिखाओगे
सारे खाके थूक गए तुम भी वो ही कर जाओगे
न अपना न पराया तुम तो पूरा चूस जाओगे
तुम भी अपना मतलब पूरा करके हमको भूल
जाओगे

अपना और पराया में ज्यादा है फर्क नहीं
ऐसा नहीं है कि में हूँ गलत तुम हो सही ,
क्या थी मेरी ख्वाहिश मैंने चाही सच्ची यारी
तुमने देखा मुझे और दिखादी तुमने दुनियादारी

दुनिया से टूट के आया था मैं तेरे पास
लगाई थी तुझसे सच्ची दोस्ती की आस
दोस्ती तो दूर तूने न निभाई दुनियादारी
तूने पूरा खाके डकार तक न थी खाई

समय समझता है ये सारी दुनियादारी
समय छोड़ देगा समाज तुझे ही रिहाई
जितना बुरा था मैं आज तक था नहीं
सारी दुनिया देखेगी और कहे मुझको ही सही

आने दे वो समय जब तुझे होगी मेरी जरूरत
भूलूँगा न मैं तेरी बनाई हर वो सूरत
जिससे दिलाया था आसरा तूने मुझे ये
दुनिया दे न दे साथ हूँ मैं ही तेरे

समय आने दे समय का है अभाव अभी तो
आज मैं रहा हूँ घिस अपनी हर वो सूरत
जिसको चमकाना है मुझे कल दिखाना है
आज ही तुझे अपना कल बनाना है।

''विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।''

-रवींद्रनाथ ठाकुर

''हमें हार नहीं माननी चाहिए और समस्या को हमें हराने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।''

-ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

माँ

अंजलि कुमारी
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

खो जाऊँ अगर मैं आँचल में तेरे, तो मुझे खुदसे मिला देना माँ
और थक जाऊंगी जो चलते-चलते, मुझे अपने आँचल में ही सुला देना माँ

मैं नादान बहुत हूँ और समझदारी क्या होती है ये तू मुझे समझा देना माँ
और मैं गलतियाँ भी बहुत करूँगी, तू हँस के उन्हें भुला देना माँ

मैं डरती हूँ जमाने से, तू थोड़ा हिम्मत मेरे अंदर भी जगा देना माँ
और अगर कोई मुश्किल हल न हो मुझसे, तो मेरी मुश्किलों को अपनी एक मुस्कुराहट से भगा देना माँ

खो जाऊँ अगर मैं आँचल में तेरे, तो मुझे खुदसे मिला देना माँ
और थक जाऊँगी जो चलते-चलते, मुझे अपने आँचल में ही सुला देना माँ

एक शर्म का पर्दा

हर नजर की नजर से, हर पल खुद को बचाती बेटियाँ
एक शर्म का पर्दा है, उस पर्दे में खुद को छुपाती बेटियाँ

कौन कहता है पल-पल को मरती न बेटियाँ
सब कुछ सहती फिर भी आह तक न करती बेटियाँ

बाबुल के झरोखे से देखो इन्हें, न हँसती न रोती बेटियाँ
एक शर्म का पर्दा है, उस पर्दे में लिपट कर मुस्कुराती बेटियाँ

तुम क्या जानो कितनों ने इन्हें क्या-क्या कहा है
बेशरम हैं वो जिन्होंने बेटियों को कम समझा है

कदम बढ़ाती बेटियाँ

अंजलि कुमारी
हिंदी (प्रतिष्ठा) द्वितीय वर्ष

कदम-कदम पे मुश्किलें हैं राहों में, फिर भी कदम बढ़ाए चलती बेटियाँ
एक शर्म का पर्दा है, उस पर्दे में रहकर खुशी के गीत गुनगुनाती बेटियाँ

घर में सजाने की बेटियाँ कोई चीज नहीं
ये रीत पुरानी थी, ये रीत अब गई

घर से निकलकर दुनियाभर में राज करती बेटियाँ
एक शर्म का पर्दा है, उस पर्दे को अब हटाती बेटियाँ

फूल सी खिलेंगी खुशबू बन महकेंगी, इन्हें विश्वास तो दिलाओ
इन फूलों को थोड़ा आत्म-सम्मान का पानी तो पिलाओ

धीरे-धीरे सपनों की ओर कदम बढ़ाती बेटियाँ
एक शर्म का पर्दा है, पर्दा हटाकर नाम रौशन करती बेटियाँ।

''पेड़ों के झुनझुने, बजने लगे,
लुढ़कती आ रही है,
सूरज की लाल गेंद
उठ मेरी बेटी सुबह हो गई''

-सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

काश तुम चेत जाते

आयुष कुमार पाल
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

काश तुम चेत जाते
मैं भी खिन्न हो जाता हूँ कभी,
जवाब नहीं देते जब तुम कभी,
मेरे इंतजार का भी इम्तिहान है,
काश एक आह्वाहन से तुम आ जाते,
यूँ न इस पतित को पताते,
एक पल सोचने लगता हूँ,
कि कैसे समझूं,
और समझाऊँ तुम्हें,
मानो तुम मेरी सेवा समर्पित,
पल को आत्मसम्मान नहीं,
बस इतना जानकर मुझे कह जाते,
काश तुम चेत जाते,
मेरे प्रिय चेत जाते।

''जो आत्म अनुशासन नहीं रख सकता, वह दूसरों को अनुशासन का पाठ कैसे पढ़ा सकता है।''

-सूत्रकृतांग

ये कैसा न्याय है?

सुमन सिंह
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

पाल पोसकर अपना फर्ज निभाया था,
और जब हमारी बाजी आई तो,
हमें दूसरे घर भिजवाया था,
न जाने कैसा न्याय है ऐ ईश्वर,
ईश्वर मैं आपसे पूछती हूँ कि,
कोई लड़की अपने माता-पिता के पास हमेशा नहीं रुक सकती...
जब सुमन ने रुकने की ठानी तो
इस समाज ने तानों का बड़ा पोटला बनाया था,
यह कैसा न्याय है ईश्वर, यह कैसा न्याय है ईश्वर,
माना सिर्फ माँ बाप का फर्ज है पाल पोसकर बड़ा करना,
जरा हम बेटियों को भी मौका दीजिये
अपने माँ बाप के बुढापे का सहारा बनना,
ये समाज कहता है कि बुढ़ापे के सहारे तो सिर्फ लड़के होते हैं,
जरा ये समाज हम लड़कियों से भी तो पूछे क्या चाहते हैं हम,
हम लड़कियों को तो पराया धन बोलते हैं,
हे ईश्वर ये कैसा न्याय है, हे ईश्वर ये कैसा न्याय है,
हे ईश्वर पूछती हूँ मैं आपसे ये कैसी रीत बनाई है,
सिर्फ लड़कियाँ ही परायी हैं, लडके क्यों नहीं?
ये कैसा न्याय है ईश्वर, ये कैसा न्याय है!

शायरी

न जाने किस राह पे थी मैं,
न जाने किस राह पे थी मैं,
आपकी शुद्ध वाणी ने मुझे उस राह पे ला दिया,
जहाँ मुझे चलना चाहिए था।
हम आपके बारे में क्या कहें
जितना कहने की कोशिश करते हैं,
उतना ही कम पड़ जाता है।
मेरी इस प्यारी सी जिंदगी में,
मेरी प्यारी मैम ने आकर इसे और भी प्यारा बना दिया है,
ऐसा लगता है एक ख्वाब जिंदगी नहीं
माँ की तरह प्यार करती है वो,
मेरे चेहरे के हालात को भी पहचान लेती है,
और कोई नहीं मेरी प्यारी अवंतिका मैम हैं।
इतनी सुंदर वाणी है उनकी
इतनी सुंदर वाणी है उनकी
कि मन करता है सुनते जाओ,
बस सुनते जाओ
क्या आवाज है उनकी और क्या गीत गाती हैं
ऐसा लगता है कि कोई परियों के शहर से
कोई गायिका आई है
कसम से मोहब्बत हो गई है आपसे
मन करता क्लास-क्लास लेते ही जाओ,
क्लास लेते ही जाओ, क्लास लेते ही जाओ।
क्या चेहरा है उनका और क्या आवाज है उनकी
चेहरा है उनका और क्या आवाज है उनकी
माशाल्लाह एक बार सुन लो तो,
सीधा दिमाग से दिल पर उतरती है।

एम्स की हवा

शबनम बानो
हिंदी (प्रतिष्ठा) तृतीय वर्ष

रोज-रोज लगती है, लम्बी कतार।
हर ओपीडी पर होती भीड़ अपार।।

कदम-कदम पर एक नया रास्ता।
यहाँ किसी को नहीं किसी से वास्ता।।

हर चेहरे ने छुपा रखा है, दर्द-ए-जिंदगी।
खुदा से पहले यहाँ डॉक्टर से है बन्दगी।।

